


पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, सोमवार, 10 जून , 2024 | वर्ष-17 | अंक -65 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



जम्मू-कश्मीर में नई औद्योगिक एस्टेट के... 02
■ भीषण गर्मी के बीच गहरा सकता है जल संकट
■ राजधानी में गलत नंबर प्लेट में ट्रैफिक पुलिस... 03
■ गाजा में इजरायली हवाई हमले में 210 ...
■ अमेरिका ने नाइजीरिया से सैनिकों की वापसी शुरु ... 07
खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके ... 10

# लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी

## राजनाथ, शाह, गडकरी, ज्योतिरादित्य समेत 30 ने कैबिनेट मंत्री के रूप में ली शपथ

**नई दिल्ली,** 9 जून (देशबन्धु)। नरेंद्र मोदी ने रविवार की शाम को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में शपथ दिलाई। वे जवाहर लाल नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। मोदी ने ईश्वर के नाम की शपथ ली। इसके बाद राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा और शिवराज सिंह चौहान ने शपथ ली। मोदी समेत 72 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मिनिस्टर और 5 स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 36 राज्य मंत्री बनाए गए। राष्ट्रपति भवन में 7 देशों के नेताओं के अलावा देश के फिल्म स्टार भी इस समारोह में पहुंचे। इनमें अक्षय कुमार, शाहरुख खान, विक्रांत मेसी और राजकुमार हिरानी शामिल हैं। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी भी मौजूद रहे।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व इस बार विदिशा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए शिवराज सिंह चौहान पहली बार मोदी सरकार का हिस्सा बने हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के उपरांत शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। शिवराज सिंह चौहान के बाद पिछली सरकार में वित्त मंत्री रही निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद डॉ. एस जयशंकर ने मंत्री पद की शपथ ली, पिछली सरकार ने वह विदेश मंत्री थे।



शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कई विदेशी मेहमान राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मौजूद थे। इनमें नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के प्रधानमंत्री व मालदीव के राष्ट्रपति शामिल थे। सेशेल्स के उप-राष्ट्रपति, अहमद अफीफ व मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी यहां पहुंचे।

### राजघाट व सदैव अटल जाकर श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मनोनीत नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वह इंडिया गेट स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक भी गए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

- 5 स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और 36 राज्यमंत्री बनाए गए
- मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान भी शामिल
- शपथ ग्रहण समारोह में कई विदेशी मेहमान भी शामिल हुए
- अक्षय कुमार, शाहरुख खान, मुकेश अंबानी भी मौजूद रहे

### समारोह में शामिल हुआ किन्नर समाज

नई दिल्ली। शपथ ग्रहण में देश-विदेश के नेता, सफाई-कर्मचारी, सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में काम करने वाले मजदूर-कर्मचारियों के अलावा किन्नर समाज के सदस्य भी पहुंचे । शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंची किन्नरों ने डांस किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही है कि हम शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं। आज से पहले हमें कभी भी ऐसा मौका नहीं मिला था। हम पीएम को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। किन्नर समाज की एक सदस्य ने बताया कि यह हमारे समाज के लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में हमें बुलाया गया है।

### अजित पवार बोले, राज्य मंत्री पद स्वीकार नहीं

मोदी कैबिनेट में जगह को लेकर राजग में नाराजगी अभी से बढ़ गई है। महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख अजित पवार ने नाराजगी की खबरों पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि एनसीपी ने कैबिनेट मंत्री पद की मांग की थी, लेकिन उन्हें राज्य मंत्री का पद दिया जा रहा था। इसलिए कोई भी मंत्री नहीं बन रहा है। अजित पवार ने कहा, प्रफुल्ल पटेल (एनसीपी नेता) केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं और हमें स्वतंत्र प्रभार वाला राज्य मंत्री लेना सही नहीं लगा। इसलिए हमने उनसे (भाजपा से) कहा कि हम कुछ दिन इंतजार करने को तैयार हैं, लेकिन हमें कैबिनेट मंत्रालय चाहिए।

### 100 दिनों का रोडमैप है तैयार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह से पहले नरेंद्र मोदी ने अपने संभावित मंत्रियों को पीएम आवास पर बुलाकर कामकाज को लेकर अहम दिशा-निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि 'चाय पर चर्चा' के दौरान नरेंद्र मोदी ने अपने संभावित मंत्रियों को सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों से अवगत कराते हुए कहा कि विभाग (मंत्रालय) कोई भी मिले, लेकिन सभी को इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि पहले से चल रही तमाम परियोजनाएं समय पर पूरी हो। नरेंद्र मोदी ने अमृतकाल के एजेंडे का जिक्र करते हुए कहा कि हम सभी को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम करना है। सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों का एजेंडा तैयार है, जिस पर सभी को तेजी से काम करना है।

# श्रीनगर में श्रद्धालुओं की बस पर हमला, 10 की मौत

**श्रीनगर,** 9 जून (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने श्रद्धालुओं को ले जा रही बस पर हमला किया है।

- आतंकी हमले के बाद बस खाई में गिरी
- घटनास्थल से गोलियों के खोखे मिले
- कटरा से शिव खोड़ी मंदिर जा रही थी बस



इसमें 10 लोगों के मारे गए हैं, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। नई दिल्ली में जब मोदी और नई कैबिनेट के शपथ ले रहे थे, तब यह हमला हुआ।

यह हमला रियासी जिले के कंदा इलाके में हुआ। आतंकियों ने बस पर ओपन फायर किया, जिसमें ड्राइवर घायल हुआ और उसका बस से कंट्रोल खो गया। इसके चलते बस खाई में गिर गई। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बस में सवार अन्य यात्रियों का रेस्क्यू जारी है। बस श्रद्धालुओं को लेकर कटरा से शिव खोड़ी मंदिर जा रही थी। शिव खोड़ी मंदिर माता वैष्णो देवी का बेस कैंप है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई एयरफोर्स के जवानों पर हुए आतंकी हमले में एक जवान शहीद हो गया था।दरअसल, हमले में पांच जवान घायल हुए थे, जिन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई।

यह हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में हुआ। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं।

## सार संक्षेप

### तेज रफ्तार ऑडी ने टक्कर मारी, एक की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में रामजस कॉलेज के मेन गेट के पास तेज रफ्तार ऑडी क्यू3 ने बेंच पर बैठे दो लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि ड्राइवर ने कार पर से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण ये हादसा हुआ। मृतक की पहचान गोविंद (45) के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान अशोक के रूप में हुई है। दोनों पेशे से रिक्शा चालक हैं।

### त्रिपुरा में सीमा पर गोलीबारी में बांग्लादेशी तस्कर की मौत



**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर रविवार को एक गिरोह ने बीएसएफ के जवानों को घेर लिया। इसके बाद जवानों ने फायरिंग की। इस दौरान गोली लगने से एक बांग्लादेशी तस्कर मारा गया। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया, भारत-बांग्लादेश सीमा पर कलमचेरा में नियमित गश्त के दौरान जवानों ने कुछ लोगों के समूह को चुनौती दी। समूह के लोग भारतीय सीमा से सामान की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे।

### आंध्र प्रदेश में अगले पांच दिनों में तूफान आने का अनुमान



**अमरावती।** उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश और रायलसीमा में अगले पांच दिनों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं।

# भाजपा को वोट न देने वाले मराठों को किया जा रहा प्रताड़ित : जरांगे

**मुंबई,** 9 जून (एजेंसियां)। रविवार को मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कुछ लोगों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने शिकायत की कि ये लोग लोकसभा चुनाव में बीड में भाजपा को वोट न देने पर मराठों पर हमला कर रहे थे। जरांगे ने शनिवार को अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया। जिसमें मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग की गई। इसमें मराठा समुदाय के सभी रक्त संबंधियों को कुनबी के रूप में मान्यता दी गई है।

साथ ही कुनबी को मराठा के रूप में पहचानने के लिए कानून बनाने की मांग की गई है। अंतरवाली सारथी गांव में अपने अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन जरांगे ने दावा किया कि बीड जिले के कुछ गांवों में मराठों पर भाजपा की पंकजा मुंडे को वोट न देने पर हमला किया जा रहा है। हाल ही में हुए चुनावों में एनसीपी (एसपी) उम्मीदवार बजरंग सोनावणे से हार गई थीं। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस और बीड के पुलिस अधीक्षक से ऐसी हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने बताया कि भाजपा को वोट न देने पर मराठों को प्रताड़ित किया गया। साथ ही मराठा युवाओं से शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का आग्रह किया। एक कार्यकर्ता ने कहा कि मराठा हितों का विरोध करने वाले नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में परिणाम भुगतने होंगे। बता दें कि कुनबी, एक कृषि समूह है। जो पिछड़ा वर्ग श्रेणी में आता है। मनोज जरांगे की मांग है कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। जिससे वे कोटा लाभ के पात्र बन सकें। कार्यकर्ता ने मराठों को खेती पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।



- वोट न देने पर मराठों पर हमला कर रहे थे
- हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील

नीट विवाद पर राहुल का सरकार पर हमला

# परीक्षा ने 24 लाख से ज्यादा बच्चों के परिवार को तोड़ा

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफिया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफिया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है।

श्री गांधी ने रविवार को कहा, नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक स्टूडेंट्स और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है। उन्होंने कहा, शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस 'पेपर लीक उद्योग' से निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक रोबस्ट प्लान बनाया था। हमने अपने मैनिफेस्टो में कानून बना कर छात्रों को 'पेपर लीक से मुक्ति' दिलाने का संकल्प लिया था।



- राहुल बोले, कांग्रेस ने माफिया तंत्र को खत्म करने का संकल्प लिया है

### संसद में आवाज उठाउंगा

आज मैं देश के सभी स्टूडेंट्स को विश्वास दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज बन कर आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाऊंगा। युवाओं ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है, गठबंधन उनकी आवाज को दबने नहीं देगा।

### रायबरेली और वायनाड का दौरा करेंगे


कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस बार लोकसभा चुनाव में दो सीटों पर जीत दर्ज की है। पहली सीट केरल की वायनाड और दूसरी उत्तर प्रदेश की रायबरेली है। इन दोनों ही सीटों से चुनाव जीतने के बाद राहुल गांधी पहली बार वायनाड और रायबरेली का दौरा करने वाले हैं। राहुल गांधी मंगलवार (11 जून) को अपनी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ रायबरेली जाएंगे। चुनाव जीतने के बाद राहुल गांधी का अपने परिवार के साथ रायबरेली का पहला दौरा होने वाला है। रायबरेली के बाद राहुल गांधी केरल के वायनाड में बुधवार (12 जून) को जाएंगे। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से 2019 के चुनाव में भी सांसद चुने गए थे। इस बार भी वायनाड की जनता ने कांग्रेस नेता को भारी मतों से जिताया है।

कंगना के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा

# किसानों ने कुलविंदर कौर के समर्थन में इंसाफ मार्च निकाला

**मोहाली,** 9 जून (एजेंसियां)। पंजाब में मोहाली के गुरुद्वारा अंब साहिब से किसान संगठनों ने रविवार को कुलविंदर कौर के समर्थन में इंसाफ मार्च निकाला।

भारी संख्या में किसान श्रृंखला बनाकर मार्च में कंगना मुर्दाबाद ,कुलविंदर जिंदाबाद के नारे लगाए। किसानों ने शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक( एसएसपी) मोहाली कार्यालय तक पैदल इंसाफ मोर्चा निकालने की घोषणा की थी। किसान इंसाफ मोर्चा ने एसएसपी कार्यालय तक मार्च निकाला। इस दौरान वह कुलविंदर कौर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की। गौरतलब है कि 06 जून सुरक्षा कर्मी कुलविंदर कौर ने बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश की मंडी से सांसद कंगना रनौत को चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर थप्पड़ मारा था जिसके बाद कुलविंदर कौर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। कुलविंदर कौर का कहना है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना ने कहा था कि यह धरने पर सभी महिलाएं 100-100 रुपए लेकर बैठी हैं उस दौरान उसकी मां भी वहीं थी, जिससे वह बहुत आहत थीं।



कुलविंदर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की मांग

### कंगना ने डीजी से सुरक्षा का अनुरोध किया

**शिमला।** अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रनौत ने हाल ही में चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर उन्हें कथित तौर पर उन्हें थप्पड़ मारे जाने की घटना के बाद हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक कांस्टेबल ने शुक्रवार को सुश्री रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। घटना के बाद सांसद ने शनिवार को पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा को भेजे गए ईमेल में अनुरोध किया कि खतरे के स्तर को देखते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

# नवीन पटनायक के करीबी पांडियन ने राजनीति छोड़ी

**भुवनेश्वर,** 9 जून (एजेंसियां)। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी.के. पांडियन ने रविवार को सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया। पांडियन ने रविवार को एक वीडियो जारी कर अपने फैसले की घोषणा की। पूर्व आईएएस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज पर यह फैसला किया है। उन्होंने हाल ही में विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार की तरफ इशारा करते हुए कहा कि वह कुछ पॉलिटिकल नैरेटिव का समय पर जवाब देने में असफल रहे। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर विरोधी दलों द्वारा लगाये गये आक्षेप यदि इस चुनाव में पार्टी की हार का कारण रहे हैं तो वह इसके लिए माफी चाहते हैं। ओडिशा की 147 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा को 78 और बीजू जनता दल को 51 सीटों पर जीत मिली है। कांग्रेस ने 14 और माकपा ने एक सीट जीती जबकि तीन निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे। वहीं, लोकसभा की 21 सीटों में से 20 भाजपा के खाते में और एक कांग्रेस के खाते में गई जबकि बीजद एक भी सीट नहीं जीत सकी। इस हार से साथ ही राज्य में 24 साल से ज्यादा चली नवीन पटनायक की बीजद सरकार के हाथ से सत्ता चली गई।



- अंतरात्मा की आवाज पर किया फैसला

# गुजरात में 16 करोड़ की चरस मिली

**द्वारका,** 9 जून (एजेंसियां)। गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में समुद्र तट पर 16 करोड़ रुपये मूल्य के चरस के लावारिस पैकेट जब्त किए गए है। एक अधिकारी ने बताया कि वरवाला के पास तट पर मादक पदार्थ से भरे तीन बोरे मिले। देवभूमि द्वारका के पुलिस अधीक्षक नितेश पांडे ने कहा, तट पर गश्त के दौरान, स्थानीय पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) के कर्मियों को दो रात पहले वरवाला के पास प्लास्टिक के तीन बोरे मिले, जिनमें 30 पैकेट थे। उन्होंने कहा कि सत्यापन के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के अधिकारियों को बुलाया गया और पता चला कि पैकेटों में 32 किलोग्राम चरस है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 16 करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि द्वारका पुलिस थाने में स्वापक औषधि एवं मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**अधिकारी बोले, समुद्र से बहकर आया**

परेशानी | *15वीं कोर के जीओसी ने की पुष्टि*

# जम्मू-कश्मीर में 70 से ज्यादा विदेशी आतंकवादी सक्रिय

**श्रीनगर, 9 जून (एजेंसियां)। श्रीनगर स्थित सेना की 15वीं कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने रविवार को केंद्र शासित प्रदेश में विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन द्वारा बताए गए आंकड़ों की पुष्टि की।**

उत्तरी कश्मीर के बारामूला में जनरल बिपिन रावत स्टेडियम में कारगिल के युद्धवीरों के सम्मान समारोह से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा, डीजीपी आर.आर. स्वैन ने जम्मू-कश्मीर में 70-80 विदेशी आतंकवादियों के सक्रिय होने की जो बात कही है वह सही है। जीओसी ने कहा कि सुरक्षा बलों ने अब स्थानीय की बजाय विदेशी आतंकवादियों पर फोकस करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, सभी सुरक्षा एजेंसियां पूरे तालमेल के साथ इन विदेशी आतंकवादियों से निपट रही हैं। दक्षिण कश्मीर में सबसे लंबे समय तक एलईटी का कमांडर रहे रियाज दार के मारे जाने पर जीओसी ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ हर अभियान सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में एलओसी पर हालात स्थिर हैं। उन्होंने सेना के हिमालयन रेजिमेंट की तारीफ करते हुए कहा, कारगिल युद्ध में इस रेजीमेंट ने दुश्मनों को करारी शिकस्त दी। जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा कि घाटी में सुरक्षा के हालात स्थिर बने हुए हैं और आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान हालत स्थिर बनाए रखने के लिए सभी उपाय किए गए हैं।

- सुरक्षा बलों ने विदेशी आतंकवादियों पर फोकस करना शुरू किया



# देश

**उवाच** “



मोदी ने तेलंगाना में कांग्रेस की विफलता एवं भाजपा की सीटें बढ़ने की बात कही वहीं उन्होंने यह नहीं बताया कि भाजपा 240 सीटों तक सीमित क्यों रही और उसे पहले की तुलना में कम सीटें कैसे मिलीं।

**-जी निरंजन, टीपीसीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.0 | 30.0 |
| मुंबई | 30.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 29.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 30.0 |

# मोदी की पास जवाहरलाल नेहरू जैसा जनादेश नहीं : तृणमूल कांग्रेस

## भाजपा पर तंज कसते हुए की मोदी की आलोचना

**कोलकाता,** 9 जून (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि भले ही वो तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले रहे हों, लेकिन उनके पास जवाहरलाल नेहरू जैसा जनादेश नहीं है। जवाहर लाल नेहरू भी तीन बार प्रधानमंत्री रहे थे। रविवार को नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण समारोह में कई सारे विदेशी नेता भी शामिल हुए, लेकिन विपक्ष को आमंत्रण न मिलने के चलते बवाल पैदा हो गया था।

हालांकि देर शाम कई विपक्षी दलों के नेताओं को आमंत्रण भेजे गए। जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आमंत्रण स्वीकार कर लिया है, वहीं तृणमूल कांग्रेस ने समारोह में शामिल होने से मना कर दिया। सुदीप बंद्योपाध्याय को लोकसभा में टीएमसी का नेता फिर से चुना गया। टीएमसी नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि नरेंद्र मोदी भले ही तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले रहे हों, लेकिन उनके पास जवाहरलाल नेहरू जैसा जनादेश नहीं है, जो लगातार तीन बार प्रधानमंत्री रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों ने उनके पक्ष में कुछ राय जरूर दी है, लेकिन यह नेहरू जी की तरह नहीं है उन्हें जनादेश मिला था। बंद्योपाध्याय ने यह भी कहा कि सरकार ने शपथ ली, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार ठीक है।



जवाहर लाल नेहरू भी तीन बार रहे थे प्रधानमंत्री : सुदीप बंद्योपाध्याय

इसी बीच सागरिका घोष ने एक्स पर लिखा कि आदरणीय राष्ट्रपति भवन। आपके इस स्नेहपूर्ण निमंत्रण के लिए धन्यवाद। मुझे खेद है कि चूंकि हम विपक्ष में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण की नैतिक वैधता को स्वीकार नहीं करते हैं, जिन्होंने लोगों का जनादेश खो दिया है, इसलिए मैंने इसमें शामिल न होने का व्यक्तिगत फैसला किया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने शनिवार को नवनिर्वाचित सांसदों से मुलाकात की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होगी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के खाते में 293 सीटें आई हैं।

### विपक्ष की भूमिका सकारात्मक होगी : बंद्योपाध्याय

तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि हमारी नेता ममता बनर्जी ने गत दिनों घोषणा की है कि यह सरकार लंबे समय तक नहीं चल सकती। जवाहर लाल नेहरू ने 1962 में तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उस समय कांग्रेस ने 361 सीट जीती थी। इस चुनाव में अपनी बढ़त से उत्साहित विपक्ष की संसद के कामकाज में क्या भूमिका होगी इस पर सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि विपक्ष की भूमिका सकारात्मक होगी। उन्होंने कहा कि हम अपने फैसले खुद लेंगे, हम इंडी गठबंधन के भी भागीदार हैं। अगर सदन में सही तरीके से प्रबंधन हो तो विपक्ष की भूमिका अधिक रचनात्मक होगी।

जबकि, इंडिया गठबंधन ने 234 सीटों पर जीत दर्ज की। अन्य के खाते में 17 सीटें आई। भाजपा लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा ने 240 सीटों पर जीत हासिल की है। हालांकि, भाजपा की 2019 के मुकाबले 63 सीट कम है। तीसरे कार्यकाल में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बनने जा रही है।

# मोदी 3.0 कैबिनेट में इन मंत्रियों ने ली शपथ



**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम मोदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पीएम मोदी ने शपथ ग्रहण करने के साथ देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर ली, जो इससे पहले लगातार तीन बार देश के पीएम रह चुके हैं। नरेंद्र मोदी के बाद दूसरे नंबर पर राजनाथ सिंह और तीसरे नंबर पर अमित शाह ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में नितिन गडकरी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण, एस. जयशंकर ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया। वह करनाल लोकसभा सीट से जीतकर पहली बार संसद पहुंचे हैं।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने मोदी 3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। भाजपा नेता पीयूष गोयल ने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। वह मोदी सरकार में तीसरी बार मंत्री बने हैं।

इसके अलावा धर्मेंद्र प्रधान, जीतनराम मांझी ने मोदी 3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। मांझी पहली बार केंद्रीय में मंत्री बने हैं। जेडीयू नेता और बिहार के मुंगेर से सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पहली बार केंद्र में मंत्री बने हैं। असम के पूर्व मुख्यमंत्री और असम के डिब्रूगढ़ से भाजपा सांसद सर्बानंद सोनेवाल, एमपी के टीकमगढ़ से भाजपा सांसद वीरेंद्र कुमार, आंध्र प्रदेश की श्रीकाकुलम से लोकसभा सीट से तेलुगु देशम पार्टी के सांसद राममोहन नायडू, भाजपा नेता प्रल्हाद जोशी, जुएल उरांव कैबिनेट मंत्री बने।

गिरिराज सिंह, अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह शेखावत, अन्नपूर्णा देवी, किरेन रिजिजू, हरदीप सिंह पुरी, मनसुख मांडविया, जी. किशन रेड्डी, चिराग पासवान, सीआर. पाटिल ने एनडीए सरकार में मंत्री पद की शपथ ली।

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

राव इंद्रजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, अर्जुन राम मेघवाल, प्रताप राव जाधव, जयंत चौधरी, जितिन प्रसाद, श्रीपद यशो नाइक, पंकज चौधरी, कृष्णपाल गुर्जर, रामदास अठावले, रामनाथ ठाकुर, नित्यानंद राय, अनुप्रिया पटेल, वी. सोमन्ना, चंद्रशेखर सम्मानी, एसपी सिंह बघेल, शोभा करांदलाजे, कीर्तिवर्धन सिंह, बनवारी लाल वर्मा, शांतनु ठाकुर, सुरेश गोपी, एल मुरुगन, अजय टम्टा, बी. संजय कुमार, कमलेश पासवान, भागीरथ चौधरी, सतीश दुबे, संजय सेठ, रवनीत सिंह बिट्टू, दुर्गादास उइके, रक्षा खडसे, सुकांत मजूमदार, सावित्री ठाकुर, तोखन साहू, राजभूषण निषाद, भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा, हर्ष मल्होत्रा, नीमूबेन बमभानिया, मुरलीधर मोहोल, जॉर्ज कुरियन, पबित्रा मार्गेरिटा।

प्रधानमंत्री मोदी की नई टीम में इस बार 30 कैबिनेट मंत्री, 5 स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 36 राज्य मंत्री शामिल हैं। ये सभी मंत्री देश के 24 राज्यों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

पीएम मोदी के नए मंत्रिमंडल में 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्री शामिल हैं। इसमें 18 वरिष्ठ मंत्री भी शामिल हैं।

नए मंत्रिमंडल में 11 एनडीए सहयोगी दलों से मंत्री बनाए गए हैं। इसमें से 43 ऐसे सांसद मंत्री बने हैं, जो संसद में तीन या उससे अधिक कार्यकाल तक सेवा दे चुके हैं। इसके साथ ही 39 ऐसे मंत्री बनाए गए हैं, जो पहले भी भारत सरकार में मंत्री रह चुके हैं। मंत्रिमंडल में कई पूर्व मुख्यमंत्री, 34 राज्य विधानसभाओं में सेवा दे चुके सदस्य और 23 राज्यों में मंत्री के रूप में काम कर चुके सदस्यों को भी सांसद चुने जाने के बाद जगह दी गई है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति स्थिर : राजीव घई

**श्रीनगर।** सेना की श्रीनगर स्थित 15वीं कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने रविवार को कहा कि कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति स्थिर है। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले के जनरल बिपिन रावत स्टेडियम में कारगिल युद्ध में भाग ले चुके पूर्व सैनिकों के सम्मान समारोह से इतर कहा कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को स्थिर रखने के लिए सभी उपाय किए गए हैं। जम्मू-कश्मीर में इस वर्ष होने वाले विस चुनावों से पहले की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सुरक्षा स्थिति को स्थिर रखने के लिए सभी उपाय किए गए हैं।

### मप्र में सड़क हादसे में दो युवतियों की गई जान

**नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के ठेमी थाना क्षेत्र में एक ट्रक ने दुपहिया वाहन में सवार तीन युवतियों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो युवतियों की मौत पर मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के बेलखेडी और सूरवारी के बीच नहर के पास गत शाम तीन युवतियां स्कूटी से बरहटा के पास टोनघाट पिकनिक स्थल जा रही थी, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में नितिका साहू एवं नितिका ठाकुर की मौके पर मौत हो गई है। वहीं दुपहिया वाहन चला रही सिमरन ठाकुर को घायल होने पर उपचार के बाद घर पहुंचा दिया गया है। पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया है। मगर चालक मौके से फरार हो गया है।

### तेलंगाना सरकार ने की पेंशन सुधारों के निपटारे की घोषणा

**खम्मम।** तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी.श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को पेंशन सुधारों और भूमि संबंधी मुद्दों के समाधान की घोषणा की और कहा कि पिछली सरकार में अपात्र व्यक्तियों को दी जाने वाली पेंशन बंद कर दी जाएगी। थिरुमालयपालम में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए राजस्व अधिकारियों से भूमि संबंधी मुद्दों को तुरंत हल करने के लिए ग्राम सभाएं आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनके ध्यान में लाए गए भूमि संबंधी किसी भी लंबित मुद्दे का तत्काल निराकरण किया जाएगा।

### महाराष्ट्र कृषि विभाग का व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र कृषि विभाग ने रविवार को किसानों के लिए शिकायत व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी किया। एक प्रेस बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में बताया गया कि राज्य के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे के निर्देशानुसार नंबर 9822446655 सक्रिय और जारी किया गया है।

# चम्पाई सोरेन ने बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रांची,** 9 जून (एजेंसियां)। झारखंड में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान एवं संग्रहालय परिसर, कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल एवं बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा नमन किया।



मौके पर मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा की लड़ाई लड़ी। यहां के आदिवासी-मूलवासी के हक, अधिकार एवं अस्मिता की लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जो सीएनटी/एसपीटी एक्ट बना है यह हमारे पूर्वजों का ही देन है, यह कानून राज्य के आदिवासी एवं मूलवासियों के लिए सुरक्षा कवच है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन हम सभी लोग धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को सहृदय याद करते हैं और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हैं। वहीं आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि अवसर पर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हमारे प्रेरणा श्रोत हैं। उनका साहस, नेतृत्व और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए बलिदान, हमें सदा प्रेरित करता रहेगा। हम सभी को उनके विचारों को आत्मसात करने और उनके दिखाए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है।

# मध्य प्रदेश में नर्सिंग घोटाले को लेकर युवा कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

## मंत्री सारंग का घेरा बंगला, पुलिस से धक्का-मुक्की हुई

**भोपाल,** 9 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज में हुए घोटाला की जांच सीबीआई कर रही है। इसे लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर रही है। रविवार को एमपी के युवा खेल और कल्याण मंत्री विश्वास सारंग का बंगला घेराव करने पहुंचे युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह यादव को कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मंत्री के बंगले के पहले रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया है। इसके बाद भी कार्यकर्ता अध्यक्ष के साथ आगे बढ़ रहे थे। युवक कांग्रेस की प्रदर्शन की चेतवानी के बाद प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली थी। प्रशासन ने



प्रदर्शनकरियों को रोकने के लिए रास्ते भर में कई बैरिकेडिंग किए गए। बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया। वाटर कैनन और राइट कंट्रोल व्हीकल भी तैनात किए गए थे।

**झड़प में कई कार्यकर्ता हुए घायल**

मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष आकाश चौहान ने बताया कि युवा कांग्रेस मंत्री विश्वास सारंग के इस्तीफे की मांग को लेकर शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रही थी, परंतु पुलिस ने युवा कांग्रेस की आवाज को दबाने और मंत्री को बचाने के लिए बलपूर्वक हमला किया, जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने कहा कि नर्सिंग घोटाले में तत्कालीन चिकित्सा विश्वास सारंग और तत्कालीन कई वरिष्ठ अधिकारी एवं भाजपा के बड़े नाम शामिल हैं, इसलिए सरकार मामले में लीपापोती कर दोषियों को बचाने का काम कर रही है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष मितेन्द्र सिंह, मीडिया विभाग अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव विरेंद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव, आकाश चौहान, लोकेन्द्र शर्मा, राहुल मण्लोई, रवि परमार रोहित राजौरिया, फैज बैग, नरेन्द्र बघेल, चेतन साहु एवं सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद में सिपाही को कुचला

**औरंगाबाद,** 9 जून (एजेंसियां)। बिहार के औरंगाबाद में अवैध बालू लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर को रोकने पर चालक ने एक सिपाही को बुरी तरह कुचल दिया। रविवार सुबह हुए इस हादसे में मौके पर ही दाऊदनगर थाने में पदस्थापित जिला पुलिस बल के जवान दीपक सिंह की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दीपक सिंह खनन विभाग में पदस्थापित थे। उनकी ड्यूटी सिपहां चेक पोस्ट से नहर वाले रास्ते में अवैध खनन को रोकने के लिए लगी हुई थी। जानकारी के अनुसार, अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को खदेड़ने के दौरान यह दुर्घटना हुई। मृतक भोजपुर जिला अंतर्गत आरा के सरैया थाना क्षेत्र के कुदरिया गांव के निवासी थे, जो दाऊदनगर में तैनात थे। बताया जा रहा है कि घटना के समय पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर का पीछा किया। मूसेपुर खैरा के पास सिपाही दीपक सिंह ने वाहन से उतरकर ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया। तभी ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। बताया जा रहा है कि अचानक हुई इस घटना में दीपक सिंह को संभलने तक का मौका नहीं मिला और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# एनईईटी परीक्षा पर लगाया जाए प्रतिबंध : स्टालिन


**चेन्नई,** 9 जून (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने हाल ही में बड़े पैमाने पर विसंगतियों और राष्ट्रव्यापी विरोध का हवाला देते हुए यूजी मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एनईईटी परीक्षा पर प्रतिबंध लगाने की अपनी मांग रविवार को दोहराई। यहां एक बयान में स्टालिन ने द्रमुक सरकार द्वारा गठित न्यायमूर्ति ए के राजन समिति की रिपोर्ट भी साझा की जिसमें नीट पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई है क्योंकि यह गरीब विरोधी और सामाजिक न्याय विरोधी प्रकृति की है।



उन्होंने नीट के दुष्प्रभाव वाली रिपोर्ट को अंग्रेजी और सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में साझा किया ताकि सभी इसे समझ सकें। उन्होंने कहा कि द्रमुक नीट के खतरों को भांपने वाली पहली दल है और इसके खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। स्टालिन ने तमिलनाडु विधानसभा में नीट से छूट देने के लिए सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव को भी याद किया, जिसे अब राज्यपाल की ओर से अत्यधिक देरी के बाद राष्ट्रपति की सहमति का इंतजार है। उन्होंने कहा कि द्रमुक नीट के खतरों को भांपने वाली पहली पार्टी थी और उसने इसके खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। सत्ता में आने के बाद हमने नीट आधारित प्रवेश प्रक्रिया के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए न्यायमूर्ति एके राजन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की। छात्रों, अभिभावकों और जनता से मिले इनपुट और व्यापक डेटा विश्लेषण के आधार पर समिति की रिपोर्ट प्रकाशित की गई और इसे विभिन्न राज्य सरकारों के साथ साझा किया गया ताकि नीट की गरीब विरोधी और सामाजिक न्याय विरोधी प्रकृति का पर्दाफाश किया जा सके।

# जम्मू-कश्मीर में नई औद्योगिक एस्टेट के लिए भूमि हस्तांतरित

जम्मू, 9 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के बडगाम, अनंतनाग, शोपियां और रियासी जिलों में औद्योगिक एस्टेट के विकास के लिए 2025 कनाल और 3 मरला भूमि के हस्तांतरण की मंजूरी दी गई है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक एस्टेट की स्थापना क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ रोजगार के अवसर पैदा करेगी। इन औद्योगिक एस्टेट में 3167 करोड़ रुपए का निवेश अपेक्षित है, जिससे 31,990 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई पहली प्रशासनिक परिषद (एसी) की बैठक में औद्योगिक एस्टेट के लिए उक्त भूमि के हस्तांतरण की मंजूरी दी गई। हस्तांतरित की गई भूमि में गांव वटलपोरा में (55 कनाल), बडगाम जिले में बीके पोरा में (85 कनाल 5



- औद्योगिक एस्टेट में 3167 करोड़ रुपए का निवेश अपेक्षित
- मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी मंजूरी

मरला), ब्रह तहसील शंगुस में (633 कनाल 5 मरला), हसन नूर, पहलगाम में (119 कनाल), वीरी बिजबिहाड़ा में (101 कनाल 2 मरला), नानिल अंग में (100 कनाल), रणबीरपोरा, अनंतनाग जिले में पूर्वी मट्टन (223 कनाल 5 मरला), बर्थीपोरा केलर (55 कनाल 13 मरला), शोपियां जिले में मेलहुरा जैनपोरा (152 कनाल) और रियासी जिले के नंबल गांव में 500 कनाल 13 मरला भूमि शामिल है। प्रशासनिक परिषद ने सीमित भूमि संसाधन के इष्टतम उपयोग के लिए जम्मू-कश्मीर औद्योगिक भूमि आबंटन नीति, 2021-30 के अनुसार आवंटन द्वारा औद्योगिक एस्टेट, भागथली, कठुआ में 200 कनाल तक के क्षेत्रफल वाले गैर-आबंटन योग्य भूमि पैच के उपयोग को भी मंजूरी दी है। चूंकि 200 कनाल से कम के कुछ उपयोग किए गए भूमि पैच बचे हुए हैं, इसलिए उद्योग और वाणिज्य विभाग द्वारा मामला प्रशासनिक परिषद के समक्ष लाया गया है क्योंकि 200 कनाल से कम के अप्रयुक्त भूमि पैच के आबंटन को मंजूरी देने के लिए प्रशासनिक परिषद के पहले के निर्णय को बदलने की आवश्यकता थी।

# प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी

नई दिल्ली 9 जून (एजेंसियां)। जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी रविवार ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। हाल ही संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत मिला है। गौरतलब है कि एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों ने संसदीय दल के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव का अनुमोदन किया था। रविवार को नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। पत्रकार और 'द जियोपॉलिटिक्स' के लेखक के रूप में लोकप्रिय, नवनीत चतुर्वेदी ने मीडिया और सामाजिक विषयों पर बहुत प्रभाव डाला है। कांग्रेस पार्टी के साथ अपने कार्यकाल के दौरान नवनीत की पड़ताल जनता की राय को आकार देने के साथ-साथ न्याय की लड़ाई में महत्वपूर्ण थी। उन्होंने जीएसपीसी और राफेल घोटालों को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने इस देश में नैतिक नेतृत्व के लिए उनकी अडिग प्रतिबद्धता को दिखाया।



25 दिसंबर, 2022 को नवनीत चतुर्वेदी जनता पार्टी में शामिल हुए, जहाँ उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात मीडिया से बात करते हुए नवनीत चतुर्वेदी ने कहा, 'इतने विशाल और मज़बूत लोकतंत्र के प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित होना सौभाग्य की बात है। यह निमंत्रण दर्शाता है कि हम जनता पार्टी के रूप में प्रयासों में सफल हुए हैं और हमारा सामूहिक उद्देश्य भारतीय लोगों की प्रगति को सुगम बनाना है। मुझे खुशी है कि मैं भारत को बेहतर बनाने के बारे में चल रही बहस में अपनी आवाज़ देने के साथ-साथ हमारी पार्टी का प्रतिनिधित्व करूँगा।'

**आस्था** | *अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू प्रशासन ने कसी कमर*

# बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए साधु की टोलियां पहुंचना शुरू

**जम्मू, 9 जून (एजेंसियां)। बम-बम भोले, जय जय बाबा बर्फानी के जयघोष मंदिरों के शहर में जम्मू में गूंजना शुरू हो गए हैं। पुराने शहर के प्रसिद्ध राम मंदिर में श्री अमरनाथ यात्रा को जाने वाले साधु की टोलियां पहुंचना शुरू हो गई हैं। मंदिर में भगवान भोले का गुणगान शुरू हो गया है। वहीं, भोले के भक्तों के स्वागत के लिए प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।**

इस बार वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने जा रही है। एक दिन पहले 28 जून को तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर और राम मंदिर से घाटी के लिए रवाना होगा। 52 दिवसीय तीर्थयात्रा दो रास्तों से पवित्र गुफा तक पूरी की जाएगी। इसमें अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग शामिल है। दूसरा, गांदरबल में 14 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग शामिल है।



- 29 से शुरू हो रही है अमरनाथ यात्रा

पवित्र गुफा में प्राकृतिक रूप से बाबा बर्फानी विराजमान हो गए हैं, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालु आतुर हैं। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। मंदिरों के शहर जम्मू के पुरानी मंडी में स्थित राम मंदिर अपने विशाल परिसर में साधुओं और साध्वियों की मेजबानी करता है।

इसमें प्रशासन की तरफ से तीर्थयात्रियों के लिए मौके पर ही पंजीकरण सहित विभिन्न सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए सहयोग दिया जाता है। भक्तों के खानपान और रहने की व्यवस्था मंदिर प्रबंधक समिति की तरफ से की जाती है। मंदिर के प्रमुख महंत रामेश्वर दास ने कहा कि साधुओं के लिए चौबीसों घंटे मुफ्त सामुदायिक रसोई सेवा और चिकित्सा सुविधाओं सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर पीढ़ियों से भोले के भक्तों की सेवा कर रहा है।

साधुजन भगवान शिव का आशीर्वाद लेने और देश व जनता के कल्याण के लिए प्रार्थना करने के लिए अमरनाथ धाम आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं, ताकि उन्हें किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने सकारात्मक बदलाव के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका की सराहना की।

रामेश्वर दास ने कहा कि घाटी में बेहतर सुरक्षा स्थिति को देखते हुए हमें इस साल अमरनाथ तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी इजाफा देखने को मिल सकता है। बम बम भोले और जय जय बाबा बर्फानी के नारों के बीच साधु और साध्वियां यात्रा शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से आए राम बाबा ने कहा कि यह अमरनाथ धाम की उनकी पहली तीर्थयात्रा है और भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए उत्साहित हैं। साध्वी गुरवी गिरी ने कहा कि वह पिछले पांच सालों से अमरनाथ धाम में आती रही हैं और यहां आकर उनकी आत्मा को शांति मिलती है। एक अन्य शिव भक्त ने कहा कि वह पांच दिनों में हिमाचल प्रदेश से पैदल आए हैं।

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!
छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!
बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# भीषण गर्मी के बीच गहरा सकता है जल संकट

## राजधानी के हर इलाके में अगले एक-दो दिनों में खड़ी हो सकती है बड़ी समस्या

**नई दिल्ली,** 9 जून (देशबन्धु)। पहले से पीने के पानी की भारी किल्लत झेल रही देश की राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच जल संकट और गहरा सकता है। दरअसल, हरियाणा द्वारा दिल्ली को मुनक नहर के जरिए लगातार कम मिलते पानी के मुद्दे पर जलमंत्री आतिशी ने रविवार को हरियाणा के सीएम नायब सैनी को पत्र लिख कर मुनक नहर के जरिए दिल्ली को उसके हिस्से का पर्याप्त पानी देने की मांग की। जलमंत्री आतिशी ने कहा कि अगर हरियाणा ने दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दिया तो अगले 1-2 दिनों में दिल्ली के हर इलाके में पानी की बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। उन्होंने कहकर कि, अपर यमुना रिवर बोर्ड में 2018 के दिल्ली-हरियाणा के बीच हुए समझौते के अनुसार दिल्ली को मुनक नहर से प्रतिदिन 1050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए।



हरियाणा ने दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दिया तो हो सकती है पानी की किल्लत : आतिशी

गर्मियों के समय बवाना कांटैक्ट पॉइंट पर मुनक नहर से 980 से 1030 क्यूसेक पानी पहुंचता है लेकिन पिछले एक सप्ताह में इसमें भारी कमी आई है। जल मंत्री ने कहा कि मुनक नहर से दिल्ली को मिलने वाले पानी की मात्रा 840 क्यूसेक पहुंची, इससे दिल्ली के सातों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बुरी तरह प्रभावित होंगे ऐसे में दिल्ली के लोगों को जलसंकट का सामना न करना पड़े इसलिए हरियाणा के सीएम मुनक नहर से दिल्ली को उसके हिस्से का 1050 क्यूसेक पानी छोड़ा जाना सुनिश्चित करें। आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखी चिट्ठी में, हरियाणा द्वारा यमुना नदी में पानी न छोड़े जाने के मुद्दे पर उन्हें बतौर मुख्यमंत्री तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि, इस मुद्दे पर पिछले कई दिनों में लगातार पत्र लिखने के बावजूद न तो कोई उचित कदम उठाया गया और न ही जवाब मिला।

### जल संकट पर चर्चा के लिए उपराज्यपाल से मांगा समय

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने राजधानी में मुनक नहर के जरिए अपर्याप्त मात्रा में पानी छोड़े जाने पर चर्चा के लिए उपराज्यपाल वी के सक्सेना के साथ एक आपात बैठक का समय मांगा है। मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली को इस नहर से 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए, लेकिन यह घटकर केवल 840 क्यूसेक रह गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल से आपात बैठक के लिए समय मांगा है ताकि हरियाणा द्वारा मुनक नहर से अपर्याप्त पानी छोड़े जाने के बारे में उन्हें अवगत कराया जा सके। मंत्री ने कहा कि दिल्ली को सीएलसी और डीएसबी उप-नहरों के माध्यम से मुनक नहर से 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए लेकिन यह घटकर 840 क्यूसेक हो गया है। सात जल शोधन संयंत्र इस पानी पर निर्भर हैं।

### पानी की समस्या पर मंत्री से मुलाकात करेंगे एलजी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पानी की समस्या को लेकर गरमाई राजनीति के बीच सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना जल मंत्री आतिशी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दिल्ली में पानी की स्थिति, आपूर्ति में कमी, पड़ोसी राज्यों से मिल रहा पानी सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। इस बारे में राजनिवास के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल पानी की समस्या को लेकर गंभीर है। दिल्ली में कई जगहों पर पानी की समस्या सामने आ रही है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए सोमवार सुबह 11 बजे जल मंत्री आतिशी से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि एलजी ने अधिकारियों से हिमाचल और हरियाणा से छोड़े जा रहे पानी की वास्तविक स्थिति, दिल्ली में पानी की बर्बादी और रिसाव को रोकने के उपाय के लिए काम करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार वजीराबाद जलाशय की सफाई की स्थिति के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवाएं। अधिकारियों का कहना है कि जलाशय में गाद के कारण पानी का भंडारण पर्याप्त नहीं हो पा रहा। इससे भी समस्या बढ़ी है। इसके अलावा दिल्ली के उपराज्यपाल ने अधिकारियों को दिल्ली को छोड़े जाने वाले पानी के बारे में तथ्यों का पता लगाने के लिए ऊपरी यमुना नदी बोर्ड के साथ मामला उठाने का भी निर्देश दिया है।

## इंडिया हेल्थ प्रदर्शनी में तीन सौ से अधिक संस्थान लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली,** 9 जून (देशबन्धु)। दिल्ली के द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) में 13 से 15 जून के बीच इंडिया हेल्थ प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इनफोर्मा मार्केट्स इन इंडिया के मुताबिक यह पहला सम्मेलन नए बेंचमार्क स्थापित कर और साझेदारियों को बढ़ावा देकर हेल्थकेयर उद्योग के लिए बदलावकारी भूमिका निभाएगा। इंडिया हेल्थ के प्रीमियर एडीशन में 300 से अधिक देशी-विदेशी ब्राण्ड्स चिकित्सा उपकरणों एवं डिवाइसेज़, ऑर्थोपेडिक्स एवं फिजियोथेरेपी, इमेजिंग एवं डायग्नॉस्टिक्स, हेल्थकेयर एवं जनरल सर्विसेज़, आईटी सिस्टम एवं समाधानों, हेल्थकेयर की सुविधाओं, वैलनैस एवं निवारक सुविधाओं आदि का प्रदर्शन करेंगे। शो को प्रतिष्ठित संगठनों जैसे एसोसिएशन ऑफ डायग्नॉस्टिक्स मैनुफैक्चरर्स ऑफ इंडिया, मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिय, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया और फ्रॉस्ट एण्ड सुलिवन (नॉलेज पार्टनर्स के रूप में) का समर्थन प्राप्त है। इंडिया हेल्थ के महत्व पर ज़ोर देते हुए इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर योगेश मुद्रास ने कहा कि इंडिया हेल्थ हमारे शोज़ के दिलों की धडक़न है।



■ 13 से 15 जून के बीच दिल्ली के द्वारका में होगा आयोजन

भारत का हेल्थकेयर सेक्टर तेजी से विकसित हो रहा है और निजी एवं सरकारी पहलों के चलते 2023 में 372 बिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच गया है। सार्वजनिक व निजी सेक्टरों के द्वारा निवेश, बढ़ते हेल्थकेयर कवरेज और बेहतर सेवाओं का परिणाम है। सरकारी पहलें जैसे एफडीआई नियमों में छूट, आयुष्मान भारत, डिजिटल मिशन आदि ने हेल्थकेयर सुविधाओं को सभी के लिए सुलभ बनाया है।

## सार संक्षेप

### पांच दिवसीय निशुल्क स्पोर्ट्स समर कैंप आयोजित



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के दिलशाद गार्डन क्षेत्र में प्रगति बच्चों की फाउंडेशन सामाजिक संस्था के द्वारा पांच दिवसीय निशुल्क स्पोर्ट्स समर कैंप का आयोजन किया। उपरोक्त कैंप में विशेष तौर पर आत्मरक्षा कार्यक्रम सेल्फ डिफेंस खेलकूद प्रतियोगिताएं मनोरंजन खेल एवं आउटडोर पिकनिक का आयोजन किया गया। प्रगति बच्चों की फाउंडेशन के अध्यक्ष कपिल वर्मा ने बताया कि यह संस्था दिलशाद गार्डन क्षेत्र में पिछले 8 वर्षों से क्षेत्र के अभावग्रस्त बच्चों के विकास के लिए कार्य कर रही है। समय-समय पर उन्हें सभी विषयों की कक्षाएं भी दी जाती है। बच्चों ने समर कैंप में हिस्सा लेकर कैंप का भरपूर लाभ उठाया। कपिल वर्मा के अनुसार उनके फाउंडेशन का सिर्फ एक ही लक्ष्य है, समाज के काम आना तथा बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों को सेल्फ डिफेंस भी सिखाया और साथ ही बच्चों ने इंद्रप्रस्थ मिलेनियम पार्क का टूर भी लगाया यहां पर तारीफ की बात यह है की प्रगति बच्चों की फाउंडेशन एक भी रुपया लिए बिना, समाज के प्रति अपना कर्तव्य पूरा करता है, और यह वह दौर है जहां पर स्कूल द ग्रेट इंडियन माल से कम नहीं हुआ करते।

### आप विधायक से सिर मुंडवाने की मांग की

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने सोशल मीडिया एक्स पोस्ट पर आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती से आग्रह किया है कि अब जब पीएम श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है, तो वे तुरंत अपना सिर मुंडवाएं। यह स्मरणीय है कि दिल्ली लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद सोमनाथ भारती ने कहा था कि नरेंद्र मोदी फिर कभी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे और अगर ऐसा होता है तो वे अपना सिर मुंडवाएंगे। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता ने कहा है कि हमें पता है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं को अपनी बातों का सम्मान नहीं है, लेकिन इस बार लोग चाहते हैं कि सोमनाथ भारती अपना सिर मुंडवाएं या सार्वजनिक जीवन से इस्तीफा दें। कपूर ने अपने एक्स पोस्ट में सोमनाथ भारती से पूछा कि क्या वह खुद ही अपना सिर मुंडवाएंगे या कपूर उनके लिए एक बार्बर (नाई) लाएं।

### भूपेन्द्र यादव पहली बार लोकसभा सदस्य बनते ही बने मंत्री

**नई दिल्ली।** राजस्थान से पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले भूपेन्द्र यादव केंद्र सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं। पिछली मोदी सरकार में मंत्री रहे यादव राज्य सभा सदस्य रहे हैं। पेशे से वकील रहे यादव के पिता का नाम कदम सिंह और माता का नाम संतरा देवी है। छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े रहे। यादव मूल रूप से हरियाणा के जमालपुर के रहने वाले हैं। यादव भाजपा में दो बार महामंत्री रहे दो बार राज्यसभा सदस्य रहे। यादव ने इस बार लोकसभा चुनाव में अलवर लोकसभा सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के ललित यादव को 48 हजार 282 मतों से हराया।

# नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर लगाकर की जमकर आतिशबाजी

**झनई दिल्ली,** 9 जून (देशबन्धु)। नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी में जबरदस्त जश्न का माहौल है। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। वहीं बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह को मोदी कैबिनेट में मंत्री बनाए जाने पर उनके क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

बेगूसराय के काली स्थान मंदिर के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने जहां एक दूसरे को अबीर लगाकर मिठाई खिलाई, वहीं जमकर आतिशबाजी भी की। बेगूसराय के लिए आज का दिन दोहरी खुशी का दिन है। गिरिराज सिंह केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हो गए हैं। वहीं मुजफ्फरपुर के सांसद राज भूषण निषाद भी मोदी मंत्रिमंडल के हिस्सा



बन रहे हैं। राज भूषण निषाद मुजफ्फरपुर से सांसद चुने गए हैं, लेकिन वह मूल निवासी बेगूसराय जिले के हैं। ऐसे में बेगूसराय से दो मंत्री मिलने पर जिले में खुशी का माहौल है। गिरिराज सिंह बेगूसराय से दूसरी बार लगातार सांसद चुने गए हैं। उससे पहले नवादा से वो सांसद रहे थे। पीएम मोदी ने गिरिराज सिंह पर विश्वास जताते हुए तीसरी बार मंत्रिमंडल में शामिल किया है। कार्यकर्ताओं को उम्मीद है जिस तरह गिरिराज सिंह ने पिछली बार काम किया, उसी तरह आगे भी करते रहेंगे। भाजपा नेता मृत्युंजय कुमार ने कहा कि आज हमारे लिए दोहरी खुशी का माहौल है।

#### भाजपा प्रदेश कार्यालय में लड्डू बांटकर खुशियों का इजहार किया

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद हरियाणा भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशियों का इजहार किया। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन अबकी बार बिल्कुल साफ है। सभी वादे पूरे किए जाएगें। यह रिकॉर्ड बन रहा है, जब नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। जनता का विश्वास लगातार मोदी सरकार पर बड़ा है।




■ नई दिल्ली में नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता। फोटो इम्तियाज खान

## राजधानी में गलत नंबर प्लेट में ट्रैफिक पुलिस की कड़ी नजर

**नई दिल्ली,** 9 जून (देशबन्धु)। निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं होने वाले वाहनों पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कड़ी नजर है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस साल अब तक निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं होने पर 16,800 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 286 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इस साल एक जनवरी से पांच जून तक निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं होने पर 16,859 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पिछले साल इसी अवधि के दौरान यह आंकड़ा 4,363 था। उन्होंने बताया कि यह आंकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में दर्ज



■ निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं होने पर 16,800 से अधिक मामले दर्ज

हुए मामलों में 286 प्रतिशत अधिक है। अधिकारी ने कहा कि यह आंकड़ा सडक़ सुरक्षा को बढ़ाने और यातायात नियमों के अनुपालन को लागू करने के व्यापक प्रयास को दर्शाता है। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि उन्होंने निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं होने पर वाहनों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है और इस कदम के कारण लगाए गए जुर्माने की संख्या में वृद्धि हुई है।

## टेलीफोन ऑपरेटर से मंत्री पद तक पहुंचे अर्जुनराम मेघवाल फिर बने केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली,** 9 जून (देशबन्धु)। टेलीफोन ऑपरेटर से अपने करियर की शुरुआत के बाद केंद्रीय मंत्री पद तक पहुंचने वाले अर्जुनराम मेघवाल एक बार फिर केन्द्रीय मंत्री के रूप में रविवार को शपथ ली। मेघवाल बीकानेर लोकसभा सीट से लगातार चौथी बार सांसद निर्वाचित हुये और उन्हें एक बार फिर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में फिर मंत्री बनाया गया है। मेघवाल राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रमुख दलित चेहरा माने जाते हैं। उनका 20 सितम्बर 1953 को बीकानेर जिले के किसमीदेसर में लखू राम मेघवाल और हीरा देवी के यहां हुआ। उन्होंने पाना देवी से



शादी की और उनके दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा स्थानीय स्कूलों में हासिल की और बाद में बीकानेर के डूंगर कॉलेज से एमए और एलएलबी की डिग्रियां प्राप्त की। मेघवाल शुरू से ही मेधावी रहे हैं और शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने टेलीफोन ऑपरेटर के पद से अपना करियर शुरू किया। इसके बाद वह कलक्टर बने और बाद में सरकारी नौकरी से इस्तीफा देकर बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और वर्ष 2009 में पहली बार सांसद चुने गए।

#### बीकानेर से चौथी बार बने सांसद

वह लगातार बीकानेर से लोकसभा चुनाव लड़ा और इस बार वह चौथी बार सांसद बने। मेघवाल ने इस बार चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी गोविंदराम मेघवाल को 55 हजार 711 मतों से हराया। अर्जुनराम को पांच लाख 66 हजार 737 मत मिले। इससे पहले मेघवाल जल संसाधन राज्य मंत्री, वित्त कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम राज्य मंत्री का पद संभाल चुके हैं।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली,** 9 जून (देशबन्धु)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को उनके जन्म दिवस के अवसर पर दिल्ली के नागरिकों की ओर से निगम पार्षद, विकास टोंक और सिटी एसपी जोन के उपायुक्त मोहित बंसल ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विकास टोंक और मोहित बंसल ने आज अन्तर्राजीय बस अड्डे के सामने ऐतिहासिक कुद्सिया बाग में स्थापित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। निगम के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। विकास टोंक ने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे, जिन्होंने मुगल साम्राज्य के साथ लंबी लड़ाई लड़ी और अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपने जीवनकाल में जो अनुकरणीय साहस और अद्भुत वीरता दिखाई, वह आज भारत के नागरिकों के लिए अनुकरणीय है।

# मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए किन्नर

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए देश-विदेश के नेता, सफाई-कर्मचारी, सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में काम करने वाले मजदूर-कर्मचारियों के अलावा किन्नर समाज के सदस्य भी पहुंचे। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंची किन्नरों ने डांस किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही है कि हम शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे। आज से पहले हमें कभी भी ऐसा मौका नहीं मिला था। हम पीएम को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। किन्नर समाज की एक सदस्य ने बताया कि यह हमारे समाज के लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में हमें बुलाया गया है। हम सब पीएम मोदी को बधाई और आशीर्वाद देते हैं। वह हमेशा खुशहाल रहें, ऐसी हमारी कामना है। तीसरी बार वह सत्ता में आए हैं और चौथी बार भी आएंगे। एक दूसरी सदस्य ने बताया कि पीएम ने पहली बार किन्नर समाज को बुलाया, हमें बहुत अच्छा लगा। सोनम किन्नर ने पीएम मोदी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि



किन्नरों ने डांस कर प्रधानमंत्री को दीं शुभकामनाएं

मोदी हैं तो मुमकिन है। हमें बहुत खुशी है, थोड़ी सी कम सीटें आई है, उसके लिए दुख है। विपक्षी आज अपने घर में बैठकर छाती पीट रहे हैं, उनका सपना पूरा नहीं हुआ। हमारी कोई मांग नहीं है, देश में जो कभी नहीं हुआ, वह इस बार के कार्यकाल में होगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार पद और गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ 71 मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण किया। पीएम मोदी ने इस बार राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में रॉयल ब्लू (शाही नीला) रंग की जैकेट पहनी हुई थी। ीएम मोदी हमेशा एक खास तरह की जैकेट पहनते हैं, जो अब मोदी जैकेट के नाम पर फेमस हो गई है। पीएम मोदी ने हर बार शपथ ग्रहण समारोह में अलग-अलग रंग की जैकेट पहनकर शपथ ली। पीएम मोदी की यह सारी जैकेट खासतौर पर अहमदाबाद में ही सिली जाती रही है। ऐसे में तीसरी बार पीएम पद की शपथ ले रहे नरेंद्र मोदी ने जैकेट शाही नीले रंग का चुना। ज्योतिष के अनुसार यह बेहद गहरा और शक्तिशाली रंग माना जाता है। यह रंग स्थिरता, ज्ञान, आत्मनिरीक्षण और आध्यात्मिक गहराई का प्रतीक माना गया है। नीला रंग मन को शांति देने वाला और संतुलन प्रदान करने वाला माना गया है। यह शक्ति और शांति को भी प्रदर्शित करता है। पहली बार जब 2014 में 26 मई को पीएम मोदी ने शपथ लिया था तो उन्होंने लाइट ब्राउन रंग की जैकेट पहनी थी। यह लाइट ब्राउन रंग ताकत और व्यावहारिक स्वभाव को दर्शाता है। इस रंग के प्रभाव में रहने वाले लोगों के बारे में कहा जाता है कि ऐसे लोग भरोसेमंद, मेहनती और जमीन से जुड़े होते हैं।

## दिल्ली में तेज रफ्तार ऑडी ने दो लोगों को टक्कर मारी, एक की मौत

**नई दिल्ली,** 9 जून (देशबन्धु)। दिल्ली में रामजस कॉलेज के मेन गेट के पास तेज रफ्तार ऑडी क्यू-3 ने बेंच पर बैठे दो लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि ड्राइवर ने कार पर से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण ये हादसा हुआ। मृतक की पहचान गोविंद (45) के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान अशोक के रूप में हुई है। दोनों पेशे से रिक्शा चालक हैं। पुलिस के अनुसार, दोपहर लगभग 1:16 बजे मौरिस नगर थाने में एक पीसीआर कॉल आई। जिसमें बताया गया कि रामजस कॉलेज के मेन गेट के पास एक दुर्घटना हुई है। इसके बाद पुलिस की एक टीम को मौके पर भेजा गया। घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि ऑडी कार ड्राइवर ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था और सड़क किनारे एक बेंच पर बैठे दो लोगों को टक्कर मार दी। उत्तरी दिल्ली के डीसीपी एमके मीणा ने कहा, दोनों को तत्काल हिंदू राव अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने के कारण गोविंद को लोक नायक अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई।



उवाच "जल्द ही शहर की पहली ऐसी आरडब्ल्यूए बनने जा रही है, जिसकी सभी सुविधाएं ऑनलाइन होगी और सेक्टर को एक आदर्श सेक्टर के रूप में स्थापित करेंगे और सेक्टर की सुरक्षा और सभी मूलभूत समस्याओं का समाधान करेंगे।
राजेश चौधरी, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष

# यीडा सिटी में मदर डेयरी के बाद अमूल दुग्ध उत्पाद के खुलेंगे आउटलेट

## यमुना प्राधिकरण मदर डेयरी को 22 भूखंड आवंटित करने की दे चुका सहमति

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जून (देशबन्धु)। यीडा सिटी में मिल्क एवं वेजिटेबल बूथ विकसित करने के लिए मदर डेयरी एवं अमूल जैसी कंपनियां आगे आई हैं। प्राधिकरण मदर डेयरी को पहले 22 बूथ खोलने के लिए सहमति दे चुका है। अब अमूल और पराग भी प्राधिकरण के आवासीय सेक्टरों में अपने दुग्ध उत्पादन और सब्जी के आउटलेट खुलेंगे। यमुना प्राधिकरण की तरफ से इन्हें जमीन आवंटित करने की सहमति दे दी गई है।

आउटलेट पर दुग्ध, सब्जी के साथ क्राकरी की भी बिक्री कंपनी करेगी। इसके साथ ही कई अन्य बड़े ब्रांडों ने भी इच्छा जताई है। यमुना प्राधिकरण ने प्रथम चरण में मिल्क एवं वेजिटेबल बूथ के लिए 21 भूखंडों की योजना लॉन्च करने की योजना बनाई थी। सेक्टर-18, 20 व 22 डी में कुल 52 बूथ बनाए जाने हैं। कंपनियों को 99 साल के लीज पर भूखंड दिए जाएंगे। अहम बात यह है कि नेशनल और स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटियों को ही भूखंड आवंटित किए जाएंगे, जिससे सेक्टरवासियों को गुणवत्ता युक्त चीजें मिल सकेंगी। पिछले महीने मदर डेयरी कंपनी के अधिकारी यमुना प्राधिकरण के सीईओ से मिलकर दुग्ध, सब्जी और क्रॉकरी के आउटलेट खुलने की इच्छा जताई थी। प्राधिकरण से मदरडेयरी ने 22 भूखंड की मांग रखी थीं। प्राधिकरण की तरफ से आश्वासन दिया गया था उनके पास पर्याप्त संख्या में भूखंड है। बोर्ड से सीधे प्रस्ताव पास कराकर इन्हें आवंटित कर दिया जाएगा। मदरडेयरी के बाद अब अमूल और पराग भी यीडा क्षेत्र में अपना आउटलेट खुलने की इच्छा जताई है। पिछले दिनों इन कंपनियों के अधिकारियों ने यीडा सीईओ से मिलकर प्रस्ताव रखा था। सीईओ ने इन कंपनियो को भूखंड देने पर सहमति व्यक्त की है। प्राधिकरण ने पहले 200 वर्गमी में मिल्क बूथ व सब्जी बूथ के लिए जमीन आरक्षित किया था। कंपनियों ने इसे 200 के बजाय 100 वर्गमी करने का प्रस्ताव दिया। जिस पर यमुना प्राधिकरण सहमत हो गया है।



- गुजरात अमूल व पराग के यीडा में दुग्ध व सब्जी के खुलेंगे आउटलेट
- सेक्टर-18, 20 व 22डी में बनाए जाएंगे 52 बूथ, प्रथम चरण में 21 भूखंडों की निकाली गई है योजना
- सेक्टरवासियों को गुणवत्ता युक्त चीजें उपलब्ध कराने की कोशिश

दरअसल यमुना प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर-18, 20 व 22डी में धीरे- धीरे बसावट शुरू हो गई है। उम्मीद है कि नोएडा एयरपोर्ट के उड़ान भरने के साथ बसावट ठीकठाक हो जाएगी। इसको देखते हुए यीडा सिटी में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का काम शुरू कर दिया है। मिल्क एवं वेजिटेबल बूथ के लिए निकाली की गई 21 भूखंडों की योजना में निवेश करने के लिए मदर डेयरी एवं अमूल जैसे बड़े ब्रांड आगे आए हैं। तीनों सेक्टरों में 52 मिल्क एवं वेजिटेबल बूथ बनाए जाएंगे। इसके लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। मदर डेयरी ने तीनों सेक्टरों के 52 ब्लॉकों में बनाए जाने वाले मिल्क एवं वेजिटेबल बूथ के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में प्राधिकरण सीईओ को पत्र लिखा है। प्राधिकरण नेशनल और और स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटियों को ही भूखंड आवंटित करेगा, ताकि लोगों को गुणवत्ता युक्त सामान मिल सके। नए बस रहे इस शहर में प्राधिकरण ने बिजली, सड़क, सीवर, नाली व ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के साथ मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की तैयारी शुरू कर दी गई,ताकि यहां रहने वाले लोगों को जरूरी चीजों के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

> मिल्क व वेजिटेबल बूथ के लिए लॉन्च की गई योजना में निवेश करने के लिए मदर डेयरी और अमूल जैसी कंपनियों आगे आई हैं। नेशनल और और स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटियों को ही भूखंड आवंटित किए जाएंगे, ताकि सेक्टरवासियों को गुणवत्ता युक्त सामान मिल सके : **डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

# ग्रेनो प्राधिकरण 32 सार्वजनिक शौचालयों का कराएगा निर्माण, तैयारी शुरू

- शहर को स्वच्छ बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उठाया महत्वपूर्ण कदम
- सामान्य व पिंक दोनों तरह के होंगे शौचालय, जगह चिन्हित करने का काम शुरू
- बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों व गोलचक्कर के आसपास किया जाएगा निर्माण
- पूर्व में 30 शौचालयों का किया जा चुका है निर्माण, लगभग 3.27 करोड़ रुपए किए गए थे खर्च



> ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 32 सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण की तैयारी चल रही है। इसके लिए जगह चिन्हित कर जल्द ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पूर्व में 30 शौचालयों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं : **संतोष कुमार, ओएसडी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर के प्रमुख स्थानों पर 32 सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराने जा रहा है। इनमें सामान्य व पिंक दोनों तरह के शौचालय होंगे। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। जगह चिन्हित करने के साथ इनके डिजाइन व अन्य बिंदुओं पर चर्चा करने के लिए परियोजना विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है। उम्मीद है कि अगले एक माह में निर्माण शुरू हो जाएगा। पूर्व में 30 शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। जिस पर लगभग 3.27 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। इससे शहर को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी।

स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मार्केट, भीड़भाड़ वाले स्थानों, गोलचक्कर व सरकारी कार्यालयों के आसपास सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण की कार्ययोजना तैयार की है। प्रथम चरण के 30 शौचालयों का निर्माण पूरा होने के बाद अब द्वितीय चरण के 32 शौचालयों के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां शौचालयों की जरूरत है। इसके लिए परियोजना विभाग व अर्बन सर्विसेज विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रथम चरण में गोलचक्कर के आसपास शौचालय बनाने पर जोर दिया गया है। इस बार भीड़भाड़ वाले स्थानों व उन मार्केट को चिन्हित किया जाएगा, जहां पर शौचालय की व्यवस्था नहीं है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट को भी शामिल किया गया है। ग्रेटर नोएडा के लेबर चौक गोल चक्कर (डेल्टा-1), रामपुर मार्केट के आसपास सार्वजनिक शौचालय की सबसे अधिक जरूरत महसूस की जा रही है। औद्योगिक सेक्टरों में भी शौचालयों का निर्माण किया जाना जरूरी है। 32 शौचालयों के निर्माण पर लगभग 4.5 करोड़ रुपए खर्च होने का आकलन है।

### बीओटी के आधार पर किया जाएगा निर्माण

इन शौचालयों का निर्माण बीओटी (बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफर) के आधार पर किया जाएगा। बीओटी के जरिए बनने वाले इन शौचालयों पर विज्ञापन लगाने का अधिकार निर्माणकर्ता एजेंसी के पास होगा। कंपनी निर्माण के साथ ही इन शौचालयों का रखरखाव व सफाई व्यवस्था का भी इंतजाम करेगी। लोगों के लिए इन शौचालयों का इस्तेमाल नि: शुल्क होगा।

### स्वच्छता के प्रति किया जा रहा है जागरूक

शहर को स्वच्छ बनाने के लिए शौचालयों के निर्माण के साथ जागरूकता अभियान पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके लिए नुक्कड़ नाटक, रैली आदि माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। साथ ही प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम साप्ताहिक बाजारों व मार्केट में जाकर दुकानदारों को दिशा निर्देश दे रही है। दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने योगी आदित्यनाथ का मनाया 53वां जन्मदिन



**ग्रेटर नोएडा,** 9 जून (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू महासंघ ने योगी आदित्यनाथ का 53वां जन्मदिन रविवार को घोड़ी बछेड़ा के विकास टेन्ट हाउस में मनाया। सुबह हवन सभी ने हवन पूजन के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लम्बी उम्र की कामना की। इसी के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी सत्यान्द गिरि, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भिखारी प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष, विट्ठल प्रधान संभाग प्रभारी, नीरज शर्मा, पंकज बाल्मिकी, हरिओम जिलाध्यक्ष, देवन्द्र शर्मा, जिला मंत्री, मनोज चौधरी, कैपटन राजपाल, नरेन्द्र गौतम, रमेश, पारुल सक्सेना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**NAME CHANGE**
मेरा 10वीं व 12वीं कक्षा की मार्कशीट में नाम सोनू त्यागी हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम अक्षित त्यागी पुत्र मनोज त्यागी निवासी ग्राम उटरावली जेवर गौतमबुद्धनगर हैं।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## पर्यावरण संरक्षण के लिए इनर व्हील क्लब ऑफ नवीन ने उठाए कदम



**ग्रेटर नोएडा,** 9 जून (देशबन्धु)। इनर व्हील क्लब ऑफ नवीन ग्रेटर नोएडा ने सालाना चेयरमैन ऑफिसियल विजिट पर प्लास्टिक वेस्ट रिसायकल द्वारा बनी चीजों की प्रदर्शनी लगाई। पूरे वर्ष क्लब सदस्यों ने मिलकर प्लास्टिक के बहिष्कार के लिया लोगों को जागरूक किया और वहीं लगभग चौदह सौ किलो ई-वेस्ट एवं प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया। यह सामान नमो ई-वेस्ट मैनेजमेंट संस्थान में जमा करवाया एवं रिसाइकल्ड फर्नीचर, पेन स्टैंड, गमले इत्यादि बनवाए। डिस्ट्रिक्ट 301 चेयरमैन डॉ. उर्वशी मित्तल ने क्लब के प्रयासों को सराहा एवं क्लब प्रधान अनीता सिंगला को उनकी उच्चतर सोच एवं कार्यों के लिए बधाई दी। वही क्लब ने एक जरुरत मंद महिला को सलाई मशीन, स्कूल छात्रा को कंप्यूटर टैब, स्कूल के छात्रों को स्टेशनरी भी बांटी। क्लब ने प्लास्टिक त्यागने के लिए होटल के स्टाफ को 20 स्टील फ्लास्क भी भेंट की। इसके उपरान्त चेयरमैन के समक्ष सालाना क्लब रिपोर्ट सेक्रेटरी शैली गर्ग द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर जिले से दीपा गोयल, माला ऋषि, दिल्ली क्लब से अनीता जैन उपस्थित रहे। क्लब के श्रेष्ठ कार्यों में संतोष गुप्ता,डॉ नेहा आनंद, डॉ. मधुशी वर्मा, डॉ. अदिति, मोनिका दुआ, उमा गोयल, मधु अग्रवाल, सुनीता गर्ग, पायल त्यागी, स्वाति बंसल, प्रतिभा आदि का योगदान सराहनीय रहा। प्रधान अनीता सिंगला ने बताया इस वर्ष 2023-24 में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. उर्वशी मित्तल ने इस बार प्लास्टिक त्यागने का बीड़ा उठाया है।

> प्लास्टिक के बहिस्कार के लिए किया जागरूक, प्लास्टिक ई-वेस्ट से बनाए जरूरत के सामान

## सेक्टर-37 आरडब्ल्यूए के नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जून (देशबन्धु)। सेक्टर-37 आरडब्ल्यूए का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ, आरडब्ल्यूए के सभी पदाधिकारियों को कैप्टन आर.पी. सिंह ने सभी को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद नई आरडब्ल्यूए ने आगे के कार्यों की रूपरेखा सबके सामने रखी। सेक्टर-37 के वर्तमान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि जल्द ही शहर की पहली ऐसी आरडब्ल्यूए बनने जा रही है, जिसकी सभी सुविधाएं ऑनलाइन होगी और सेक्टर को एक आदर्श सेक्टर के रूप में स्थापित करेंगे और सेक्टर की सुरक्षा और सभी मूलभूत समस्याओं का समाधान करेंगे। इस मौके पर वर्तमान अध्यक्ष राजेश चौधरी, महासचिव अजब सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष विवेक राजपूत, मुकेश दिक्षित, देवराज नागर, जय सिंह भाटी, देवेंद्र अतत्री, तिलक राम कसाना, आनंद डेढ़ा, प्रशांत मावी, कैप्टेन आरपी सिंह, रमेश वर्मा, आदेश डेढ़ा, रवि भाटी, सुरेंद्र डरोगा, यशपाल सोलंकी, अरविंद मलिक, वीरेन्द्र डेढ़ा, संजय डेढ़ा, जगदीश कसाना, सिन्हा जी, महेश शर्मा, कुलदीप खारी, दिलावर डेढ़ा काफी संख्या में सेक्टर निवासी मौजूद रहे।



## ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स में गलगोटिया के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जून (देशबन्धु)। पंजाब यूनिवर्सिटी (चण्डीगढ़) में आयोजित एआईयू कराटे गेम्स 2023-24 प्रतियोगिता में गलगोटियास विश्वविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष के छात्र अमर कौशिक ने माइनस 60 कि. ग्राम वजन में कड़ा संघर्ष करके स्वर्ण पदक जीता। अमर कौशिक, कराटे खिलाड़ी ने नॉर्थ जोन एआईयू कराटे गेम्स में स्वर्ण पदक जीता है और उन्होंने एआईयू कराटे गेम्स 2023-24 के लिए क्वालीफाई किया और उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और घायल होने के बावजूद कांस्य पदक जीता। उन्होंने अद्भुत बढ़त के साथ अपनी लड़ाई को जीत ली। गलगोटियास विश्वविद्यालय के ही बीए तृतीय वर्ष के छात्र सम्राट ने माइनस 64 कि. ग्राम वजन में रजत-पदक प्राप्त किया। खिलाड़ी सौरव, बी.ए. (एच) छात्र, एआईयू वुशु गेम्स 2022-23 में कांस्य पदक जीता था और अब जम्मू विश्वविद्यालय में आयोजित एआईयू वुशु गेम्स 2023-24 में रजत पदक हासिल करके अपना सिलसिला जारी रखा है। कराटे खिलाड़ी सम्राट मिश्रा ने नॉर्थ जोन एआईयू कराटे गेम्स 2023-24 में रजत पदक जीता।



गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटियास ने सभी तीनों विद्यार्थियों से एक बहुत ही भावपूर्ण भेंट की। उन्होंने कहा कि देश युवा सहीं मायनों में राष्ट्र के उज्वल भविष्य का निर्माता है। गलगोटियास विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए सदैव कृतसंकल्पित है।

## पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, नौ पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर,** 9 जून (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के पारसौल गांव में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गए। इस दौरान दोनों पक्षों के करीब चार लोग घायल हुए हैं। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर नौ लोगों के खिलाफ दर्ज किया है। एक पक्ष के रणवीर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि शनिवार की शाम वह अपने परिवार के लोगों के साथ घर में बैठे हुए थे। उसी दौरान पड़ोस के प्रदीप और कुलदीप ने लाठी डंडे से वहां पहुंचकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में रणवीर समेत उनके परिवार के दो लोगों को चोट आई है। बाद में आसपास के लोगों का आता देख आरोपी पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफपीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं, दूसरे पक्ष के प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि पुराने विवाद को लेकर उनके पड़ोस के रहने वाले विजपाल ने अपने परिवार के उदपाल, रणवीर, राजेंद्र, हर्ष, हिमांश और आदित्य के साथ उनके परिवार के लोगों पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में परिवार के दो लोगों को चोट आई है। जिनके पास के ही अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए शिकायत की है। जिसका आधार पर दोनों तरफसे 9 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## श्री राधा स्काई गार्डन के निवासियों ने 6वें सप्ताह किया प्रदर्शन





**ग्रेटर नोएडा,** 9 जून (देशबन्धु)। श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में सैकड़ों निवासियों ने लगातार छठवें सप्ताह भी चिलचिलाती धूप एवं कड़ी दोपहर में बिल्डर की नाजायज लूट, मूलभूत सुविधाओं को पूरा न करने एवं बिल्डर के द्वारा किए गए करोड़ो के घोटाले के खिलाफ मोर्चा खोला और निवासियों ने पूरी सोसाइटी में अपनी मांगों के लिए अपने फ्लैटों की बालकनियों में बैनर लगाए। निवासियों ने बताया कि श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है जिसकी मांग एवं शिकायत निवासी पिछले करीब 5-6 साल से करते आ रहे हैं लेकिन श्री ग्रुप बिल्डर ने आज तक न तो मूलभूत सुविधाओं एवं जानमाल से संबंधित पेंडिंग प्रोजेक्ट के काम को पूरा करने के लिए कोई काम नहीं किया और न ही कोई इरादा दिखाया।

निवासियों ने बताया कि आज करीब 8-10 सालों से सोसाइटी चल रही है बावजूद इसके न तो सोसायटी में फायर फाइटिंग इक्विपमेंट्स है, पूरे बेसमेंट में सीपेज एवं लीकेज है जिससे सोसायटी के टावर कमजोर होते जा रहे है न ही स्विमिंग में गंदा पानी दिखाने के लिए भर दिया एवं लोगों को बीमार करवाने का पूरा इंतेजाम कर दिया है और न ही क्लब हाउस पूरा बनाया है, सिक्योरिटी एवं हाउसकीपिंग स्टाफ भी आधा कर दिया है और वे अपना कर्तव्य निभाने में सक्षम और कुशल नहीं हैं इसके साथ ही बिल्डर ने निवासियों से बिजली कनेक्शन एवं नया डीजल जनरेटर पावर बैकअप खरीदने के नाम पर करोड़ो रुपए का घोटाला करके आधे से भी कम क्षमता का पावर कनेक्शन एवं किराए का डीजल जनरेटर लगवा दिया, जो कि निवासियों को बिजली एवं पावर बैकअप देने के लिए बिल्कुल उपयुक्त नहीं है। आशु गौतम, सीनियर एग्जीक्यूटिव, हाई ग्रींस फैसिलिटी ने बताया कि निवासियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर निरंतर काम जारी है। पावर बैक अप दुरुस्त हो गया है और यह सुचारु रूप से कार्य कर रहा है, जिसकी सूचना निवासियों को भी दी जा चुकी है। लीकेज व सीपेज के ऊपर निरंतर काम चल रहा है और इसमें काफी सकारात्मक सुधार भी हुआ है। अग्निशमन उपकरण के इंस्टालेशन की प्रक्रिया लगातार जारी है। सभी पानी की टंकियों में ऑटोमेशन सिस्टम ठीक करा दिए गए हैं। पहले की एजेंसियों को बदल दिया गया है और नए एजेंसियों द्वारा पर्याप्त संख्या में सफाई एवं सुरक्षाकर्मियों की तैनाती हो गई है। बिल्डर द्वारा हमें इन्फॉर्म किया गया है रजिस्ट्री की फॉर्मेलिटी की प्रक्रिया जल्द शुरू हो जाएगी।

- मूलभूत सुविधाओं को लेकर सोसाइटी के निवासी लगातार कर रहे हैं मांग
- बिल्डर की तरफ से जारी बयान में लोगों की तरफ से उठाए गए मुद्दों पर जारी है काम

## डॉ. राकेश आर्य बनाए गए जिला आर्य प्रतिनिधि सभा गौतम बुद्ध नगर के अध्यक्ष



**ग्रेटर नोएडा,** 9 जून (देशबन्धु)। आर्य समाज सूरजपुर में रविवार हुई आर्य उप प्रतिनिधि सभा जनपद गौतमबुद्ध नगर की एक विशेष बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी, इतिहासकार और लेखक डॉ. राकेश कुमार आर्य को सर्वसम्मति से जिला आर्य प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष चुना गया। इससे पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने अपनी कार्यकारिणी का त्यागपत्र चुनाव समिति को सौंप दिया। जिसकी स्वीकृति के पश्चात नए अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी और आर्य समाज के सरपंच रामेश्वर सिंह द्वारा की गई। डॉ. राकेश कुमार आर्य के नाम का प्रस्ताव विजेंद्र सिंह आर्य द्वारा रखा गया। जिसका समर्थन निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, पूर्व अध्यक्ष आर्य वीरेश भाटी और देव मुनि द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त शिव कुमार आर्य को महामंत्री, धर्मवीर सिंह आर्य को उपमंत्री आर्य दिवाकर नागर को कोषाध्यक्ष, आर्य सागर खारी को सह कोषाध्यक्ष, दिनेश आर्य को ऑडिटर नियुक्त किया गया। जबकि प्रताप सिंह आर्य, महावीर सिंह आर्य, डॉ. आनंद आर्य, मुकेश नागर एडवोकेट व श्री प्रिंसिपल नरपत सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरा राकेश आर्य ने कहा कि वह सभी के साथ सामंजस्य बनाकर चलने का प्रयास करेंगे और जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसे पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि देश को राजार्य सभा को एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता है। श्री आर्य को सभा की अध्यक्षता कर रहे सरपंच रामेश्वर सिंह, आर्य समाज की रीढ़ देव मुनि, बलबीर सिंह आर्य, सुखबीर सिंह आर्य व उनके बड़े भ्राता देवेंद्र सिंह आर्य आदि ने शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर पंडित धर्मवीर आर्य, दिनेश आर्य, लालाराम आर्य, कमल आर्य, जीतराम आर्य, बाबूराम आर्य, जयप्रकाश आर्य, ओमप्रकाश आर्य, ब्रह्म सिंह आर्य, सतीश कुमार शास्त्री, सुरेंद्र सौरभ, भगत सिंह आर्य, रामजस आर्य अभी आर्य जन उपस्थित थे।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 10 जून 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कई आशंकाओं के साथ मोदी फिर पीएम

पहले दो बार की तरह उत्साह के साथ नहीं बल्कि कई आशंकाओं के बीच रविवार को नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद सम्हाल लिया है। उन्होंने इस तरह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बराबरी तो कर ली लेकिन उनकी यह पारी कई तरह के खतरों के बीच शुरू हो रही है। उनके पद सम्हालने के पहले ही यह सवाल पूछे जाने लगे थे कि आखिर यह सरकार कब तक चलेगी।

इन आशंकाओं के मजबूत आधार हैं। उसके कई आयाम भी हैं। पहली बात तो यही है कि मोदी सरकार पहले दो बार की भांति अपने बूते नहीं वरन दो दलों की बैसाखियों पर खड़ी है। आंध्रप्रदेश की तेलुगु देशम पार्टी के चन्द्रबाबू नायडू ने अपने 16 और बिहार के नीतीश कुमार ने अपने जनता दल (यूनाइटेड) के 12 सदस्यों के साथ नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस (एनडीए) का हिस्सा बनकर मोदी की ताजपोशी कराई है। दोनों के साथ मोदी व भारतीय जनता पार्टी का इतिहास खट्टा-मीठा रहा है। एनडीए के कहने को तो और भी कई सहयोगी दल हैं पर इतनी हैसियत किसी अन्य में नहीं है कि वे मोदी सरकार को गिरा सके। टीडीपी और जेडीयू के समर्थन को जितना मजबूत टेका माना जा रहा है, वे ही सबसे कमजोर कड़ियां भी बतलाई जा रही हैं। इसका कारण यह है कि वैचारिक रूप से दोनों पार्टियां भाजपा से दूर हैं। फिर, दोनों के लिये प्रांतीय हित उनकी राजनीतिक वरीयता में हैं। दोनों का इतिहास एनडीए का हाथ कभी धरने का तो कभी झटकने का रहा है।

अगर इस मुद्दे पर बात करें कि आखिर क्यों इन दो पार्टियों के सन्दर्भ व परिप्रेक्ष्य में ऐसा कहा जा रहा कि ये दोनों दल एनडीए सरकार से कभी भी अलग हो सकते हैं, तो जवाब है कि अनेक मुद्दे हैं जिन्हें लेकर उनका भाजपा के साथ टकराव होना तय है। मसलन, टीडीपी अल्पसंख्यकों की हितैषी मानी जाती है जबकि भाजपा का नज़रिया इस बाबत जगजाहिर है। जिस टीडीपी के साथ भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ हुआ विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा था, उसने मुस्लिमों के लिये कई तरह की आर्थिक मदद का वादा किया है। इनमें प्रमुख है हज जाने वालों के लिये 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, मदरसों, मौलवियों को हर माह नकद राशि आदि। भाजपा के लोग इसे कब तक बर्दाश्त करेंगे, कहा नहीं जा सकता। ऐसे ही, नीतीश बाबू सामाजिक न्याय के पुरोधा माने जाते हैं और देश में जाति आधारित जनगणना कराने के वे पैरोकार रहे हैं। भाजपा इसके विरोध में रही है। दोनों (चंद्रबाबू-नीतीश) ही अपने-अपने प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांग रहे हैं। जिस तरह से पिछले कई वर्षों से यह मांग लटकाकर रखी गयी है, वह अब भी शायद ही पूरी हो। कारण यह है कि केन्द्र ने अगर यह मांग मान ली तो और भी अनेक राज्यों से यह मांग उठ सकती है। फिर, इसका श्रेय भी क्रमश: टीडीपी एवं जेडीयू को जायेगा और भाजपा या मोदी उसका राजनीतिक लाभ नहीं उठा पायेगी। आने वाले समय में इन मुद्दों पर परस्पर टकराव सम्भावित है। इतना ही नहीं, समान नागरिकता कानून, नागरिकता संशोधन कानून, राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर आदि कई ऐसे मसले हैं जिन पर इन दोनों ही प्रमुख धड़ों की एनडीए से एकदम अलग राय है। इन दोनों सहयोगियों के रहते भाजपा इन मुद्दों पर आगे नहीं बढ़ सकेगी; और अगर नहीं बढ़ती तो वह अपने कोर वोटरों को नाराज़ व निराश दोनों ही करेगी। एक बात तो तय है कि भाजपा का मुस्लिम विरोधी एजेंडा आगे नहीं बढ़ सकेगा जिससे भाजपा कमजोर पड़ेगी क्योंकि यही उसकी मजबूती है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि आंध्रप्रदेश में तो टीडीपी को इतना बड़ा जनादेश है कि वह भाजपा पर बिलकुल भी निर्भर नहीं है; पर दिल्ली में उसका साथ छोड़ देने पर केन्द्र सरकार गिर जायेगी। इसलिये चंद्रबाबू कहीं अधिक भारी पड़ रहे हैं। बिहार में अगले वर्ष चुनाव हैं। यदि नीतीश को लगता है कि उनके केन्द्र में एनडीए के साथ रहने से उनका विधानसभा में नुकसान होगा तो वे कोई और फैसला ले सकते हैं।

एनडीए इस बार संसद के बाहर व भीतर भी गिरे हुए मनोबल के साथ दिखाई देगी। जबकि इंडिया ब्लॉक बेहद मजबूती के साथ लौटा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस तकरीबन 100 सदस्यों के साथ उपस्थित होगा। इससे आधी संख्या में मोदी को पानी पिलाने वाली कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी दो स्थानों से जीतकर सदन में आएंगे जबकि मोदी पिछले चुनावों के मुकाबले इतने कम वोटों से जीते हैं कि उसे एक तरह से उनकी हार ही कहा जा रहा है। इस समय की लोकसभा की बैठकों में वे यह नहीं कह सकेंगे कि वे एक अकेले सब पर भारी है। इसके साथ ही मोदी की कहें या भाजपा या एनडीए की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इंडिया पहले जैसी मजबूती से खड़ा है। पराजय के बाद भी उसमें कोई दरार नहीं पड़ी है। मोदी का वह दावा कहीं से पूरा होता नहीं दिख रहा है जिसमें उन्होंने कहा था कि 4 जून की शाम को इंडिया बिखर जायेगा। लोकसभा में मजबूत विपक्ष भाजपा को हर रोज परेशान करेगा।

लोगों का एक यह भी अनुमान है कि सरकार चलाने के लिये और पद पर बने रहने की अनिवार्यता के चलते मोदी को सहयोगियों की भरपूर लल्लो-चप्पो करनी पड़ेगी। इससे उनके प्रति होने वाली उपेक्षा से भाजपा के सदस्यों में निराशा व नाराज़गी हो सकती है। यह नाराजगी सरकार को भारी पड़ सकती है।

# मैं शेरनी हूं!

सोनिया गांधी ने कहा मजाक में मगर यह सबसे सही है। मैं शेरनी हूं। वाकई एक शेरनी की तरह वह लगातार लड़ रही हैं। कांग्रेस संसदीय दल की नेता चुने जाने के बाद उन्होंने मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे हार गए हैं। नेतृत्व करने का अधिकार खो चुके हैं। सोनिया को अब यह सब कहने और करने की जरूरत नहीं है। राहुल, प्रियंका और पार्टी नई ताकत के साथ सामने आए हैं। मोदी को साधारण बहुमत से भी पीछे रोक दिया। मगर जैसा कि खुद सोनिया ने कहा और सही कहा कि वे स्वभाव से शेरनी हैं।

राहुल का सबसे बड़ा गुण उनकी निडरता माना जाता है। पिछले दस साल में जब अच्छे-अच्छे डर गए। व्यक्ति क्या संवैधानिक संस्थाएं डर गईं तब भी राहुल डटे रहे। इसी पृष्ठभूमि में अमेठी से जीते किशोरी लाल शर्मा की पत्नी ने राहुल के लिए सोनिया गांधी से कहा कि आपने शेर बच्चा पैदा किया है।

दरअसल किशोरी लाल शर्मा का परिवार पंजाबी हैं। और पंजाबी में आम मुहावरा है- शेर पुत्तर! वही उन्होंने हिन्दी में कहा। और सोनिया ने हंस कर जवाब दिया कि मैं भी तो शेरनी हूं।

इस दिलचस्प वाकये के एकाध दिन पहले ही हमने ट्वीट किया था कि संजय गांधी के लड़के को डरते हुए देखना बहुत दुखद है। हमने उसमें कहा था कि सिर्फ डीएनए ही कुछ नहीं होता है। परवरिश, माहौल भी बड़ी चीज होती है। जिसने संजय गांधी को देखा है वह जानता है कि डर और दबना क्या होता है वह संजय जानते ही नहीं थे। उन्हीं के बेटे वरुण को जब भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो वे चुप रहे। सब सोचते थे कि वे निर्दलीय या किसी पार्टी से चुनाव लड़ेंगे। यूपी में जिस तरह कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को जबर्दस्त सफलता मिली है उस माहौल में वरुण का जीतना कोई बड़ी बात नहीं थी। मगर ठीक है वह नहीं लड़े। लेकिन फिर उन्होंने भाजपा का भी प्रचार किया। मेनका गांधी फिर भी हारीं। और उनकी राजनीति खतम हो गई। मगर इसके साथ मेनका ने बेटे का राजनीतिक कैरियर भी दांव पर लगा दिया। वरुण की पहचान गांधी होने के कारण ही थी। और केवल नाम से टाइटल से कुछ नहीं होता है। वह गुण परिवार का आना चाहिए। नहीं तो केवल नाम तो अरुण नेहरू का भी था। मगर आज कौन जानता है? किस को याद है? संजय गांधी का नाम सबको याद है। सबको याद रहेगा। वे तो केवल एक बार ही सांसद बने। और कुछ ही दिन रहे। मगर वरुण तो तीन बार सांसद रहे। लेकिन क्या अगर वे ऐसे ही डरे रहे तो कल कोई उन्हें याद करेगा?

इसी संदर्भ में हमने लिखा था कि संजय गांधी के बेटे को डरा हुआ देखकर दु:ख होता है। मगर साथ ही यह कहा था कि परवरिश बहुत महत्वपूर्ण होती है। और यही फर्क है सोनिया गांधी और मेनका में। सोनिया गांधी को भी अपने बच्चे बिना पिता के पालना पड़े। छोटे भाई संजय की तरह राजीव गांधी भी असमय चले गए। सोनिया पर भी दुखों का वैसा ही पहाड़ टूटा। परिवार कभी उस समय की तकलीफों, लोगों का साथ छोड़ जाने की बात नहीं करता है। बहुत बड़प्पन के साथ उसने अपना बुरा वक्त काटा। जो जानता है उसे मालूम है कि किस तरह उस वक्त राजीव गांधी के नजदीक रहे लोगों ने भी सोनिया के साथ धोखा किया। सोनिया गांधी के खिलाफ क्या क्या नहीं बोला।



शकील अख्तर

आज ममता बनर्जी की बहुत बात की जा रही है। विपक्ष में सीटें जीतने के मामले में वह तीसरे नंबर पर रहीं। बंगाल में उन्होंने मोदी को रोक दिया। कांग्रेस सौ के बाद सपा 37 और ममता 29 पर रहीं। तो ममता का जिक्र हम इसलिए कर रहे थे कि उस समय 1997 में जब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी तो वे सोनिया से मिलकर उन्हें पूरी बात बता कर गईं थीं कि कैसे नरसिम्हा राव सीताराम केसरी बंगाल के नेताओं से मिलकर उन्हें परेशान कर रहे हैं।

आज ममता बनर्जी की बहुत बात की जा रही है। विपक्ष में सीटें जीतने के मामले में वह तीसरे नंबर पर रहीं। बंगाल में उन्होंने मोदी को रोक दिया। कांग्रेस सौ के बाद सपा 37 और ममता 29 पर रहीं। तो ममता का जिक्र हम इसलिए कर रहे थे कि उस समय 1997 में जब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी तो वे सोनिया से मिलकर उन्हें पूरी बात बता कर गईं थीं कि कैसे नरसिम्हा राव सीताराम केसरी बंगाल के नेताओं से मिलकर उन्हें परेशान कर रहे हैं। ममता राजीव गांधी को हमेशा मानती रहीं। लेकिन उस समय और कांग्रेसी नेताओं ने नरसिम्हा राव और सीताराम केसरी को खुश करने के लिए सोनिया के खिलाफ खूब षडयंत्र किए। बहुत अभद्र भाषा का भी उपयोग किया।

लेकिन यहां यही बताने के लिए लिखा है कि इन सबसे सोनिया छोटी नहीं हुईं। उनके मन में बदला लेने किसी को नुकसान पहुंचाने की भावना नहीं आई। खुद उनके खिलाफ जो जितेन्द्र प्रसाद अध्यक्ष का चुनाव लड़े उनके न रहने के बाद उनकी पत्नी कान्ता प्रसाद को टिकट दिया। बेटे जितिन प्रसाद को भी मंत्री भी बनाया। वही जितिन भाजपा में जाकर वरुण की सीट पीलीभीत से चुनाव लड़े और जीते। राजनीति में यह आंख फेर लेने का सबसे बड़ा उदाहरण है।

राजीव और संजय दोनों के बेटों को धोखा देने का। खैर तो बात सोनिया की कर रहे थे। और इसलिए कि एक पूरी तरह अलग बैक ग्राउन्ड से आकर सोनिया जिस तरह भारतीय परिवेश में रच बस गईं और यहां के मुहावरे तक सीख लिए वह बहुत बड़ी बात है। नहीं तो यहां तो उत्तर भारत में ही एक बोली के मुहावरे दूसरी बोली वाले नहीं समझते। एक दूसरे की भाषा बोली का रोज मजाक उड़ाते हैं।

सोनिया ने हिन्दी सीखी। भारतीय परम्पराएं। आप कभी महिलाओं से बात करो तो वे सोनिया के साड़ी बांधने का जिक्र जरूर करती हैं। कहतीं हैं कि जिस ने शुरू से साड़ी नहीं देखी, पहनी हो उसका ऐसी अच्छी साड़ी बांधना बहुत बड़ी बात है।

सोनिया ने जीवन में जितने उतार-चढ़ाव देखे वैसा कम लोगों के साथ होता है। मगर उन्होंने कभी अपनी गरिमा नहीं खोई। विपक्ष में रहीं तब भी और सरकार में रहीं तब भी। दोनों स्थितियों में उन्हें बहुत विरोध का सामना करना पड़ा। जब राजनीति में आईं तो कांग्रेसियों ने किया। और फिर भाजपा ने।

विदेशी मूल का सवाल उठाकर उन्हें डराना चाहा। मगर सोनिया को अपने भारतीय बहू होने का इतना गर्व था कि वे पीछे नहीं हटीं। उनके आत्मविश्वास की वजह से ही आज वह आरोप जिसे भाजपा सबसे बड़ा हथियार समझती थी खतम हो गया।

अब सोनिया के खिलाफ उनके पास कुछ नहीं है। यह सोनिया की बहुत बड़ी जीत है। सोनिया दरअसल भारतीय महिला की उसी जिजीविषा का प्रतीक हैं जो हर विपरीत परिस्थिति में लड़ती रहती है। अपने अलग-अलग दायरों में। परिवार में, नौकरी में, सार्वजनिक जीवन में। और कभी हार नहीं मानती। हर हाल में अपने बच्चों को पाल पोस कर बढ़ा करती है।

यह देखने की बात है कि कैसे एक विदेशी परिवेश की लड़की ने दूसरे देश की सारी सभ्यता संस्कृति सीखी। भाजपा के लोग भी आज अपनी व्यक्तिगत बातचीत में सोनिया के संस्कारों की तारीफ करते हैं। चाहे एक पत्नी के रूप में, चाहे बहू के रूप में चाहे मां के रूप में। और राजनीति में एक ऐसी नेता के तौर पर जिसने प्रधानमंत्री पद ठुकरा दिया हो। लेकिन जनता से किए अपने सब वादे सरकार से पूरे करवाए हों।

किसान कर्ज माफी, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, महिला बिल, आरटीआई सब लेकर आईं। उनकी लाई सरकार थी। मगर कांग्रेसी इनमें से एक भी कानून पर राज़ी नहीं थे। सोनिया को पग पग पर संघर्ष करना पड़ा। वह तो 2011 में वे इन कांग्रेसियों और केन्द्र एवं दिल्ली सरकार के भरोसे रह गईं कि वे अन्ना हजारे को समझा लेंगे। नहीं तो अगर वे खुद अपने हाथ में मामला रखती तो 2013 में न दिल्ली सरकार जाती और न 2014 में केन्द्र सरकार।

लेकिन सरकारें चली गईं। सोनिया का इकबाल नहीं गया। वह आज भी कायम है। और इसलिए जब वे कहती हैं कि मैं भी शेरनी हूं तो सबको लगता है कि बिल्कुल सही बात है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

# प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेगा बेरोजगारी संकट

■ डॉ. ज्ञान पाठक

2014 के बाद से जारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले दो कार्यकालों में अभूतपूर्व बेरोजगारी संकट उनके तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहने की संभावना है, जब तक कि वर्तमान रोजगारहीन विकास मॉडल में बदलाव नहीं किया जाता। लगभग एक अरब कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में से, पिछले कुछ वर्षों से रोजगार में लगे लोगों की संख्या लगभग 40 करोड़ के आसपास रही है, जो चिंता का विषय है।

इस भयावह जमीनी हकीकत के बावजूद, प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के अधिकारी दावा करते रहे कि बेरोजगारी दर में गिरावट आ रही है। यहां तक कि सरकार के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चला है कि 2022-23 के दौरान बेरोजगारी दर गिरकर 3.1प्रतिशत हो गयी है। हालांकि, गैर-सरकारी सीएमआईई के ताजा रियल टाइम आंकड़ों से पता चलता है कि बेरोजगारी 7-8प्रतिशत के आसपास मंडराती रही है।

प्रभावी आर्थिक विकास के बावजूद, देश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी का संकट भयावह बना हुआ है, जो मोदी सरकार द्वारा 2014 से अपनाये जा रहे रोजगार रहित विकास मॉडल का प्रमाण है। लोकसभा के नतीजों ने पीएम मोदी को लोकसभा में बहुमत से वंचित कर दिया, जो उनके लिए और सरकार में एनडीए सहयोगियों के लिए भी एक सबक है।

लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान, जब बेरोजगारी मतदाताओं के बीच एक प्रमुख मुद्दा बन गयी, तो केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने एक बयान दिया कि 2022-2023 में 30 मिलियन नौकरियां पैदा की गयीं और पिछले पांच वर्षों में 110 मिलियन से अधिक नौकरियां जोड़ी गयीं। इसका मतलब यह था कि मोदी सरकार ने देश के बेरोजगारी संकट को पहले ही हल कर दिया था, क्योंकि हर साल लगभग 20 मिलियन लोग ही भारतीय श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। इसका यह भी मतलब था कि मोदी सरकार ने एक साल में 30 मिलियन नौकरियां पैदा करके ज़रूरत से ज्यादा काम किया।

डावरा ने यह बयान भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटाबेस के 2022-23 के अंतिम आंकड़ों का हवाला देते हुए दिया था, जो पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवा क्षेत्रों में रोजगार सृजन और उत्पादकता के स्तर को ट्रैक करता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि डावरा के दावे का समर्थन केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के वार्षिक पीएलएफएस डेटा से भी नहीं होता है।

यहां यह याद रखना जरूरी है कि नरेंद्र मोदी ने 2014 में अपने चुनाव प्रचार के दौरान हर साल 20 मिलियन नौकरियां देने का वायदा किया था, जो कभी पूरा नहीं हुआ, यहां तक कि हर साल जारी होने वाले सरकारी आंकड़ों के अनुसार भी नहीं। लेकिन अचानक मोदी सरकार के श्रम सचिव ने पिछले महीने मई में कहा कि पिछले साल 30 मिलियन नौकरियां पैदा हुईं।

मार्च में ही मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा था कि यह मान लेना गलत है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं को हल कर सकती है। उन्होंने यह बयान नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान (आईएचडी) के संयुक्त प्रकाशन 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024: युवा रोजगार, शिक्षा और कौशल' के लॉन्च के दौरान दिया था। सीईए नागेश्वरन ने आश्चर्य जताया था कि सरकार 'खुद को और अधिक नियुक्त करने के अलावा रोजगार के मामले में क्या कर सकती है', उन्होंने कहा कि 'सामान्य दुनिया में, यह वाणिज्यिक क्षेत्र है जिसे नियुक्तियां करने की जरूरत है।'

रोजगार सृजन पर मोदी सरकार का दृष्टिकोण काफी चौंकाने वाला था। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि अभूतपूर्व बेरोजगारी संकट को हल करना मोदी सरकार की प्राथमिकता नहीं थी। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने सीईए के इस बयान की आलोचना की थी कि 'सरकार बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं कर सकती'। अगर यह भाजपा सरकार का आधिकारिक रुख है तो यह चौंकाने वाला है, हमें भाजपा से साहसपूर्वक कहना चाहिए कि 'अपनी कुर्सी छोड़ो'।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था, 'हमारे युवा मोदी सरकार की दयनीय उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे हैं, क्योंकि लगातार बढ़ती बेरोजगारी ने उनके भविष्य को नष्ट कर दिया है। आईएलओ और आईएचडी की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 'भारत में बेरोजगारी की समस्या गंभीर है। वे रूढ़िवादी हैं, हम बेरोजगारी के बम पर बैठे हैं!' उन्होंने यह भी कहा था कि 2012 से मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी तीन गुना बढ़ गयी है।

भारत के पास राष्ट्रीय रोजगार नीति भी नहीं है, हालांकि श्रम और रोजगार के मुद्दों पर देश में शीर्ष त्रिपक्षीय निकाय भारत श्रम सम्मेलन (आईएलसी) ने 2013 में अपने 45वें सत्र में इसकी सिफारिश की थी। आईएलसी ने 2015 में आयोजित अपने 46वें सत्र में भी इसे दोहराया, उसके बाद मोदी सरकार ने कभी इसका अगला सत्र नहीं बुलाया। मोदी सरकार ने अभी तक देश के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति लाने की कोई योजना नहीं बनायी है।

2017-18 तक भारत की बेरोजगारी दर 6.1प्रतिशत हो गयी थी, जो 45 साल में सबसे अधिक थी। अब भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 ने नौकरी के मोर्चे पर एक गंभीर तस्वीर पेश की है, खास तौर पर भारतीय युवाओं के लिए। इस प्रकाशन से देश को पता चलता है कि लाखों युवाओं को कभी नौकरी नहीं मिल पायी, उनमें से कई की मोदी शासन के पिछले 10 वर्षों के दौरान नौकरी की योग्यता की उम्र ही निकल गयी, और जो किसी तरह नौकरी पाने में कामयाब रहे उनमें से 90प्रतिशत अनौपचारिक रूप से कार्यरत हैं, जिनमें से 82प्रतिशत अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत हैं। 2022 में 55.8प्रतिशत लोगों के लिए स्वरोजगार ही रोजगार का प्राथमिक स्रोत बना रहा, जबकि आकस्मिक रोजगार में केवल 22.7प्रतिशत और नियमित रोजगार में केवल 21.5प्रतिशतलोग ही थे।

चुनाव प्रचार के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में स्टार्टअप महाकुंभ में कहा था कि भारत के 'युवाओं ने नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी देने वाले बनने का विकल्प चुना है'। यह बेरोजगारों लोगों के लिए एक अपमानजनक बयान था, भले इस तरह के भौंडे संवेदनहीन डींगें भाजपा या मोदी समर्थकों को प्रिय लगे हों।

मोदी की तीसरी सरकार में भाजपा के गठबंधन सहयोगियों को पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. कौशिक बसु द्वारा हाल ही में कही गयी बातों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत की युवा बेरोजगारी दर 45.4प्रतिशत के साथ दुनिया में सबसे अधिक है। उन्होंने सरकार से इस गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह किया है।

प्रभावी आर्थिक विकास के बावजूद, देश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी का संकट भयावह बना हुआ है, जो मोदी सरकार द्वारा 2014 से अपनाये जा रहे रोजगार रहित विकास मॉडल का प्रमाण है। लोकसभा के नतीजों ने पीएम मोदी को लोकसभा में बहुमत से वंचित कर दिया, जो उनके लिए और सरकार में एनडीए सहयोगियों के लिए भी एक सबक है। बेरोजगारी सरकार के लिए एक प्रमुख समस्या बनी रहने की संभावना है।

## गुरवाणी विचार

# शांति के पुंज शहीदों के सरताज गुरु अर्जुन देव

सिखों के पांचवे नानकजी गुरु अर्जुनदेव चौथे नानक गुरु रामदास जी के सब से छोटे पुत्र थे। आप जब बहुत ही छोटे थे तब आप ने नाना तीसरे नानक गुरु अमरदास के पलंग पकड़ कर चढ़ने का प्रयास कर रहे थे तब गुरु देव ने कहा था कि अभी समय है गुरु नानक की गद्दी आप को ही मिलेगी और आप को वर दिया था-दोहिता वाणी का बोहिता।

आपने ही अमृतसर में रामदास सरोवर में हरिमंदर साहब का निर्माण कराया था। जिसकी नींव उस वक्त के प्रसिद्ध सूफी संत सांई मियां मीर जी से रखवाई गई थी। आपने अमृतसर से कुछ किलोमीटर दूर तरनतारन में भी एक विशाल सरोवर बनवाया जिसकी एक तरफ गुरुद्वारा, दूसरी तरफ अस्पताल का निर्माण करवाया जिसमें कोढ़ रोग से ग्रसित लोगों का मुफ्त ईलाज किया जाता है। आपने ही अमृतसर में सतोखसर रामसर सरोवरों का भी निर्माण करवाया था। आपने भादों सुदी व सन् 1604 को गुरुग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश भी करवाया जिसके मुख्य ग्रंथी भाई बुड्ढा जी थे। इस ग्रंथ में आपने अपनी रचित वाणी और उस वक्त के निर्गुण विचार धारा के पंद्रह भक्तों की वाणी चार गुरसिखों की वाणी और ग्यारह भठों की वाणी संकलित करवाई थी। हरिमंदर साहिब के चार दरवाजे इस बात के प्रतीक हैं कि- उपदेश चहुं वर्णों को सांझां। गुरुदेव की वाणी प्रतिष्ठा देखकर उस वक्त के हाकिम मुगल इनसे बहुत चिढ़ते थे। चन्दु नामक एक अहलकार जो कि अपनी बेटी का रिश्ता इनके बेटे हरगोविंद साहिब से करवाना चाहता था पर गुरुदेव ने साध संगत के कहने पर इंकार कर दिया था। बादशाह जहांगीर के कान हर वक्त मुगल काजी मुल्ला के खिलाफ भरते रहते थे। इधर चंदु ने भी बादशाह के कान भरने चालू कर दिये। इन्हीं सब कारणों से बादशाह ने इन्हें लाहौर बुला भेजा और शर्त रखी कि चाहे आप इस्लाम कबूल कर लो या दो लाख रुपिया जुर्माना भरो और गुरुग्रंथ साहिब में इस्लाम संबंधी वाणी भी अंकित करो पर गुरुदेव ने इस्लाम धर्म मानने और गुरुग्रंथ साहिब में वाणी इस्लाम संबंधी दर्ज करने से इंकार कर दिया और जुर्माना पटाने हेतु नहीं है वरना समाज सेवा इत्यादि के लिए है। तब आप पर काजियों द्वारा फतवा लगा कर यासा कानून के तहत शहीद करने का आदेश दे दिया गया। इस तरह मानवता के कातिलों ने आपको गर्म तवे पर बिठाकर ऊपर से गर्म रेत डाल-डाल कर फिर उबलती पानी के देग में डाल कर बेरहमी से शहीद कर दिया। फिर भी आपके मुख से यही निकलता रहा- तेरा भाणा मीठा लागै- हरि नाम पदारथ गुरदेव। गर्म तवे, गर्म रेत, उबलती देग के पानी के दुखों से बहुत ऊंचे शरीर पर छाले होते रहे फिर भी आपने हंसते-हंसते शहीदी का जाम पी लिया।

शहीदी हमेशा जीवन बख्शती है। शहीद की मौत कभी व्यर्थ नहीं जाती। गुरुदेव की इस शहादत ने सिख इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी। इतिहास कार मोहम्मद लतीफा और इस शहादत को सिख इतिहास का एक नया मोड़ बताते हैं। गुरुदेव की शहादत के चाहे कितने भी कारण बयान किये गये हैं पर आप के द्वारा दबे-कुचले हुए जुल्म के शिकार लोगों में आलम विश्वास पैदा कर दिया गया था और उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने का प्रयास ही मुख्य कारण था क्योंकि जबर और जुल्म द्वारा लोगों को कुचल कर उनमें गुलामी का एहसास पैदा कर अपनी सत्ता को बनाए रखने को काफी तानाशाह लग रहा था। संसार जानता है कि गुरुदेव की शहादत के बाद आपके सुपुत्र हर गोविंद साहिब ने छठवें नानक के रूप में मीरी पीरी की दो तलवारें धारण की ताकि सिख जुल्म का मुकाबला कर सके। इस शहादत ने सिखों के महल की एक मजबूत बुनियाद कायम की। जिसका नतीजा दशम पिता गुरु गोविंद सिंह ने सिख पंथ की स्थापना के रूप में हुआ। ऐसे शांति के पुंज लासानी शहीद को हम उनकी शहीदी पर कोटि कोटि नमन करते हुए यह प्रणस करें कि उनके बनाये आदर्शों पर चलकर जीवनयापन करेंगे। दीन दुखियों की सेवा नेक कमाई का दसबंध निकाल कर खर्च करेंगे।

इंदर सिंह आहुजा

## आपके पत्र

# जलवायु परिवर्तन हवाई यात्रा को मुश्किल बना रहा है

पिछले दिनों सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान के वायु विक्षोभ (टर्बुलेंस) की गिरफ्त में आने और 1800 मीटर तक गिरते चले जाने की घटना काफी चर्चा में रही। इसने हवाई यात्रियों में चिंता (और दहशत) भर दी। साथ ही, इसमें जलवायु परिवर्तन की भूमिका की संभावना होने की बात भी सामने आई है।

गौरतलब है कि हवाई जहाज़ों का विक्षोभ का सामना करना एक आम घटना है, जिसके कई कारण हो सकते हैं। हवाई अड्डों के नज़दीक तेज़ हवाएं टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान विमानों को थरथरा सकती हैं। ऊंचाई पर, तूफानी बादलों के बीच या उनके नज़दीक से गुज़रते समय विमानों को विक्षोभ का सामना करना पड़ सकता है। इन स्थानों पर तेज़ी से ऊपर और नीचे जाती हवाएं अस्थिरता पैदा करती हैं। इसके अतिरिक्त, पर्वत श्रृंखलाओं के ऊपर से गुज़रने वाले विमानों को पहाड़ों से उठने वाली हवाएं ऊपर धकेल सकती हैं। इसके अलावा पूरी धरती के इर्द-गिर्द मंडराने वाली शक्तिशाली पवन धाराओं (जेट स्ट्रीम) के सिरों पर हवाई जहाज़ विक्षोभ में फंस सकते हैं।

हो सकता है कि सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान ने तूफान से सम्बंधित विक्षोभ का सामना किया हो या क्लियर-एयर विक्षोभ का सामना किया हो। क्लियर-एयर विक्षोभ बादलों के बाहर होता है और इसका पता लगाना भी कठिन होता है। रीडिंग युनिवर्सिटी के वायुमंडलीय शोधकर्ता पॉल विलियम्स का कहना है कि इस घटना के कारण का पता लगाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है।

वैसे पिछले कुछ समय से इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण विक्षोभ की घटनाएं अधिक होने के साथ गंभीर भी हो रही हैं। विलियम्स और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में 1979 और 2020 के बीच उत्तरी अटलांटिक पर क्लियर-एयर विक्षोभ में 55 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वैश्विक स्तर पर भी इसी तरह की वृद्धि देखी गई है। इस वृद्धि का कारण जलवायु परिवर्तन के कारण जेट स्ट्रीम्स का प्रबल होना बताया जा रहा है।

भविष्य के अनुमान और भी चिंताजनक हैं। जलवायु मॉडलों के आधार पर शोधकर्ताओं का अनुमान है कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होगी, गंभीर विक्षोभ की घटनाएं अधिक आम हो जाएंगी। साथ ही, गंभीर विक्षोभ की आवृत्ति भी दुगुनी हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप उड़ानों के दौरान असुविधा की स्थिति लगातार और लंबे समय तक हो सकती है। अलबत्ता, इसका मतलब यह नहीं है कि हवाई यात्राएं अधिक असुरक्षित हो जाएंगी।

वर्तमान में पायलट मौसम विशेषज्ञों से विक्षोभ अनुमान पता करते हैं और इस आधार पर सुरक्षित उड़ान मार्ग तय करते हैं। हवाई जहाज़ में उपस्थित रडार प्रणाली पानी की बूंदों का पता लगाकर तूफानी बादलों से बचने में मदद करती है, लेकिन ये प्रणालियां क्लियर-एयर में होने वाले विक्षोभ के संदर्भ में नाकाम रहती हैं।

लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिग नामक एक तकनीक कुछ हद तक इसका समाधान प्रदान कर सकती है जो रेडियो तरंगों की बजाय प्रकाश तरंगों का उपयोग करती है। काफी दूर से साफ हवा में होने वाले विक्षोभ को भांप सकती है, जिससे पायलट हवाई जहाज़ को इन अदृश्य खतरों से बचाकर निकाल सकते हैं। हालांकि, इसकी उच्च लागत और उपकरणों का अधिक वज़न इसके व्यापक उपयोग में एक बाधा है। बहरहाल, तब तक वायुयान चालक यात्रियों से आग्रह करते हैं कि सुरक्षा के लिए हमेशा सीटबेल्ट बांधे रखें। (स्त्रोतफीचर्स)

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## हैती के प्रधानमंत्री कॉनिल की हालत स्थिर

**पोर्ट-औ-प्रिंस।** अस्थमा के दौरे के बाद अस्पताल में भर्ती हैती के प्रधानमंत्री गैरी कॉनिल की हालत स्थिर है। यह जानकारी उनके कार्यालय ने रविवार को दी। एजेंसी फ्रांस-प्रेसे ने रविवार को बताया कि अस्थमा के दौरे के बाद श्री कॉनिल को अस्पताल में भर्ती किया गया था। एजेंसी ने बताया कि प्रधानमंत्री को इलाज के लिए विदेश ले जाया जा सकता है। कार्यालय ने एक्स पर एक बयान में कहा कि एक सप्ताह की अत्यधिक व्यस्तता के बाद, शनिवार अपराह्न, 08 जून, 2024 को प्रधानमंत्री कॉनिल ने खुद को थोड़ा अस्वस्थ महसूस किया और उन्हें इलाज के अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत फिलहाल स्थिर है।

# देश विदेश

# गाजा में इजरायली हवाई हमले में 210 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा,** 9 जून (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में ताजा इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 210 फिलिस्तीनी मारे गए और 400 से अधिक अन्य घायल हो गए। इजरायली सेना ने कहा कि उसने इस दौरान चार बंधकों को छुड़ा लिया है। सेंट्रल गाजा के डेर अल-बलाह में अल-अक्सा अस्पताल के निदेशक खलील अल-दकरान ने सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली बमबारी के कारण बड़ी संख्या में घायल फिलिस्तीनियों को अस्पताल भेजा गया है, जिनमें से कुछ की मौत की पुष्टि हो गई है। फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली विमानों ने इस इलाके को निशाना बनाया और जबरदस्त बमबारी की। इस इलाके में काफी देर तक धुआं उठते हुए देखा गया। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि नुसेरत शिविर पर फिलिस्तीनी आतंकवादियों और इजरायली सैनिकों के बीच घातक झड़पें हुईं। इस दौरान इजरायली सैनिकों ने कई आतंकवादियों को मार गिराया। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हनीयेह ने एक बयान में कहा कि इजरायल ने बच्चों और महिलाओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी ने एक प्रेस बयान में कहा कि यह युद्ध सब कुछ नष्ट कर देगा। किसी को सुरक्षा या शांति हासिल नहीं होगी। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गाजा पर युद्ध को रोकने का आह्वान किया। इजरायली सेना, पुलिस और खुफिया निकाय शिन बेट ने एक संयुक्त बयान में कहा कि उसने चार इजरायली बंधकों को मुक्त कराया है। मुक्त किये गए बंधकों को इजरायल के तेल हाशोमर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है।



## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने गाजा में युद्ध विराम का किया आह्वान

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के दौरान गाजा में तत्काल युद्ध विराम का आग्रह किया। बाइडेन फ्रांस की यात्रा पर हैं। मैक्रों ने शनिवार को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नौ महीने के संघर्ष के बाद, रफा में स्थिति काफी दयनीय है। मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ये अस्वीकार्य है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इजरायल गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सभी क्रॉसिंग पॉइंट नहीं खोल रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय कई महीनों से ये मांग कर रहा है। बाइडेन ने कहा कि वे सभी बंधकों की घर वापसी और गाजा में युद्ध विराम के लिए काम करना जारी रखेंगे। नॉरमैंडी लैंडिंग की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए बाइडेन दो दिन की फ्रांस यात्रा पर हैं। इस बीच, सेंट्रल गाजा में नुसेरत शिविर पर इजरायली हवाई हमलों में 210 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कड़ी निंदा की है। शनिवार को जारी एक बयान में कनानी ने हमलों के दौरान सैकड़ों फिलिस्तीनी नागरिकों की हत्या को भयानक अपराध बताया। प्रवक्ता ने कहा कि इजरायल द्वारा किया गया अपराध गाजा में युद्ध अपराध के साथ-साथ विभिन्न देशों की सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की निष्क्रियता का परिणाम है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इजरायल को हथियार मुहैया कराने के लिए अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों को दोषी ठहराया।

## लेबनान में इजरायली हवाई हमले में चार लोगों की मौत

**बेरूत,** 9 जून (एजेंसियां)। दक्षिणी लेबनान के गांवों पर शनिवार को इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली युद्धक विमान ने हौला गांव में एक घर को निशाना बनाया, जिसमें हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए और तीन नागरिक घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि एक अन्य इजरायली हवाई हमले में हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलों के साथ एतारौन गांव के एक वाणिज्यिक बाजार को निशाना बनाया गया जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मारे गए नागरिकों की पहचान कॉफी शॉप के मालिक अली खलील हमद और मुस्तफा इस्सा नाम के एक युवक के रूप में की गई।

## सुडोकू 6581

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | | | 8 | | | 6 |
| | | 8 | | | 2 | | | |
| | 6 | | 3 | | 7 | | | 5 |
| | 9 | | | | | | | 7 |
| | | 3 | | 4 | | 6 | | |
| 1 | | | | | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | | 3 | | 6 | |
| | | | 1 | | | 7 | | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 10 जून , 2024 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - भावनाओं का अतिरेक आपके मन को संवेदनशील बना देगा, इसलिए किसी की वाणी और व्यवहार से आपको जल्द बुरा महसूस होगा। माता की अस्वस्थता के कारण आपको चिंता होगी। आपके सम्मान को ठेस पहुंचेगी।

वृषभ - आपकी चिंताएं कम होंगी। इस कारण स्फूर्ति और उत्साह बना रहेगा। आज अधिक कल्पनाशील बनेंगे। अपनी कला और सृजनशक्ति को लोगों तक लाने के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक सदस्यों पर आपका ध्यान अधिक रहेगा।

मिथुन - आज आपको काम में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी, परंतु इसमें विलंब हो सकता है। प्रयत्न जारी रखें। आपकी आर्थिक योजनाओं में थोड़े विघ्न आएंगे लेकिन बाद में सारे काम आसानी से बन जाएंगे।

कर्क - आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपका आज का दिन मित्रों और स्नेहियों के साथ मौज-मस्ती में गुजरेगा। आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे।

सिंह - किसी बात की चिंता आपको लगी रहेगी। इसका असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। स्वभाव में गुस्से के कारण किसी से विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों में सावधान रहना पड़ेगा।

कन्या - आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से आपको लाभ होगा। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ हो सकेगा। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे इसलिए आपकी पदोन्नति हो सकती है।

तुला - आज भाग्य आपके साथ होने से आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका मान सम्मान बढ़ेगा। अधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने में आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज शारीरिक थकान और आलस्य महसूस होगी, इस कारण काम करने में उत्साह नहीं होगा। आपके काम में उच्च अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहने से आप निराशा अनुभव करेंगे।

धनु - कुछ खराब प्रसंग, बीमारी या उग्र स्वभाव के कारण आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। आपको क्रोध पर नियंत्रण में रखने की सलाह दी जाती हैं। अवैध प्रवृत्ति तथा नए संबंध के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

मकर - आज आप दैनिक कामों को किनारे रखकर मनोरंजन तथा लोगों से मिलने-जुलने में समय व्यतीत करेंगे। आप मनोनुकूल भोजन और प्रवास से खुशी महसूस करेंगे। आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

कुंभ - आज आप अपने काम में सफलता प्राप्त करेंगे। लोग आपके काम की सराहना करेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपके संबंध अधिक मजबूत बनेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होगा।

मीन - आपकी सृजनशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप कला और साहित्य में रुचि लेंगे। आप अत्यधिक भावनाशील बनेंगे और स्नेहीजनों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ बनेंगे। काफी मस्ती के मूड़ में रहेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## मनीला में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**मनीला,** 9 जून (एजेंसियां)। फिलीपींस की राजधानी मनीला में शनिवार देर रात मोटरसाइकिल और कार की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि यह दुर्घटना मनीला शहर में स्थानीय समयानुसार देर रात करीब 2.30 बजे हुई । मोटरसाइकिल और कार की टक्कर में कार का हुड क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे 50 वर्षीय यात्री और मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल चालक शराब के नशे में धुत्त था। पुलिस ने कार चालक को भी हिरासत में लिया है और जांच जारी है।

# कतर, मिस्त्र ने युद्धविराम समझौता नहीं होने पर हमास को परिणाम भुगतने की धमकी दी

**दोहा,** 9 जून (एजेंसियां)। कतर और मिस्त्र ने अमेरिकी प्रशासन के निर्देश पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेताओं को धमकी दी है कि यदि वे इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हुए तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, संपत्ति जब्त की जा सकती है, प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं और दोहा में उनकी शरणस्थली से निष्कासन किया जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। हालाँकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों के विपरीत परिणाम सामने आए है और हमास ने कहा है कि वह ऐसे सौदे पर सहमत नहीं होगा जो उसकी शर्तों को पूरा नहीं करते है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले हफ्ते कहा था कि इज़रायल ने हमास को एक रोड मैप के साथ एक नया तीन-चरण का प्रस्ताव दिया, जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी और सभी बंधकों की रिहाई होगी। प्रस्ताव के पहले चरण में पूर्ण युद्धविराम, सभी गाजा आबादी केंद्रों से इजरायली सैनिकों की वापसी और हमास द्वारा बंधक बनाए गए कुछ लोगों की रिहाई, जिनमें घायल, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं के साथ-साथ जेलों से हिरासत में लिए गए फिलिस्तीनियों की रिहाई शामिल है। दूसरे चरण में शेष बंधकों की रिहाई के बदले में शत्रुता की अनिश्चितकालीन समाप्ति शामिल है। पहल का तीसरा चरण युद्धग्रस्त गाजा का पुनर्निर्माण शुरू करना है।



इज़रायल ने हमास को एक रोड मैप के साथ एक नया तीन-चरण का प्रस्ताव दिया, जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी : जो बाइडेन, अमेरिका राष्ट्रपति

# सोमाली सेना ने अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मार गिराया

**मोगादिशु,** 9 जून (एजेंसियां)। सोमालिया में सशस्त्र बलों ने देश के मध्य भाग में गलगुडुड प्रांत में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मार गिराया है। सोमाली समाचार पोर्टल मोगादिशु 24 ने सूचना मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में गत दिवस को कहा गया कि मंत्रालय ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान पांच सोमाली सैनिक मारे गए। उल्लेखनीय है कि अल-शबाब एक सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है। यह समूह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है। ईरान ने इस्लामिक देशों से इजरायल के साथ सहयोग बंद करने का आग्रह किया ईरान ने इस्लामिक देशों से इजरायल के साथ सहयोग बंद करने का आग्रह किया तेहरान 09 जून (वार्ता) ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बघेरी ने शनिवार को कहा कि इस्लामिक देशों को इजरायल के साथ राजनीतिक एवं आर्थिक सहयोग बंद कर देना चाहिए और आयात का बहिष्कार करना चाहिए। श्री बघेरी ने सीएनएन तुर्क ब्रॉडकास्टर के साथ एक साक्षात्कार में कहा, हमारी राय में इस्लामी देशों द्वारा की जाने वाली सबसे प्रभावी पहल इजरायली शासन के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बंद करना और इसके साथ सभी आयात और निर्यात का बहिष्कार करना होगा।

■ **अल-शबाब एक सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है**



## तुर्की में बस दुर्घटना में दो की मौत, 30 घायल

**अंकारा,** 9 जून (एजेंसियां)। तुर्की के पूर्वी प्रांत वान में रविवार तड़के एक बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हुए। स्थानीय समाचार पत्र मिलियेट ने यह जानकारी दी। अखबार ने बताया कि वैन बिटलिस राजमार्ग पर कुस्कुंकिरन सुरंग के पास एक यात्री बस और एक ट्रक की टक्कर हो गई। दुर्घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चला है। दुर्घटना स्थल पर बचाव दल और चिकित्सा कर्मियों को भेजा गया है। अखबार ने बताया कि बस चालक और एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## वर्ग पहेली 6581

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | ■ | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१.दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमजा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बाँधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. (के) स्थान पर, बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़ता पूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. गोश या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या कुंआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरुआत
२०. जड़ी-बूटी या खनिजों का रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो,अधो

### वर्ग पहेली-6580

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | र | २ तं | त्र | ३ ता | ■ | ४ अ | न | ५ दे | खा |
| द | ■ | त्रि | ■ | ६ र | खा | व | ■ | वा | ■ |
| ७ या | चि | का | ■ | का | ■ | ८ सा | म | रि | ९ क |
| त्री | ■ | ■ | ■ | १० य | ज | न | ■ | ■ | ष्ट |
| ■ | ११ भ | द्र | १२ ज | न | ■ | ■ | १३ ति | न | का |
| ■ | ज | ■ | त | ■ | १४ मु | श्कि | ल | ■ | र |
| १५ सु | न | १६ सा | न | ■ | नी | ■ | १७ क | १८ न | क |
| रा | ■ | थ | ■ | १९ म | म | २० ता | ■ | जी | ■ |
| २१ सु | र | सा | ■ | न्म | ■ | २२ न | का | र | २३ ना |
| र | ■ | २४ थ | र | थ | रा | ना | ■ | ■ | द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1246-नसीरुद्दीन मुहम्मद शाह दिल्ली की गद्दी पर आसीन हुआ।
1829-ब्रिटेन की आक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के बीच पहली बोट रेस।
1848-न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहला टेलीग्राफ लिंक शुरू।
1890-भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और असम के प्रथम मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई का जन्म।
1931-नार्वे ने पूर्वी ग्रीनलैंड पर कब्जा किया।
1934-सोवियत संघ और रोमानिया के बीच राजनयिक संबंध दोबारा स्थापित।
1940-इटली ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस और ब्रिटेन के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
1946-राजशाही खत्म होने के बाद इटली गणतांत्रिक राष्ट्र बना।
1955-सुप्रसिद्ध भूतपूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण का जन्म।
1966-वायु सेना के लड़ाकू विमान %मिग% का महाराष्ट्र के नासिक जिले से उत्पादन शुरू।
1971-अमेरिका ने चीन के 21 साल के व्यापार प्रतिबंध को खत्म कर दिया।
1972-मुम्बई के मडगाँव बंदरगाह से पूर्ण वातानुकुलित पोत हर्षवर्धन का जलावतरण हुआ।
1981-भारत के एथलीट देवेन्द्र झाझरिया का जन्म।
1983-ब्रिटेन में मार्गरेट थैचर पुन: प्रधानमंत्री बनीं।
1986-भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर लॉर्ड्स में पहली टेस्ट जीत दर्ज की।

**घोषणा** *दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों ने एक संयुक्त बयान में दी जानकारी*

# अमेरिका ने नाइजीरिया से सैनिकों की वापसी शुरू की

**नियामी, 9 जून (एजेंसियां)। अमेरिका ने नाइजीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों ने एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि अमेरिकी रक्षा विभाग और नाइजर गणराज्य के नाइजीरियाई राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि नाइजर से अमेरिकी सेना और संपत्ति की वापसी प्रारंभिक तैयारियों से लेकर पुन: तैनाती तक बढ़ गई है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन अमेरिकी वायु सेना के सी-17 ग्लोबमास्टर 3 के 7 जून** 2024 को नियामी में हवाई अड्डा 101 से प्रस्थान के साथ शुरू हुआ। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा कुछ अमेरिकी सेनाएं अपने मिशन समाप्त करने के बाद पहले ही नाइजर से अपने गृह स्टेशनों पर फिर से तैनात हो चुकी हैं। बयान में कहा गया है कि उसी समय हवाई अड्डा 101 और 201 से सैनिकों की वापसी में सहायता के लिए अमेरिकी सैन्य कर्मियों की एक छोटी टुकड़ी अफ्रीकी देश में पहुंची। अमेरिका और नाइजर 15 सितंबर से पहले अफ्रीकी देश से अमेरिकी सैनिकों की वापसी पूरी करने पर सहमत हुए। सैन्य वापसी मार्च में शुरू की गई थी जब एक नाइजीरियाई सैन्य प्रवक्ता ने कहा था कि देश की संक्रमणकालीन सरकार ने नाइजीरियाई लोगों के हितों का हवाला देते हुए अमेरिका के साथ सैन्य समझौते को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया था। संक्रमणकालीन सरकार ने जुलाई 2023 में तख्तापलट करके सत्ता संभाली थी। नाइजर में अनुमानित 1,100 अमेरिकी कर्मी हैं।



## अमेरिकी खुफिया डेटा ने इजरायल को बंधकों को मुक्त कराने में मदद की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया डेटा ने इजरायल को गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए चार लोगों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने में मदद की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गत सात अक्टूबर को नोवा संगीत समारोह से अपहरण किए गए चार बंधकों को बचाया। आईडीएफ ने कहा कि बंधकों के स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है और उन्हें आगे की चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक इजरायली अधिकारी का हवाला देते हुए कहा गया है कि इसके अलावा अमेरिका और ब्रिटेन के विशेषज्ञों की टीमें इजरायल को हवाई और साइबरस्पेस से खुफिया जानकारी प्रदान करती हैं। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर 2023 को हमास ने इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया एवं उसके सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

## दुनिया को जानें

### तिब्बत में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और स्तर में लगातार हो रहा सुधार

**बीजिंग,** 9 जून (एजेंसियां)। चीन में 8 जून को सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत दिवस मनाया गया। तिब्बत में कई स्थलों पर इस दिवस को मनाने के लिए रंगारंग ऑनलाइन और ऑफलाइन गतिविधियां आयोजित की गईं। हाल के वर्षों में, तिब्बत में विभिन्न स्तरों पर सांस्कृतिक विभागों ने अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए लगातार काम किया है। परिणामस्वरूप, अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के लिए सूची प्रणाली में लगातार सुधार हुआ है, संबंधित नीतियों व नियमावलियों को धीरे-धीरे बढ़ाया गया है और संरक्षण के तरीके अधिक विविध हो गए हैं, जिससे ग्रामीण पुनरुद्धार में योगदान मिला है। आंकड़ों के अनुसार, तिब्बत ने चार-स्तरीय अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची प्रणाली लागू की है, जिसमें अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की 10 श्रेणियां शामिल हैं। तिब्बती ओपेरा, गेसर और तिब्बती औषधीय स्नान विधियों को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की यूनेस्को प्रतिनिधि सूची में सफलतापूर्वक जोड़ा गया है। विभिन्न स्तरों पर अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की 2,760 प्रतिनिधि परियोजनाएं हैं, जिनमें विभिन्न स्तरों पर अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के 1,668 प्रतिनिधि उत्तराधिकारी हैं।

# प्रादेशिकी

## संस्कृति की रक्षा करने वाला समाज आगे बढ़ता है: डॉ. शांडिल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि अपनी संस्कृति की रक्षा करने वाला समाज हमेशा आगे बढ़ता है। डॉ. शांडिल सोलन के कोठों में फिलफॉट फोरम द्वारा आयोजित 36वीं अखिल भारतीय नृत्य, नाटक और संगीत प्रतियोगिता 'अभिनय 2024' के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि फिलफॉट फोरम द्वारा संगीत, नृत्य व अभिनय के माध्यम से पूरे भारत को जोड़ने का एक बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताएं जहां उभरते हुए कलाकारों को मंच प्रदान करती है वहीं हमारी समृद्धि संस्कृति को संजोए रखने में भी सहायक सिद्ध होती है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ऐसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हमारी संस्कृति के सवंर्द्धन एवं संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# कर्मचारियों के 1550 करोड़ मासिक वेतन खर्च से सरकार मुश्किल में

**शिमला,** 9 जून (देशबन्धु)। हिमाचल सरकार के कर्मचारियों का वेतन खर्च मासिक 1550 करोड़ पहुंच चुका है। सरकारी कर्मचारियों को हर महीने पहली तारीख को वेतन भुगतान होता है, लेकिन सार्वजिनक उपक्रमों में कर्मियों को वेतन पहली तारीख को छोड़कर भी पहले सप्ताह और दूसरे सप्ताह में मिलती है। प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को छठे वेतन

■ **कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद वेतन में वृद्धि हुई है**

आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद वेतन में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त महंगाई भत्ता और एरियर का भुगतान करने में भी बड़ी धनराशि चली जाती है। कर्मचारियों का वेतनमान संशोधित होने से पहले कर्मचारियों के वेतन पर 1197 करोड़ रुपये खर्च होते थे। प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि सरकार को नए वित्त वर्ष में अप्रैल माह से ऋण लेना पड़ा और ऋण लेने का



सिलसिला लगातार बना हुआ है। प्रदेश सरकार की ओर से 16वें वित्तायोग के समक्ष राज्य का पक्ष मजबूती से रखने की तैयारी चल रही है। जिसके तहत वित्त विभाग की ओर से वित्तायोग के पोर्टल पर प्रस्ताव अपलोड करने का काम सप्ताह के हर दिन हो रहा है।

प्रस्ताव का 70 फीसदी से अधिक का हिस्सा अपलोड हो चुका है और 30 फीसदी हिस्सा शेष रहता है। इस सप्ताह वित्त विभाग की ओर से वित्तायोग के पोर्टल पर प्रस्ताव अपलोड कर दिया जाएगा। उसके बाद इस माह की 24 व 25 जून को वित्तायोग प्रदेश दौरे पर आ रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से कर्मचारियों को बहाल की गई पुरानी पेंशन योजना के तहत हो रहे खर्च का मामला उठाया जाएगा। कर्मचारियों के वेतन, पेंशनरों की पेंशन और मूलधन का ब्याज चुकाने के आंकड़ें देखकर स्पष्ट होता है कि हिमाचल गंभीर वित्तीय संकट में तेजी से घिरता जा रहा है। यही कारण है कि सरकार को हर माह ऋण का सहारा लेना पड़ रहा है।

### सार्वजनिक उपक्रमों में स्पष्ट निर्देश

सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों निगम-बोर्डो में प्रबंध निदेशकों की ओर से मौखिक तौर पर कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लाभ कमाओ। लाभ में आने वाले निगम-बोर्ड कर्मियों को प्रत्येक सुविधा समय पर मिलेगी। इसका उदाहरण है पर्यटन विकास निगम प्रबंधन। निगम प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि होटलों को लाभ में लाओ, तभी समय पर वेतन का भुगतान संभव होगा। निगम-बोर्डों की सरकार पर निर्भरता को खत्म करने के कदम उठाए जा रहे हैं।

### वेतन ने सरकार को संकट में डाला

- क्षेत्र, गत वर्ष वेतन पर होने वाला खर्च, वर्तमान वित्त वर्ष में वेतन पर खर्च
- वेतन, 14149.32 करोड़, 23.31 फीसदी, 18600 करोड़, 27.12 फीसदी

---

- पेंशन, 9283.87 करोड़, 15.29 फीसदी, 9961.10 करोड़, 17.04 फीसदी
- ब्याज, 4828.64 करोड़, 7.95 फीसदी, 6255.4 करोड़, 10.70 फीसदी

## हरियाणा के 22 सरकारी स्कूलों में आयोजित होंगे टाबर उत्सव


**सिरसा,** 9 जून (एजेंसियां)। हरियाणा का कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल स्तर के 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव-2024 का आयोजन राज्य के 22 जिलों के 22 सरकारी विद्यालयों में किया जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार सिरसा जिला में ऐलनाबाद के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी यह शिविर सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को आधुनिक मूर्तिशिल्प, क्ले मॉडलिंग, रिलिफ एवं 3डी स्कलप्चरल आर्ट में हरियाणा संस्कृति पर आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव का उद्देश्य हरियाणा राज्य के होनहार छात्र-छात्राओं को मूर्तिशिल्प कला में अपनी प्रतिभा निखारने और राज्य में लुप्त हो रही मूर्तिकला के विकास के साथ-साथ राज्य में होनहार कलाकारों को प्रोत्साहित करना है।

# बनखंडी वन्य प्राणी उद्यान का पहला चरण जून, 2025 में होगा पूर्ण

**शिमला,** 9 जून (देशबन्धु)। हिमाचल में पर्यटन के बहुआयामी महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार राज्य में विस्तृत स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक, साहसिक, रोप-वे, जलक्रीड़ा गतिविधियों, एयरो स्पोर्ट्स पर्यटन के साथ-साथ अत्याधुनिक अधोसंरचना निर्मित करने पर बल दे रही है। इस कड़ी

■ **प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक, साहसिक, रोप-वे, जलक्रीड़ा गतिविधियों, एयरो स्पोर्ट्स पर्यटन के साथ-साथ अत्याधुनिक अधोसंरचना निर्मित करने पर बल दे रही है**

में जिला कांगड़ा के देहरा उप-मंडल के बनखंडी में निर्मित किए जा रहे दुर्गेश अरण्य वन्य प्राणी उद्यान का पहला चरण जून, 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। यह प्राणी उद्यान 180 हेक्टयेर में फैला हुआ है और लगभग 619 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 3 वर्ष के भीतर तीन चरणों निर्मित किया जाएगा। यह प्राणी उद्यान क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इसके निर्माण के लिए 24 मई, 2024 को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। इसके अतिरिक्त प्राणी उद्यान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हिमुडा बाढ़बंदी कार्य तथा जल संरक्षण गतिविधियों और जल निकासी व्यवस्था जैसे कार्य सुनिश्चित करेगा। इस प्राणी उद्यान में वॉक-इन-एवियरी, मोनोरेल सफारी, वॉक-इन-एक्वेरियम, नेचुरल ट्रेल पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। प्रथम चरण के अन्तर्गत आगन्तुकों के लिए बाघ और शेर के बाड़े तैयार किए जाएंगे। द्वितीय एवं तृतीय चरण के अन्तर्गत भालू और तेन्दुए की सफारी की भी सुविधा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त वन विभाग द्वारा हिम तेन्दुओं के लिए अलग से खंड बनाने की योजना तैयार की जा रही है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सैलानियों को आकर्षित करने के लिए प्राणी उद्यान के



प्रवेश द्वार पर स्थानीय जीवन शैली को प्रदर्शित करती हुई कांगड़ा गांव की एक प्रतिकृति स्थापित की जाएगी। लोगों की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग, इलैक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन और अन्य बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। प्राणी उद्यान में आने वाले लोगों और जानवरों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए वन विभाग को स्थानीय प्रजाति के पेड़-पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्राणी उद्यान जिला कांगड़ा को हिमाचल की पर्यटन राजधानी के रूप में स्थापित करने में मील पत्थर साबित होगा और इससे क्षेत्र में पर्यटकों के आगमन में बढ़ोतरी होगी।

**सार संक्षेप**

### हीटवेव में भारत विकास परिषद ने राहगीरों को पिलाया बुरांस का शर्बत

**कोटद्वार।** भारत विकास परिषद कोटद्वार ने नगर में बढ़ते हीटवेव (भीषण गर्मी) को देखते हुए आने जाने वाले यात्रियों एवं राहगीरों को शीतल बुरांस का शर्बत पिलाया गया। भीषण गर्मी से परेशान लोगों ने शीतल शर्बत पीकर भारत विकास परिषद का शुक्रिया अदा किया। आज यहां रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डे पर शर्बत वितरण का शुभारम्भ परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी पिलाना एक पुण्य का काम है। भारत विकास परिषद समय समय पर जन कल्याणकारी कार्यक्रम करता रहता है। इस अवसर पर पहाड़ से आने व जाने वाले यात्रियों एवं राहगीरों समेत स्थानीय छह हजार से अधिक लोगों को शीतल बुरांस का शर्बत पिलाया गया। राजेन्द्र जखमोला की संयोजिकता में आयोजित शर्बत वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के अलावा सचिव प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चंद्रमोहन सिंह, प्रांतीय महिला संयोजिका मीनाक्षी शर्मा, संगठन मंत्री गोपाल बंसल, सुभाष नैथानी, कैलाश अग्रवाल, राधेश्याम शर्मा, विष्णु अग्रवाल, सेवक राम मनुजा, गोपाल बंसल, राकेश मित्तल, संदीप अग्रवाल, अनूप बर्थवाल मौजूद थे।

### पर्यावरण समस्याओं को हल करने को सॉल्व फॉर टुमॉरो रोड शो आयोजित

**शिमला।** सैमसंग इंडिया ने पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए एक रोड शो का आयोजन किया। इसमें छात्र-छात्राओं ने ज्वलंत वैश्विक समस्याओं का समाधान करने के लिए सॉल्व फॉर टुमॉरो में भाग लेने के अपने इरादे का प्रदर्शन किया। सैमसंग का सॉल्व फॉर टुमॉरो एक राष्ट्रीय शिक्षा एवं नवाचार प्रतियोगिता है जिसका लक्ष्य देश की अगली पीढ़ी के बीच अभिनव सोच और समस्या समाधान की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्र आगे आए और खराब वायु गुणवत्ता और स्वच्छ ऊर्जा ईंधन की कमी जैसी वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया। सैमसंग ने हाल ही में सॉल्व फॉर टुमॉरो के तीसरे सत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर आईआईटी दिल्ली और भारत में संयुक्त राष्ट्र के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस वर्ष सॉल्व फॉर टुमॉरो कार्यक्रम में दो अलग-अलग ट्रैक स्कूल ट्रैक और यूथ ट्रैक को पेश किया गया है जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट थीम को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है और इसे विभिन्न आयु समूहों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। दोनों ट्रैक एक साथ चलेंगे जिससे सभी छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होगा।

### सुडोकू 6581 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 |
| 7 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 |
| 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 8 |

# मोदी ने उत्तराखण्ड से सांसद टम्टा को पिक कर साधे कई निशाने

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 9 जून (देशबन्धु)। तीसरी बार की मोदी सरकार फिलहाल उत्तराखण्ड में कोई नया पावर सेंटर बनाने के मूड में नहीं दिख रही

■ **उत्तराखण्ड में दलित, ब्राह्मण व ठाकुर के बीच बनाया संतुलन**

■ **भाजपा हाईकमान ने उत्तराखण्ड में नहीं बनाया कोई नया पावर सेंटर**



है।उत्तराखण्ड से केंद्रीय मन्त्रिमण्डल में सांसद व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा को सलेक्ट कर भाजपा हाईकमान ने जातीय समीकरणों को साधते हुए प्रबल दावेदार अनिल बलूनी, त्रिवेंद्र सिंह रावत व अजय भट्ट के लिए लग रही अटकलों को एक सिरे से खारिज कर दिया। मौजूदा समय में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट से चुनाव जीते अजय टम्टा दलित वर्ग से सीएम धामी व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट क्रमशः राजपूत व ब्राह्मण वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा हाईकमान ने टम्टा को आगे कर जातीय समीकरणों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है।

गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान राजनाथ सिंह ने गोपेश्वर की जनसभा में अनिल बलूनी को केंद्र में मंत्री बनाने के साफ संकेत दिए थे। कोटद्वार की जनसभा में अमित शाह ने भी अनिल बलूनी के समर्थन में विशेष उत्साह दिखाया था। इससे यह लग रहा था कि मोदी कैबिनेट में इस बार अनिल बलूनी को विशेष जगह मिलेगी। हालांकि,बतौर पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत व बम्पर अंतर से जीते निवर्तमान केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट भी प्रमुख दावेदारों में शामिल थे। लेकिन भाजपा के रणनीतिकारों ने 2014 में मोदी सरकार में कपड़ा राज्यमंत्री रहे अजय टम्टा पर एक बार फिर भरोसा जता गुटीय जंग पर पानी फेर दिया।

यहां यह बात भी खुलकर सामने आ रही है कि पीएम मोदी उत्तराखण्ड भाजपा में कोई नया शक्तिशाली राजनीतिक ध्रुव खड़ा नहीं करना चाहते। भाजपा के कुछ बड़े नेताओं के बीच खटास की खबरें भी दिल्ली तक पहुंच रही थी। केंद्रीय नेतृत्व को यह फीडबैक था कि पौड़ी व हरिद्वार से जीते सांसदों में से किसी एक को मंत्री बनाने से प्रदेश में एक नया पावर सेंटर बनेगा। और वर्चस्व की जंग में भाजपा के अंदर राजनीतिक अस्थिरता का नया दौर शुरू हो सकता है। इधर, चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में अजय टम्टा व अजय भट्ट ने सीएम धामी से मुलाकात कर अपने लिए फील्डिंग सजाने में त्वरित पहल की थी। लेकिन सांसद का चुनाव जीते अनिल बलूनी व त्रिवेंद्र रावत की सीएम धामी से मुलाकात नहीं होने पर पार्टी की अंदरूनी राजनीति में अलग ही चर्चाएं जोर पकड़ गई थी। शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी के आवास पर सीएम धामी की मुलाकात में भी मंत्री पद के संभावित दावेदारों के नाम पर चर्चा हुई थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री टम्टा का किसी गट विशेष की राजनीति में बंध कर नहीं रहना भी उनके हक में गया। बहरहाल, मोदी कैबिनेट में मंत्री पद से वंचित रह गए भाजपा सांसदों को भविष्य में होने वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार तक इंतजार करना पड़ेगा। टम्टा के मंत्री बनने से भाजपा ने खिसक रहे दलित मतों को थामने की कोशिश के साथ सीएम धामी को भी तोहफे में फ्री हैंड व सुकून के पल भी दे दिये।

## पर्यावरण समस्याओं को हल करने को सॉल्व फॉर टुमॉरो रोड शो आयोजित

**शिमला,** 9 जून (एजेंसियां)। सैमसंग इंडिया ने पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए एक रोड शो का आयोजन किया। इसमें छात्र-छात्राओं ने ज्वलंत वैश्विक समस्याओं का समाधान करने के लिए सॉल्व फॉर टुमॉरो में भाग लेने के अपने इरादे का प्रदर्शन किया। सैमसंग का सॉल्व फॉर टुमॉरो एक राष्ट्रीय शिक्षा एवं नवाचार प्रतियोगिता है जिसका लक्ष्य देश की अगली पीढ़ी के बीच अभिनव सोच और समस्या समाधान की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्र आगे आए और खराब वायु गुणवत्ता और स्वच्छ ऊर्जा ईंधन की कमी जैसी वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया। सैमसंग ने हाल ही में सॉल्व फॉर टुमॉरो के तीसरे सत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर आईआईटी दिल्ली और भारत में संयुक्त राष्ट्र के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस वर्ष सॉल्व फॉर टुमॉरो कार्यक्रम में दो अलग-अलग ट्रैक स्कूल ट्रैक और यूथ ट्रैक को पेश किया गया है जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट थीम को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है और इसे विभिन्न आयु समूहों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। दोनों ट्रैक एक साथ चलेंगे जिससे सभी छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होगा।

## हिमाचल में बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या, गौशाला में खून से लथपथ मिले शव

**बिलासपुर,** 9 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के बरमाणा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकरोहा के चंदपुर गांव में बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या ने इलाके में सनसनी फैला दी है। दोनों के शव घर के समीप गौशाला में खून से लथपथ अवस्था में पाए गए। पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मुख्यालय मदन धीमान ने पुष्टि की है कि एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है और सभी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

## पौड़ी पुलिस ने लावारिस घूम रही विदेशी महिला को मिलाया परिजनों से

**कोटद्वार, पौड़ी।** थाना लक्ष्मणझूला को सूचना मिली कि रात्रि में एक विदेशी महिला जिसकी मानसिक स्थिति कमजोर प्रतीत हो रही है, वह लक्ष्मणझूला क्षेत्र में घूम रही है। सूचना पर थाना लक्ष्मणझूला पुलिस और एलआईयू

■ **विदेशी महिला की मानसिक स्थिति ठीक न होने पर एम्स अस्पताल ऋषिकेश में भर्ती कराया गया**

यूनिट कार्मिकों ने तुरंत उस विदेशी महिला को तलाश कर थाना लक्ष्मणझूला पुलिस व एलआईयू ने सुरक्षा के दृष्टि से महिला थाने लाया गया। पूछताछ पर महिला ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। उसने बताया कि मेरा बैग (जिसमें करेंसी , पासपोर्ट, लैपटॉप व अन्य कीमती सामान था) कहीं छोड़ दिया गया। महिला के बैग को एलआईयू कर्मी राकेश दास ने अथक प्रयासों से खोजबीन कर उक्त स्विट्जरलैंड की विदेशी महिला नेना मारिया जूडिथ को वापस लौटाया गया। पुलिस व एलआईयू ने उक्त विदेशी महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने पर उपचार के लिए एम्स अस्पताल ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। विदेशी महिला को सकुशल स्वदेश भेजने के लिये एंबेसी के माध्यम से वार्तालाप करते हुये परिवारजनों से भी लगातार संपर्क किया गया।



विदेशी महिला का वीजा भी समाप्त होने पर एलआईयू कर्मी ने विदेशी नागरिका के एग्जिट परमिट हेतु आवेदन कराया गया तथा एग्जिट परमिट दिलवाने में मदद की गई। उक्त विदेशी महिला के भाई जोनाथन आंद्रे ओटिगर द्वारा एम्स हॉस्पिटल ऋषिकेश में आकर अपनी बहिन की पुलिस व एलआईयू ने सहायता करने पर प्रशंसा की गई।

## चायल मेले में महकी स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की खुशबू

**शिमला,** 9 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में तीन दिवसीय चायल मेले के दौरान जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की खुशबू महक उठी। रविवार यानी नौ जून से 11 जून तक चलने वाले इस मेले में कोटी रेंज के तहत जाइका के कई स्वयं सहायता समूहों ने स्टॉल लगाए। मेले में आचार, जूस, चटनी, जैम, शहद और बैग समेत अन्य उत्पाद खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइन लगी रही। सशक्त महिला स्वयं सहायता समूह कोट और दुर्गा स्वयं सहायता समूह डवारों द्वारा निर्मित उत्पादों के दाम बाजार से कम और पूरी तरह से ऑग्रेनिक हैं। इसे देखते हुए मेले का लुत्फ उठाने पहुंचे लोगों की निगाहें जाइका वानिकी परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल पर पड़ रही हैं और अच्छी-खासी बिक्री भी होने लगी है। जाइका के मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी ने मेहनकश स्वयं सहायता समूहों के सभी सदस्यों की सराहना की।

# सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला : पठानिया

**चंबा,** 9 जून (वार्ता) विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 का आयोजन पूर्ण भव्यता के साथ किया जाएगा। श्री पठानिया ने अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले को चंबा ज़िला की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा बताते हुए कहा कि इस बार मिंजर

■ **बैठक में स्थानीय विधायक नीरज नैय्यर भी विशेष रूप से रहे मौजूद**

मेला सांस्कृतिक समावेश की परिकल्पना पर आधारित होगा और इसके वैभव व स्वरूप को और अधिक बढ़ाया जाएगा। श्री पठानिया रविवार को अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 के सफल आयोजन को लेकर बचत भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। बैठक में स्थानीय विधायक नीरज नैय्यर भी विशेष रूप से मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ने मिंजर मेला के अंतरराष्ट्रीय स्तर और समस्त ज़िला वासियों की रूचि के अनुरूप स्टार कलाकारों का चयन करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि ज़िला की समृद्ध लोक-कला एवं संस्कृति को अधिमान देते हुए उत्कृष्ट प्रतिभावान स्थानीय



कलाकारों के चयन में विशेष प्राथमिकता रखी जाए। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को दी जाने वाली धनराशि को बढ़ाने के लिए आयोजन समिति को निर्देश दिए। श्री पठानिया ने मेले के भव्य आयोजन को लेकर राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया । विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि मिंजर मेले के सफल आयोजन को लेकर सभी प्रबंध व्यवस्थाओं और गतिविधियों को बेहतर बनाया जाएगा।

# खाद्य विभाग चारधाम यात्रा मार्गों और पर्यटन स्थलों में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर सख्त

**देहरादून,** 9 जून (देशबन्धु)। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तराखंड की सख्ती का असर चारधाम यात्रा मार्गों और पर्यटन स्थलों में दिखाई दे रहा है। खाद्य विभाग की

■ **कार्रवाही से नकली दवाओं और सामान पर बड़े स्तर पर लगी रोक**

टीमों के लगातार चल रही छापेमार कार्रवाई, जग जागरूकता अभियानों का असर है कि इस बार मिलावटी खाद्य पदार्थों और सामान पर काफी हद तक रोक लग गई है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के दिशा निर्देशों में चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले ही विभाग ने व्यापक तैयारियां कर ली थी। पिछली यात्राओं से मिले फीडबैक को इस बार की चारधाम यात्रा में शामिल किया गया। इसको लेकर मुख्यालय स्तर से लेकर जनपद स्तर तक व्यापक तैयारियां की गई। यात्रा व पर्यटन सीजन शुरू होने से पूर्व ही खाद्य जागरूकता को लेकर चारधाम यात्रा मार्ग और पर्यटन स्थलों पर व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू कर दिया गया था जो लगातार अभी भी जारी है। इसके साथ ही खाद्य



विभाग की टीमों का गठन कर उन्हें यात्रा मार्गो पर कड़ी निगरानी रखने व छापेमारी के निर्देश दिये गये थे। रूद्रपुर और देहरादून में हाईटेक लैब होने से जांच में तेजी आई है। जांच में दोषी पाये जाने पर संबधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसका असर मिलावटखोरों में भी देखने को मिल रहा है। आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि इस बार खाद्य विभाग ने यात्रा शुरू होने से पहले ही दो हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को राज्य के विभिन्न जनपदों में प्रशिक्षित करने का काम किया। इसके साथ ही स्थानीय व्यापारियों, समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसका असर इस बार देखने को मिल रहा है। अगर हम पिछले 12 दिनों से चल रहे विशेष अभियान की बात करें तों खानपान की सामग्री में मिलावट पिछले साल की अपेक्षा कम पाई गई है। आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा पिछले 12 दिनों में यात्रा मार्ग हरिद्वार-ऋषिकेश से केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के मार्गों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों आदि से कुल 601 नमूने लिए गए। मौके पर ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांची गई। इनमें से 72 नमूने (लगभग 12 प्रतिशत) परीक्षण में मानकों के अनुरूप सही नहीं (अधोमानक) पाए गए।

आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि इसके साथ ही जनवरी 2024 से मई 2024 तक 1763 नमूने लिये जा चुके हैं। जिनमें से प्राप्त जॉच रिपोर्ट 1040 हैं और अधोमानक नमूनों की संख्या 60 है।

# प्रादेशिकी

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में दारोगा निलंबित

**फर्रुखाबाद,** 9 जून (देशबन्धु)। जनपद में ही तैनात एक महिला सिपाही को विवाह का झांसा देकर सम्बन्ध बनाने के मामले में विभागीय कार्यवाही की गई है। आरोपी दारोगा को निलम्बित कर दिया गया है। महिला सिपाही नें दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा था कि वह जनपद के एक थाने में तैनात है। नियुक्ति के दौरान थाने पर तैनात उप निरीक्षक दीपक कुमार पुत्र बच्चूसिंह हाल तैनाती चौकी आवास विकास, थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़ द्वारा 13 दिसंबर 22 से लगातार महिला आरक्षी को शादी करने की बात कहकर शारीरिक शोषण करता रहा। नवावगंज में तैनाती के दौरान उप निरीक्षक दीपक उसे दबिश के दौरान भी अलग-अलग जगहों भी ले गया। वहां भी शारीरिक शोषण किया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें दारोगा को निलंबित कर दिया है। अभी उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# रायबरेली व अमेठी की जनता को धन्यवाद देंगे आएगा गांधी परिवार

**लखनऊ/रायबरेली,** 9 जून (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में रायबरेली और अमेठी संसदीय क्षेत्र से हाल ही में कांग्रेस पार्टी के चुने गए सांसद राहुल गांधी और किशोरीलाल शर्मा की ऐतिहासिक जीत के बाद यहां की जनता को धन्यवाद देने व रूबरू होने प्रियंका और सोनिया गांधी समेत पूरा गांधी परिवार आगामी मंगलवार को एक जनसभा को सम्बोधित करेगा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने रविवार को बताया कि रायबरेली और अमेठी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रियंका और सोनिया गांधी समेत पूरा गांधी परिवार रायबरेली की जनता का धन्यवाद देने एक जनसभा को सम्बोधित करेगा। गौरतलब है कि इसी वर्ष फरवरी माह में सोनिया गांधी को राज्यसभा सदस्य बनाये जाने पर उन्होंने रिक्त हुई रायबरेली की सीट पर यहां की जनता से भावुक अपील करते हुए उन्हें अपना परिवार बताया था और कहा था कि उन्हें विश्वास है कि यहां के लोग उनको और उनके परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे जैसे अब तक संभालते आये है। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी की चुनावी रैली में लोगो से भावुक अपील करते हुए कहा था कि वह यहां के लोगों को अपना बेटा सौंप रही है। राहुल और किशोरीलाल की ऐतिहासिक जीत पर अब यहां की जनता को कृतज्ञता ज्ञापित करने व



- कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत के बाद जनसभा को करेंगे संबोधित
- आम चुनाव में कांग्रेस 99 सीटें जीतने में सफल रही

लोगो से रूबरू होने पूरा गांधी परिवार अमेठी और रायबरेली के मध्य फुरसतगंज नाहर कोठी पर दोनो संसदीय क्षेत्र की जनता से संयुक्त रूप से रूबरू होने 11 जून को एकजुट होगा। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी का कहना है कि अगर बीच मे कोई अन्य प्रकार का गतिरोध नहीं हुआ तो यह जनसभा 11 जून को शाम 4 बजे सम्पन्न होगी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने 240 सीटों पर जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस 99 सीटें जीतने में सफल रही। समाजवादी पार्टी देश में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और 37 सीटों पर जीत हासिल की। अगर सिर्फ यूपी के नतीजों पर बात करें तो यहां सपा ने 37, भाजपा ने 33, कांग्रेस ने छह, राष्ट्रीय लोकदल ने दो, आजाद समाज पार्टी ने एक और अपना दल (एस) ने एक सीट पर जीत दर्ज की।

### अमेठी के सांसद किशोरीलाल शर्मा भी होंगे शामिल

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि रायबरेली से राहुल गांधी ने काफी अधिक मतों के अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को पराजित किया है वही अमेठी से भाजपा की केंद्रीय मंत्री रही स्मृति ईरानी को कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा ने हराया है इसलिए यहां की जनता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और जनता से रूबरू होने सोनिया गांधी समेत पूरा गांधी परिवार अमेठी रायबरेली के बीच में फुरसतगंज नाहर कोठी में आगामी 11 जून मंगलवार को शाम 4 बजे एक जनसभा को सम्बंधित करेगा। इस अवसर पर गांधी परिवार के साथ ही अमेठी के नवनिर्वाचित सांसद किशोरीलाल शर्मा भी होंगे।

## ट्रैक्टर से सिपाही को कुचलकर मौत के घाट उतारा

**फर्रुखाबाद,** 9 जून (देशबन्धु)। बीती रात खनन के ट्रैक्टर को पकड़ने गए सिपाही पर माफिया के गुर्गों नें ट्रैक्टर चढ़ा दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। हालत गंभीर होनें पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसकी मौत हो गई। जनपद बिजनौर के चांदपुर दरबण निवासी 24 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र जसबंत सिंह 2021 बैच का पुलिस कांस्टेबल था। भर्ती होनें के बाद उसने फतेहगढ़ में ही ट्रेनिग पूर्ण कर वर्तमान में उसकी तैनाती थाना नवाबगंज में थी। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात थाना पुलिस को जानकारी मिली कि नगला चन्दन के निकट अबैध खनन हो रहा था। जिस पर मौके पर सिपाही रोहित कुमार , दारोगा संतोष कुमार व सिपाही चमन मौके पर पंहुचे। गांव के निकट ही सिपाही नें ट्रैक्टर ट्राली को रोंक लिया। चालक से अन्य पुलिस कर्मी जानकारी कर चालक से जानकारी कर रहे थे उसी दौरान सिपाही रोहित ट्रैक्टर ट्राली और ट्रैक्टर के बीच में चढ़ गया। पुलिस को ट्रैक्टर पर चढ़ देख चालक नें ट्रैक्टर बढ़ा दिया जिससे रोहित ट्रैक्टर से कुचल कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में रात 3:48 पर लोहिया अस्पताल में सिपाही आदेश नें भर्ती कराया। लेकिन हालत गंभीर होंने पर से आवास विकास के ही एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया। जहां सुबह लगभग 6 बजे रोहित नें दम तोड़ दिया। मृतक रोहित दो भाइयों में दूसरे नम्बर का था। उसका बड़ा भाई सचिन इटावा जिला जेल पर बंदी रक्षक के पद पर तैनात है। सूचना मिलने पर एसपी विकास कुमार, एएसपी डा. संजय सिंह आदि निजी अस्पताल पंहुचे। अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय सिंह नें बताया कि आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है। जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। जिलाधिकारी डा. वीके सिंह की सख्त नाराजगी के बाद भी जिले में खनन माफियाओं के फौसले किसके इशारे पर बुलंद है यह लिखने की नही समझने की बात है। आखिर जिले भर में खनन की किले बंदी होनें के दावा सिपाही की बली के साथ पूरा हुआ।

## श्वास की गति के अनुरूप करना चाहिए योग अभ्यास : अमरपाल आर्य



**मेरठ,** 9 जून (देशबन्धु)। नित्य निशुल्क योगशाला के तत्वावधान में योग जागरूक शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित योग विज्ञान विभाग के समन्वयक प्रोफेसर राकेश शर्मा प्रोफेसर गुलाब सिंह रोहिल प्रशासनिक व योजना अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे योग विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमरपाल आर्य ने योग साधकों को बताया हमें योग अभ्यास श्वास की गति के अनुरूप करना चाहिए क्योंकि प्राचीन पुस्तकों में उल्लेख यह प्राप्त होता है चले वाते चलं चित्तं निशचले निशचलं भवेतं वायु के चलायमान होने पर चित्त भी चलायमान होता है और वायु के निश्चल होने पर चित्त भी स्थिर हो जाता है इसलिए योग के सभी अंग श्वास की गति के साथ किए जाते हैं योग अभ्यास में व्यायाम सूर्य नमस्कार त्रिकोणासन उष्ट्रासन नोका आसान मंडूकासन भुजंगासन पवनमुक्त आसन आसन चक्रासन धनुरासनअर्ध चक्रासन अर्ध हलासन गोमुख आसान उष्ट्रासन कपालभाति अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास कराया हुई इस अवसर पर योग विज्ञान विभाग के शिक्षक ईशा पटेल अंजू मलिक डॉक्टर कमल शर्मा साक्षी मावि योग विज्ञान विभाग के सभी विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा उन्होंने सभी योग साधकों के आसान और प्राणायाम की मुद्रा को सही किया बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

**योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों का रहा महत्वपूर्ण योगदान**

## सार संक्षेप

### बैंक में महिला से नगदी लेकर भागने के मामले में पुलिस खाली हाथ

**मवाना।** फलावदा कस्बे में स्थित केनरा बैंक की शाखा में तीन दिन पहले महिला से दिनदहाड़े नगदी लेकर फरार हुए बदमाशों का सुराग लगाने में पुलिस नाकाम है। स्पष्ट फोटो जारी होने के बावजूद बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस ने घटना को अमानत में खयानत की धारा में दर्ज किया है। फलावदा कस्बे की महिला रज्जो पत्नी वेद प्रकाश गुरुवार 6 जून को दोपहर के समय पुलिस चौकी से कुछ दूर स्थित केनरा बैंक की शाखा में नकदी निकाल रही थी। उसी समय बैंक शाखा परिसर में मौजूद दो बदमाश उससे 9 हज़ार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। महिला द्वारा बदमाशों का पीछे भी किया गया था लेकिन बदमाश बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली। बदमाशों के स्पष्ट फोटो भी मिले हैं। इसके बावजूद पुलिस बदमाशों को अगले दिन भी पकड़ने में नाकाम साबित हुई है। मौके पर पहुंचे सीओ मवाना सौरभ सिंह ने पुलिस को शीघ्र बदमाशों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। दूसरी ओर इस मामले में पीड़ित महिला द्वारा घटना के बाद लूट की तहरीर दी गई थी लेकिन पुलिस ने यह मामला पीड़ित महिला के पुत्र रविंदर की ओर से दर्ज किया है। पुलिस ने इस घटना को अमानत में ख्यानत की धारा में दर्ज किया है। दिनदहाड़े बैंक परिसर में हुई इस घटना से लोगों में दहशत बनी हुई है। कस्बा चौकी इंचार्ज दरोगा विजेंद्र सिंह ने बताया कि बदमाशों को तलाश किया जा रहा है।

### बैंक में महिला से नगदी लेकर भागने के मामले में पुलिस खाली हाथ

**मवाना।** फलावदा कस्बे में स्थित केनरा बैंक की शाखा में तीन दिन पहले महिला से दिनदहाड़े नगदी लेकर फरार हुए बदमाशों का सुराग लगाने में पुलिस नाकाम है। स्पष्ट फोटो जारी होने के बावजूद बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस ने घटना को अमानत में खयानत की धारा में दर्ज किया है। फलावदा कस्बे की महिला रज्जो पत्नी वेद प्रकाश गुरुवार 6 जून को दोपहर के समय पुलिस चौकी से कुछ दूर स्थित केनरा बैंक की शाखा में नकदी निकाल रही थी। उसी समय बैंक शाखा परिसर में मौजूद दो बदमाश उससे 9 हज़ार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। महिला द्वारा बदमाशों का पीछे भी किया गया था लेकिन बदमाश बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली। बदमाशों के स्पष्ट फोटो भी मिले हैं। इसके बावजूद पुलिस बदमाशों को अगले दिन भी पकड़ने में नाकाम साबित हुई है।

### विधान करने से कर्मों का नाश : भारत भूषण

**मवाना।** प्राचीन तीर्थ क्षेत्र केसरी दिगंबर जैन प्राचीन बड़ा मंदिर में आचार्य 108 भारत भूषण हाराज ससंघ सानिध्य में चल रहे दिवसीय शांति विधान में रविवार को विभिन्न प्रांतों से आए 15 परिवारों मुख्य वेदी में विराजमान त्रय तीर्थंकरो के जलाभिषेक कर विधान का शुभारंभ किया। तदोपरांत रजनीश जैन, रेणू जैन, महक जैन, निधि जैन, प्रखर जैन, पुलकित जैन, आदि ने भगवतों की शांतिधारा कर पुण्य का संचय किया।

## तक्षशिला स्कूल के दो छात्र बने सेना में अफसर

**मेरठ,** 9 जून (देशबन्धु)। कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल के दो छात्रों क्रमशः अंशुमन चौधरी एवम दीपांशु ने अपनी तकनीकी शिक्षा सफलता पूर्वक पूरी कर आज ओटीए गया में संपन्न हुई पासिंग आउट परेड में सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन हो कर मेरठ शहर का नाम रोशन किया। दोनों छात्र वर्ष 2019 में विज्ञान के छात्र रहे और दोनो ने टीईएस में सफलता पाई थी। अंशुमन चौधरी के पिता सूरजवीर सिवाच मेडिकल कंपनी में प्राइवेट जॉब करते है एवम माता श्रीमती सीमा रानी तक्षशिला स्कूल में ही हिंदी की शिक्षिका है। दूसरे अफसर बने दीपांशु के पिता विनोद चौधरी गाजियाबाद में मैकेनिकल वर्कशॉप चलाते है एवम माता श्रीमती अमरेश गृहिणी है। दोनों ही छात्र जल्द ही तक्षशिला स्कूल आकर अपने शिक्षकों से आशीर्वाद लेंगे एवम सभी बच्चों से अपने अनुभव साझा करेंगे। दोनो छात्रों ने स्कूल में भेजे अपने संदेश में स्कूल के अनुशासन ने उन्हें सेना में जाने के लिए प्रोत्शाहित किया था।




**मेरठ का नाम किया रोशन**

## दस वर्षों में राष्ट्र का हुआ नव उत्थान

### मुख्यमंत्री योगी ने दी मोदी का दी बधाई

**लखनऊ,**9 जून (देशबन्धु)।। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। योगी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं दी हैं। योगी रविवार को नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति भवन पहुंचे हैं। योगी आदित्यनाथ ने लिखा, 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का नव उत्थान हुआ है। गरीब, महिला, युवाओं के साथ ही देश के वंचित वर्ग का जीवन आसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा, विरासत, विकास व विश्वास को संजोए



यह अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि देश और एनडीए परिवार को गौरवभूषित तथा हर्षित करने वाली है। 140 करोड़ भारतवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए साधनारत प्रधानमंत्री जी का यह कार्यकाल निःसंदेह आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना को साकार करते हुए भारत को विश्व में महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला सिद्ध होगा। भारत माता की जय।

## शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए रामभद्राचार्य

**लखनऊ।** तुलसीपीठ के जगद्गुरु रामभद्राचार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। बातचीत में कहा कि मंथरा के वंशजों ने भाजपा को वोट नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे पांच साल तक सरकार चलाएंगे। देश की अच्छी तरह से सेवा करेंगे। विपक्षी दल खिसियानी बिल्ली, खंभा नोचे कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। रामभद्राचार्य को प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण मिला था। वह उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास के साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए।

## राहगीरों को शुद्ध ठंडा जल किया वितरित



**मेरठ,** 9 जून (देशबन्धु)। जनपद मेरठ के शहर शास्त्री नगर के आई ब्लाक व लेबर चौराहे पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल सेवा केंद्र के माध्यम से राहगीरों को शुद्ध ठंडा जल मुहया कराया गया संस्था-चाइल्ड एण्ड वेल्फेयर सोसायटी द्वारा इस भीषण गर्मी (तपिश) में ठंडे शुद्ध पेयजल केंद्र की व्यवस्था जगह-जगह की गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक,निशांत शर्मा व अन्य कन्हैया तिवारी, सचिन शर्मा उपस्थित रहे।


## रेडियंट वार्मर मशीन में जलने से नवजात बच्ची की मौत

**मेरठ,** 9 जून (देशबन्धु)। बताया जा रहा है कि नवजात को रेडियंट वार्मर मशीन में रखा गया था। जहां कर्मचारियो की लापरवाही से नवजात बच्ची जल गई और उसकी मौत हो गई। अब डॉक्टर इससे पीछा छुटा रहे हैं। बता दें कि रेडियंट वार्मर मशीन नवजात बच्चो को हीट देने के लिए होती है। इसे एक निश्चित तापमान पर चलाया जाता है लेकिन अगर यह तापमान थोड़ा भी ज्यादा हो जाए तो बच्चे की मौत हो सकती है मेरठ के हापुड़ रोड स्थित युग अस्पताल में नवजात के इलाज में लापरवाही का वीडियो सामने आया है। वीडियो युग अस्पताल का है। वायरल वीडियो में परिजनों के हाथ में मृत नवजात है। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर नवजात को मारने का आरोप लगाया है। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण नवजात की जलकर मौत हो गई।मेरठ के युग हॉस्पिटल में नया कारनामा सामने आया है जहां डॉक्टरों ने मानवता को शर्मसार किया है। एक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती था जो बच्चा रात तक ठीक था और सुबह में मृत पाया गया जब उसे पलट का देखा गया तो वह जला हुआ था। उक्त कारनामे को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, डीएम और कमिश्नर मेरठ से शिकायत की गई है। सीएमओ ने गठित की जांच समिति वहीं वीडियो वायरल होने पर सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने पूरे मामले पर जांच बैठा दी है। सीएमओ का कहना है कि नवजात की युग अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। नवजात के कमर पर जलने का निशान है। यह बच्चा 5 जून को अस्पताल में भर्ती हुआ था। अस्पताल के डॉक्टरों से पूछताछ की गई तो उन्होंने नवजात को सेप्टीसीमिया बताया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही से मौत बताई है। मामले में दो सदस्यीय जांच समिति गठित कर जल्द रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर एक्शन होगा।

**अस्पताल के खिलाफ बैठी जांच**

## पुलिस ने दहेजलोभी पति को भेजा जेल

**मवाना,** 9 जून (देशबन्धु)। दो दिन पूर्व नगर की मौहल्ला कल्याण में दहेज की मांग व प्रताड़ना से आजिज विवाहिता द्वारा छत के पंखे से लटकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार किया हैं। जहां उसे अदालत में पेश कर कारागार भेज दिया गया। बता दे कि नगर के मौहल्ला कल्याण निवासी वैष्णो उर्फ आकांक्षा ने रहस्यमय हालातों में छत के पखे से लटकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता उमाशंकर ने आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग आकांक्षा के साथ मारपीट करते थे। आकांक्षा के पति पति राजन, ससुर अशोक, सास संतोष, जेठ सुंदर, जेठानी राखी, और उनके बड़े बेटे कुनाल ने आकांक्षा की हत्या कर दी है। मृतका के पिता ने उक्त लोगों को नामजद कर थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना पुलिस ने रविवार दोपहर मृतका के पति राजन मुखबिर की सूचना पर विकास विहार कालोना मौहल्ला कल्याणसिंह से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



## जादूगर वी सम्राट ने हैरतअंगेज करतबों से किया मंत्र मुग्ध

### सुभारती बुद्ध मेले में उत्साह के साथ उमड़ रहे लोग

**मेरठ,** 9 जून (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में सुभारती समूह की संस्थापिका संघमाता डॉ.मुक्ति भटनागर की स्मृति में उनके परिनिर्वाण दिवस पर चल रहे बुद्ध मेले में उत्साह के साथ लोग खूब मनोरंजन कर रहे है। मेले में विख्यात जादूगर वी सम्राट ने जादू का हैरतअंगेज करतब दिखा कर लोगो को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। मेले में बच्चे झूले व चाट पकौड़ी का मज़ा लेने के साथ बड़े लोग बुद्ध विहार, बुद्ध संगीत, धम्मपद पाठ, मत्स्य जलकुण्ड, बुद्ध वंदना, दीपशाला, पुस्तकें एवं अन्य धम्म सामग्री से लाभान्वित हो रहे है। जादूगर वी सम्राट ने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय समाज हित में सराहनीय कार्य करने के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहा है। मेला समिति के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मेले में बुद्ध विहार, बुद्ध संगीत, धम्मपद पाठ, धम्म दीप कार्यक्रम का प्रसारण, मत्स्य जलकुण्ड, बुद्ध वंदना, दीपशाला, पुस्तकें एवं अन्य धम्म सामग्री, चित्र प्रदर्शनी, शरीर विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान प्रदर्शनी, तकनीकी विज्ञान प्रदर्शनी, चिकित्सा शिविर, डेंटल शिविर, फोटो पाइन्ट, गुब्बारे पर निशाना, बच्चों के झूले, मिक्की माऊस, जादूगर, जलपान स्टॉल आदि बुद्ध मेले का मुख्य आकर्षण है।




**आयोजन** | भारत विकास मवाना विराट व संस्कार शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

## संस्कार कार्यों को ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने का संकल्प

**मवाना, 9 जून (देशबन्धु)। भारत विकास मवाना विराट एवं मवाना संस्कार शाखा का संयुक्त रूप से दायित्व ग्रहण समारोह उत्सव मंडप मवाना में शनिवार रात आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महासचिव अनुराग दुबलिश, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव विनीत संगल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रांतीय महासचिव एवं दायित्व ग्रहण अधिकारी सरल माधव ने मवाना विराट एवं संस्कार शाखा के दायित्व धारियों को शपथ ग्रहण कराया।**

मवाना विराट शाखा में मनोज रस्तोगी अध्यक्ष, संजय रस्तोगी सचिव, दीपक अरोड़ा कोषाध्यक्ष और सुंदरम रस्तोगी महिला संयोजिका तथा मवाना संस्कार शाखा में श्रीमती रितु रस्तोगी अध्यक्ष, अदित दुबलिश सचिव, सुभाष धीमान कोषाध्यक्ष एवं पिंकी रस्तोगी महिला संयोजिका का दायित्व ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन अदित दुबलिश एवं नीता दुबलिश ने किया। रितु रस्तोगी ने सभी अतिथियों का स्वागत और प्रांतीय अध्यक्ष शशिकांत मित्तल ने मवाना विराट एवं संस्कार द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। अमित जग्गी ने गत वर्ष की शाखा की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। विनीत संगल ने परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा और संस्कार के कार्यों को ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने की बात कही तथा कहां कि हमें गांव में भी स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से लगाने चाहिए तथा बच्चों की शिक्षा के लिए भी कार्य करना चाहिए। अनुराग दुबलिश ने बताया कि शाखा मवाना में आसपास के क्षेत्र में दो सिलाई केंद्र स्थापित कर रही है जिसमें महिलाओं को सिलाई सिखाई जाएगी जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके। इसके अलावा एक छोटा अंतिम यात्रा वाहन भी भारत विकास परिषद द्वारा सदस्यों एवं समाज की प्रबुद्ध लोगों के सहयोग से बनवाया जाएगा जिससे कि गलियों व मोहल्ले से अंतिम यात्रा आसानी से जा सके।




- मवाना विराट एवं संस्कार शाखा के दायित्व धारियों को कराया गया शपथ ग्रहण
- बच्चों की शिक्षा के लिए भी कार्य करने पर दिया जोर

## मवाना पालिका कर्मी की मौत के एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**मवाना,** 9 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका मवाना में तैनात सफाई कर्मचारी की मौत के एक महीने बाद फलावदा थाने में सड़क दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक का पोस्टमार्टम बगैर ही गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मवाना के मिल रोड मोहल्ला कल्याण सिंह निवासी कुलदीप ने कहा है कि तीन महीने पहले उसके पिता रामकुमार मवाना नगर पालिका में अपनी ड्यूटी करके 6 मार्च को पौने तीन बजे फलावदा रोड पर पेट्रोल पम्प के पास साईकिल से जा रहे थे। आरोप है कि सामने से आ रही बाइक संख्या यूपी 15 डीवी 7702 के चालक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेरठ सूर्या हॉस्पिटल के बाद एसडी ग्लोबल हॉस्पिटल में उपचार दिलाया गया। फलावदा थाने में दर्ज किए गए इस मुकदमे में मृतक के बेटे का कहना है कि अस्पताल से उपचार के बाद वह अपने पिता को सात मई को जब घर ले आया तो अगले दिन घर पर उनकी मौत हो गई। शव का दाह संस्कार कर दिया गया। शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया था। दाह संस्कार के एक महीने बाद फलावदा थाने में बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**बिना पोस्टमार्टम के गैर इरादतन हत्या का मुकदमा किया**

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 10 जून, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## सलमान खान ने फिल्म सिकंदर के लिए शुरू की फाइट सीन्स की रिहर्सल

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर के लिए फाइट सीन्स की रिहर्सल शुरू कर दी है। सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' अनाउंस की थी। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। सलमान खान फिल्म सिकंदर की तैयारी में जुट गए हैं। एक बार फिर एक्शन दिखाने के लिए उन्होंने कड़ी तैयारी की है। सलमान इस फिल्म में कई एक्शन सीन्स खुद करने वाले हैं। उन्होंने इसके लिये रिहर्सल भी शुरू कर दी है। साथ ही अपने रूटीन में बदलाव भी किया है। इस समय वह सुडौल बॉडी पाने के लिए जमकर वर्कआउट कर रहे हैं।

## खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती है करीना कपूर



**मुंबई,** 9 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती है, जैसे-जैसे वक्त के साथ उनमे बदलाव आ रहे है, उसे वह अपना रही है।

करीना कपूर बढ़ती उम्र के साथ खुद को अपनाने में यकीन करती हैं। करीना कपूर ने बताया, खूबसूरती देखने वालों की नजरों में होती है। हर किसी का इसको देखने का एक नजरिया होता है।मैं खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हूं। जैसे-जैसे वक्त के साथ मुझमें बदलाव आ रहा है, उसे मैं अपना रही हूं। मैंने हमेशा खुद से प्यार किया है, खुद को उम्र के हर पड़ाव पर अपनाया है। आज भी कर रही हूं। जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मैं और खूबसूरत महसूस कर रही हूं। करीना ने कहा,मेरा ज्यादा समय अपने परिवार और बच्चों के साथ बीतता है। वही हैं, जो मुझे सबसे ज्यादा सुकून पहुंचाते हैं।

## ज्यादा कॉफी पीने से मधुमेह-पार्किसंस का खतरा

### फायदों से भरपूर, लेकिन तब तक, जब सिर्फ 1-2 कप कॉफी पिएं, 10 नहीं

**वाशिंगटन,** 9 जून (एजेंसियां)। दफ्तर में काम करते हुए नींद का झोंका आ जाए या देर रात जागकर पढ़ना मुश्किल हो जाए या फिर किसी प्रिय के साथ वक्त बिताने का बहाना ढूंढना हो तो एक कप कॉफी की याद आ ही जाती है। कॉफी के दीवानों से पूछिए कि एक गर्मागर्म कप कॉफी उनके लिए क्या है। कॉफी प्यार है, खुशी है, कंफर्ट है और ताजगी है। लेकिन यही सवाल जरा डॉक्टर से भी पूछ लीजिए कि कॉफी क्या है। पता चलेगा कि कॉफी सिगरेट या शराब की तरह जहर नहीं है। कॉफी बहुत फायदेमंद भी है। इससे अच्छी बात क्या हो सकती है कि हमारी कोई फेवरेट चीज हेल्दी भी हो।

स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 2018 में की गई स्टडी के मुताबिक, प्रतिदिन तीन से पांच कप कॉफी पीने से हृदय रोग का खतरा 15 प्रतिशत तक कम हो सकता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक स्टडी कहती है कॉफी से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित वर्ष 2018 की एक रिसर्च के मुताबिक कॉफी से बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) और फैट में औसत कमी आ सकती है। इससे पहले, 2015 में अमेरिका में हुए एक अध्ययन के मुताबिक, प्रतिदिन दो से तीन कप कॉफी पीने से हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा और क्रॉनिक लिवर रोग का जोखिम 38 प्रतिशत तक कम हो सकता है।

साइंस ने भी यह माना है कि कॉफी पीने से शरीर में एनर्जी लेवल बढ़ जाता है। ये स्ट्रेस दूर करने, रिलैक्स करने और कई बीमारियों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। अमेरिकन हार्ट ऑफ एसोसिएशन और इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने भी यह माना है कि एक कप कॉफी हार्ट फेल्योर के रिस्क के साथ-साथ कैंसर के खतरे को भी कम करती है।



#### कॉफी के फायदों के बारे में और साथ ही जानेंगे कि

दुनिया में जितने भी वेकअप ड्रिंक्स हैं, उनमें से कॉफी सबसे ज्यादा पिया जाने वाला बेवरेज है। आजकल दूध वाली कॉफी की बजाय लोग ब्लैक कॉफी पीना ज्यादा पसंद करते हैं। एक कप कॉफी में 100 प्रतिशत कैफीन होता है। इतनी मात्रा में ली गई कॉफी आपके मूड को 6 घंटे तक फ्रेश रखती है। साथ ही, यह आपके एनर्जी लेवल और मूड को भी अपलिफ्ट करती है।

#### कॉफी तभी फायदेमंद, जब इसकी मात्रा हो नियंत्रित

कॉफी फायदेमंद है तो इसका मतलब ये नहीं कि आप दिन में दस कप कॉफी पी जाएं। साइंस रिसर्च भी यह कहती हैं कि कॉफी एक सीमित मात्रा में ही बेनिफिट देती है। बहुत ज्यादा कॉफी पीने के नुकसान और साइड इफेक्ट इसके फायदों पर भारी पड़ जाते हैं।

न्यूट्रिशनिस्ट और डॉक्टर्स के मुताबिक जरूरत से ज्यादा मात्रा में कॉफी पीने से एंग्जाइटी हो सकती है। यह शरीर में ज्यादा गर्मी पैदा कर सकती है, ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती है और पाचन तंत्र को भी खराब कर सकती है।

### सुबह का वक्त कॉफी पीने के लिए सबसे सही

डॉ. सचिन गुप्ता बताते हैं कि सुबह का समय कॉफी पीने के लिए सबसे बेहतर है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में न्यूरोसाइंस के प्रोफेसर मैथ्यू वॉकर कहते हैं कि कॉफी में मौजूद कैफीन ही एकमात्र नुकसानदायक तत्व है। कॉफी पीने के 12 से 14 घंटे बाद भी कैफीन शरीर में मौजूद रहता है और ब्रेन न्यूरॉन्स को एक्टिव रखता है। इसलिए, बहुत ज्यादा कॉफी पीने से ब्रेन एक्टिविटी प्रभावित हो सकती है। किन्हीं खास परिस्थितियों में जैसे परीक्षाओं से पहले या किसी डेडलाइन के काम को पूरा करने के लिए कभी-कभार रात के समय कॉफी पीना ठीक है, लेकिन सामान्य स्थिति में शाम 4 बजे के बाद कॉफी नहीं पीनी चाहिए क्योंकि शाम को पी गई कॉफी भी रात में आपकी नींद को प्रभावित करेगी।

प्रोफेसर वॉकर कहते हैं कि अगर आप कॉफी पीना ही चाहते हैं तो मार्केट में उपलब्ध कैफीन फ्री कॉफी पी सकते हैं। खुद प्रोफेसर वॉकर सिर्फ सुबह के समय कॉफी पीते हैं, दिन में बिलकुल भी नहीं।

#### जरूरत से ज्यादा कॉफी पीना यानी सेहत के साथ खिलवाड़

हर चीज की एक लिमिट होती है और उस लिमिट को क्रॉस किया तो नुकसान आपको ही झेलना है। जैसे न ज्यादा धूप अच्छी है, न ज्यादा बारिश, वैसे ही खाने-पीने के साथ भी है। हर चीज की अति खराब होती है। ज्यादा कॉफी पीना भी खतरे की घंटी है।

## 'कल्कि 2898 एडी' के पोस्टर में अनोखे लुक में दिखीं दीपिका पादुकोण



**मुंबई,** 9 जून (एजेंसियां)। एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के ट्रेलर लॉन्च से पहले रविवार को फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। इसमें दीपिका को एक आकर्षक लुक में देखा जा सकता है। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर पोस्ट किया, जिसमें वह बेहद आकर्षक लग रही हैं। पोस्टर में एक्ट्रेस परेशान दिख रही हैं, जैसे कि वह किसी भावनात्मक यात्रा पर हैं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया उम्मीद की शुरुआत उनसे होती है। 'कल्कि 2898 एडी' का ट्रेलर कल आएगा।दीपिका के पति रणवीर सिंह ने पोस्ट पर कमेंट किया कि बूम स्टनर। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता नाग अश्विन निर्देशित फिल्म एक डायस्टोपियन भविष्य में सेट है, जहां मानवता को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इससे पहले 7 जून को मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा के रूप में अपना नया लुक शेयर किया था। उन्होंने फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त की थी। उन्होंने लिखा कि महान लोगों के साथ शामिल होने के इस महान सम्मान के लिए इंतजार कर रहा हूं, इंतजार खत्म हो रहा है।'कल्कि 2898 एडी' का ट्रेलर 10 जून को आएगा। 27 जून को रिलीज होने वाली इस फिल्म में प्रभास और कमल हासन भी हैं। बता दें कि एक्ट्रेस कुछ समय बाद अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं। इन दिनों वह अपनी प्रेग्नेंसी के कारण चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में उन्हें एक येलो कलर की ड्रेस में देखा गया था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थी।

## सोनम कपूर के जन्मदिन पर पति आनंद आहूजा ने दिया खास तोहफा

**मुंबई,** 9 जून (एजेंसियां)। फैशन फ्रीक बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर रविवार को अपना 39वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर उनके पति आनंद आहूजा ने उन्हें एक खास उपहार दिया। आनंद आहूजा ने सोनम को नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की कविताओं के संग्रह 'गीतांजलि' का पहला संस्करण भेंट किया, जो 1910 में प्रकाशित हुआ था।

एक्ट्रेस सोनम कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इस किताब की एक तस्वीर शेयर की। साथ ही अपने पति को धन्यवाद देने के लिए एक नोट लिखा। सोनम ने लिखा कि मेरे पति की ओर से जन्मदिन का तोहफा टैगोर द्वारा लिखित 'गीतांजलि' का पहला संस्करण, जिसका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। शुक्रिया आनंद आहूजा, मुझे नहीं पता कि मैंने ऐसा क्या किया कि मैं आपके लायक बन गई। सोनम ने नौ साल तक डेटिंग करने के बाद 2018 में आनंद आहूजा से शादी की। इस कपल ने 2022 में अपने पहले बच्चे, बेटे वायु का परिवार में स्वागत किया।

सोनम के साथ फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' में काम कर चुकीं एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की, जिसमें दोनों एक्ट्रेस कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए पोज दे रही हैं। करीना ने लिखा कि जन्मदिन मुबारक हो, डार्लिंग। मैं तुमसे प्यार करती हूं, तुम्हें ढेर सारी खुशियां मिलें।

साल 2018 में रिलीज हुई 'वीरे दी वेडिंग' में करीना और सोनम के अलावा स्वरा भास्कर, शिखा तलसानिया, सुमित व्यास, विश्वास किनी और नीना गुप्ता भी हैं। फिल्म चार युवा सहेलियों की कहानी है, जो अपने पारिवारिक और रोमांटिक रिश्तों में विभिन्न परेशानियों से जूझ रही हैं।

सोनम ने बॉलीवुड के शानदार और सुपरहिट डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की फिल्म 'सांवरिया' (2007) से अपना डेब्यू किया था। सोनम 'सांवरिया' में काम करने से पहले 2005 की फिल्म 'ब्लैक' में संजय को असिस्ट कर चुकी थीं। बता दें कि सोनम कपूर सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन इंस्टा हैंडल पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।



### अनिल कपूर, मां सुनीता ने सोनम को किया बर्थडे विश

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'सावी' में अपने काम से सुर्खियां बटोरने वाले एक्टर अनिल कपूर ने अपनी बेटी सोनम कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। इस खास दिन पर अनिल कपूर ने अपनी बेटी सोनम कपूर के लिए एक प्यार भरा नोट लिखा। रविवार को इंस्टाग्राम पर अनिल ने सोनम के साथ उनके परिवार और बेटे वायु की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। अभिनेता ने अपनी बेटी के लिए लिखे नोट में उन्हें एक ऐसी महिला बताया जो सब कुछ कर सकती है। अनिल ने लिखा कि हैप्पी बर्थडे, सोनम, तुम हमेशा मेरे लिए बहुत खास रही हो। तुम्हें आज एक अद्भुत व्यक्ति के रूप में विकसित होते देखना मेरे लिए सबसे अच्छी बात है। यह देखना कि तुम हर चीज को इतनी धैर्यता और शक्ति के साथ संभालती हो। चाहे वह वायु की एक अद्भुत मां हो, एक प्यारी पत्नी हो, या एक देखभाल करने वाली बेटी और बहन ही क्यों न हो, मुझे हर दिन गर्व से भर देता है। उन्होंने आगे कहा कि हर चीज को बैलेंस करने की तुम्हारी कला और चमकते रहना वाकई किसी प्रेरणा से कम नहीं है।

## गर्मियों में खुद को हाइड्रेट रखने के लिए रात को पीए नारियल पानी

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। वैसे तो नारियल पानी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन रात के समय इसका सेवन कुछ लोगों के लिए स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। यहां नारियल पानी का सेवन रात को करने से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया गया है।

नारियल पानी का सेवन सेहत के लिए काफी लाभकारी होता है, लेकिन इसके बेनेफिट्स तभी शरीर को अच्छे से मिलते हैं, जब इसका सही ढंग से सेवन किया जाए। नारियल पानी पीने का अच्छा समय सुबह का है।

लेकिन कुछ लोग रात में इसका सेवन करते हैं। ऐसे में नारियल पानी पीने से इसके फायदे की जगह नुकसान हो सकते हैं। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि रात को नारियल पानी क्यों नहीं पीना चाहिए और इससे सेहत को क्या नुकसान होता है?



#### पेशाब की समस्या

नारियल पानी में नेचुरल ड्यूरेटिक प्रॉपर्टीज होती है, इसलिए रात के समय इस पीने पर आपको बार-बार बाथरूम जाने की आवश्यकता हो सकती है। जिससे नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। रात में कुछ लोगों को नारियल पानी में मौजूद प्राकृतिक शुगर और इलेक्ट्रोलाइट्स को पचाने में कठिनाई हो सकती है। इससे पेट फूलने, गैस और अन्य पेट की समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए रात में इसके सेवन से बचें। नारियल पानी में नेचुरल शुगर की कुछ मात्रा पाई जाती है। इसलिए रात में इसे पीने से कुछ लोगों के रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि हो सकती है। इसलिए रात में इसके सेवन से बचना चाहिए, खासतौर पर डायबिटीज या प्री डायबिटीज के मरीजों को।

#### नींद की समस्या

नारियल पानी में प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो ऊर्जा बढ़ा सकते हैं। रात में इसका सेवन करने से कुछ लोग एक्टिव महसूस करने लगते हैं। जिससे उन्हें नींद में समस्या होती है। रात में नारियल पानी का सेवन करने से शरीर में अधिक हाइड्रेशन हो सकता है। अत्यधिक हाइड्रेशन इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन का कारण बन सकता हैं, जिससे थकान, मांसपेशियों में ऐंठन और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

## डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी में दिखेगी भविष्य की झलक

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। एप्पल की वार्षिक वर्ल्डवाइड डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस (डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी) सोमवार से शुरू होने जा रही है। माना जा रहा है कि इस बार कई नए फीचर्स के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर कंपनी का फोकस हो सकता है।

डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी एक ईवेंट है, जहां एप्पल की ओर से अपने प्रोडक्ट्स के लिए नए सॉफ्टवेयर और फीचर्स को पेश किया जाता है। इस वर्ष उम्मीद की जा रही है कि आईफोन के लिए आईओएस 18 पेश किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य ऑपरेटिंग सिस्टम का भी अपडेट आ सकता है। डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी में एप्पल अपने ऑपरेटिंग सिस्टम में एआई को जोड़ सकता है। इसके अलावा सिरी के उपयोग बढ़ाने को लेकर भी ध्यान हो सकता है। कंपनी इसमें लार्ज लैंग्वेज मॉडल जोड़ सकती है, जिससे यह यूजर्स की ओर से पूछे गए सवालों का आसानी से जवाब दे पाए। एप्पल अपने इन एआई फीचर्स को 'एप्पल इंटेलिजेंस' फीचर्स नाम दे सकता है और अपने सभी ऐप्स में जोड़ सकता है। माना जा रहा है कि आने वाले आईओएस 18 में एआई फीचर्स को जोड़कर एप्पल अन्य कंपनियों जैसे गूगल और माइक्रोसॉफ्ट को टक्कर देने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा उम्मीद की जा रही है कि आईओएस 18 में आने वाले सभी फीचर्स आईपैडओएस 18 में भी देखने को मिल सकते हैं। वॉचओएस 11 में भी कई अपडेट्स देखने को मिल सकते हैं।




■ आईओएस 18 को एआई के साथ पेश कर सकता है एप्पल

## चित्रकार ने कोयले से बनाई पीएम मोदी की 8 फीट की तस्वीर




**अमरोहा,** 9 जून (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी आज तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के पद की शपथ लेने जा रहे हैं। इसको लेकर देश में चारों ओर जश्न का माहौल है। ऐसे में पीएम मोदी को अपनी शुभकामनाएं भेजने के लिए अमरोहा के एक चित्रकार ने कोयले से पीएम मोदी की 8 फीट की तस्वीर को दीवार पर उकेरा है। तस्वीर बनाने वाला चित्रकार उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले का रहने वाला है। उसे अक्सर अपने कोयले से बनाए गए चित्रों के लिए जाना जाता है।

मोदी की तस्वीर बनाने वाले चित्रकार जुहेब खान ने कहा कि मैं अक्सर देश में होने वाली समसामयिक घटनाओं को कोयले से अपनी तस्वीर के जरिए दीवारों पर उतारता हूं। उन्होंने कहा कि आज नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस मौके पर उन्हें बधाई देने के लिए मैंने कोयले से उनका 8 फीट का चित्र तैयार किया है। जुहेब खान ने आगे कहा कि मैं आशा करता हूं कि पीएम मोदी अपने नारे सबका साथ, सबका विकास के साथ सभी जाति, धर्मों और समुदायों के लोगों को साथ लेकर चलेंगे, ताकि यह देश प्रगति कर सके।

प्रधानमंत्री मोदी आज शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें शपथ दिलाएंगी। भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और 'सागर' मिशन को दी जा रही प्राथमिकता के तहत कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों को समारोह में बुलाया गया है।

पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने वाले नेताओं में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं। सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफिफ और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना शनिवार को ही भारत आ गई थीं।

### ठाकुर जी को भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए अनूठी पहल

## ब्रज के मन्दिरों में फूल बंगला बनाने की होड़

**मथुरा,** 9 जून (एजेंसियां)। ठाकुर जी को भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए ब्रज के मन्दिरों में इन दिनों फूल बंगला बनाने की होड़ सी लगी हुई है। फूल बंगले की शुरूआत लगभग 500 वर्ष पहले स्वामी हरिदास ने की थी। वे जंगल से तरह तरह के फूल चुनकर लाते थे और फिर उनसे ठाकुर का अनूठा श्रृंगार करते थे। धीरे धीरे यह परंपरा अन्य मन्दिरों में विशेषकर सप्त देवालयों में भी शुरू हुई तथा राधारमण मन्दिर के विगृह को प्रकट करनेवाले गोपाल भट्ट गोस्वामी ने इसमें कुछ परिवर्तन कर दिया था और बंगले को और आकर्षक बनाया था।

आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने बताया कि हरिदासीय सम्प्रदाय के 15वें आचार्य गोस्वामी छबीले बल्लभ महराज फूल बंगलों के अनूठे कलाकार थे तथा उन्होंने फूल बंगलों को नए कलेवर में प्रस्तुत करने का प्रयास किया। बाबा कृष्णानन्द अवधूत, सेठ हरगूलाल बेरीवाला, अर्जुनदास, रामजीलाल, राधाकृष्ण गाडोदिया आदि ने फूल बंगला परंपरा को नया कलेवर दिया। पिछले दो दशक से इसमें और परिवर्तन हुआ और आज ब्रज के मन्दिरों में इतने आकर्षक बंगले बनने लगे है कि भक्त बंगले में विराजमान ठाकुर को देखकर धन्य हो जाता है।



**फूल बंगला बनाने में रायबेल, मोतिया, मोगरा, मौलश्री, लिली, रजनीगंधा, फूलों का प्रयोग**

उन्होंने बताया कि सामान्यतया फूल बंगला बनाने में रायबेल, मोतिया, मोगरा, मौलश्री, लिली, रजनीगंध, गुलाब एवं गेंदे के फूलों का प्रयोग किया जाता है पर कुछ बंगले अति भव्य बनाये जाने लगे हैं तथा इनके लिए बंगलौर, कलकत्ता तथा विदेश तक से फूल मंगाए जाते हैं। इन बंगलों के बनने में आनेवाला खर्च भक्तों द्वारा वहन किया जाता है तथा ठाकुर की विभिन्न प्रकार की सेवाओं कें ठाकुर को शीतलता प्रदान करने के लिए बंगला सेवा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

इन बंगलों को कारीगर बनाते हैं तथा ये दो या तीन मंजिल तक के बनते है। फूलों की लड़ी शीशम या सागवान की लकड़ी पर बने फ्रेम पर लपेटकर बनाई जाती है तथा तीन मंजिल के बंगलों में ऊपर जाने की सीढ़ियां तक बनी होती हैं। बंगला बनाने में केले के पेड़ के कोमल तने का भी प्रयोग किया जाता है। फूल बंगले के माध्यम से कान्हा की लीलाओं बैनीगूंथन, गौचारण, महारास, कालिया मान मर्दन, चीर हरण, गजेन्द्र मोक्ष आदि का निरूपण किया जाता है। बांके बिहारी मन्दिर में पहले तो बंगले केवल जगमोहन तक ही सीमित थे किंतु धीरे धीरे सजवाट में चौक को भी शामिल कर लिया गया तथा व वर्तमान में ये बंगले मन्दिर के बाहर चबूतरे तक बनने लगे हैं। बिहारी जी मन्दिर में पहले फूल बंगले केवल शयनभोग सेवा में ही बनते थे किंतु पिछले कुछ वर्षों से ये अब राजभोग सेवा में भी बनने लगे हैं। फूल बंगले में ठाकुर जी को जगमोहन में विराजमान किया जाता है तथा मन्दिर के जगमोहन से चौक तक गुलाब जल की वर्षा रूक रूककर होती रहती है। जगमोहन इत्र की खुशबू से आच्छादित होता रहता है।

राधारमण मन्दिर वृन्दावन के सेवायत आचार्य दिनेश चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि मन्दिर में फूल बंगला बनाने में अधिकतर केले के तने के अन्दर के भाग का प्रयोग होता है जिससे जब इस पर प्रकाश पड़ता है तो बंगला चांदी का सा बना मालूम पड़ता है। आम का मौसम शुरू होते ही इस मन्दिर में आम का बंगला बनाने की होड़ सी लग जाती है। बाद में यही आम भक्तों में प्रसाद स्वरूप लुटाये जाते हैं। वर्तमान में मन्दिर में आम के बंगले अधिक संख्या में बन रहे हैं।यहां पर भी बंगले के वातावरण को सुगन्धित किया जाता है। राधा बल्लभ, राधा दामोदर, गोपीनाथ,मदनमोहन, राधा श्यामसुन्दर के बंगले अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। दानघाटी मन्दिर के सेवायत आचार्य पवन कौशिक ने बताया कि इस मन्दिर का गर्भ गृह छोटा होने के कारण फूल बंगले केवल एक मंजिल के ही बनते हैं तथा ठाकुर को अधिक से अधिक शीतलता प्रदान करने के लिए बंगला हरीतिमायुक्त होता है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 5.83 प्रतिशत |
| विप्रो | 5.09 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 4.50 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 4.13 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 4.04 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एफ़टीएसई | 0.56 प्रतिशत |
| डैक्स | 0.84 प्रतिशत |
| निक्केई | 0.05 प्रतिशत |
| हैंगसेंग | 0.59 प्रतिशत |
| कम्पोजिट | 0.08 प्रतिशत |

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7000-7100 |
| दाल चना | 8000-8100 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 12800-12900 |
| मूंग दाल | 10500-10600 |
| अरहर दाल | 11500-11600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## अडाणी एयरपोर्ट्स ने वित्त वर्ष 24 में संभाला एक मिलियन टन से ज्यादा कार्गो

**मुंबई,** 9 जून (एजेंसियां)। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की ओर से रविवार को कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी ने एक मिलियन टन एयर कार्गो संभाला है। इसमें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। पिछले वित्त वर्ष कंपनी ने 9,44,912 मीट्रिक टन कार्गो संभाला गया था। अदाणी ग्रुप देश में सात एयरपोर्ट्स संभालता है और वित्त वर्ष 2023-24 में 10 लाख मीट्रिक टन कार्गो संभालने के साथ कंपनी का मार्केट शेयर 30.1 प्रतिशत हो गया है। एएएचएल के सीईओ अरुण बंसल ने कहा कि अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड में हम लगातार संचालन के नए बेंचमार्क सेट कर रहे हैं। कार्गो टर्मिनल की ओर से एक मिलियन टन का बड़ा माइलस्टोन हासिल किया गया है।



कंपनी ने कहा कि हैंडल किए गए सभी कार्गो में 65 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय था। अंतरराष्ट्रीय कार्गो सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़कर 6,62,258 मीट्रिक टन हो गया है, जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष 6,06,348 मीट्रिक टन था। कंपनी द्वारा संभाले गए कार्गो में ऑटोमोबाइल, फार्मा, जल्द नष्ट होने वाली चीजें, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग गुड्स थे। बंसल ने आगे कहा कि हमारी ये उपलब्धि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कार्गो हैंडल करने में हमारी स्थिति को और मजबूत करती है। वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने सबसे ज्यादा कार्गो संभाला। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (अहमदाबाद) ने 18 मई को इंडिगो के पहले ए320 नियो मालवाहक विमान का सफलतापूर्वक संचालन किया। अंतरराष्ट्रीय कार्गो संचालन ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (लखनऊ) में मार्च 2024 में 700 टन कार्गो संभाला, जो कि अब तक सबसे अधिक है।

## 'पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग का हब बनने को तैयार'

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आने वाले वर्षों में भारत वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग का हब बनने को तैयार है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज मोहिन्द्रू ने रविवार को ये बात कही। मोहिन्द्रू ने कहा कि पिछले एक दशक में मोबाइल फोन इंडस्ट्री में काफी तेज ग्रोथ देखने को मिली है और इस दौरान भारत में कुल 50 अरब फोन मैन्युफैक्चर हुए हैं। इसने देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग की एक मजबूत नींव स्थापित की है। मोहिन्द्रू ने बातचीत में कहा, 'एक देश के रूप में हमें सभी सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ना होगा। मोबाइल के साथ भारत आईटी हार्डवेयर, लैपटॉप, डेस्कटॉप, सर्वर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य क्षेत्रों में भी इलेक्ट्रॉनिक्स का ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनने को तैयार है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में आईसीईए ने कहा कि भारत का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को वित्त वर्ष 2026 तक 300 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

## मस्क ने की भारतीय मूल के इंजीनियर की तारीफ, कहा उनके बिना हम केवल एक साधारण कार कंपनी

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। एलन मस्क ने रविवार को भारतीय मूल के एक इंजीनियर की जमकर तारीफ की। उन्होंने टेस्ला के ऑटोपायलट टीम के पहले कर्मचारी अशोक एलुस्वामी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके और उनकी टीम के बिना हम एक सामान्य कार निर्माता होते और एक ऑटोनॉमी सप्लायर को खोज रहे होते, जो कि हकीकत में है ही नहीं। मस्क ने ये बयान ऐसे समय पर दिया है जब एलुस्वामी ने अपने एक नोट में कहा कि वे एआई और ऑटोनॉमी के मुख्य कर्ताधर्ता रहे हैं। एलुस्वामी ने अपने नोट में आगे कहा कि वे (मस्क) हमें हमेशा सर्वोच्च हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं, जब हमें लगता है कि वे चीजें पाना बिल्कुल मुश्किल हैं। इसके बाद मस्क ने एलुस्वामी की पोस्ट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कोट करते हुए लिखा कि धन्यवाद अशोक। यह पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने टेस्ला की एआई और ऑटोपायलट टीम को ज्वाइन किया था। इसके बाद आज सभी एआई और ऑटोपायलट टीम को लीड कर रहे हैं। आगे मस्क ने कहा कि वैसे मैंने कभी उन्हें ये सुझाव नहीं दिया कि वे ये सब कहें और उन्हें तब पता लगा जब पोस्ट को 10 मिनट पहले देखा। एलुस्वामी ने अपने



**ऑटोपायलट टीम के पहले कर्मचारी अशोक एलुस्वामी के प्रति आभार जताया**

नोट में कहा कि 2014 में ऑटोपायलट एक छोटे से कम्प्यूटर से शुरू हुआ था। उसकी मेमोरी करीब 384 केबी की थी। उन्होंने इंजीनियरिंग टीम से लेन कीपिंग, लेन बदलना, वाहनों के लिए लोंगिट्युडिनल कंट्रोल और कर्वेचर आदि लागू करने को कहा। टीम के कई लोगों ने सोचा था कि ये बिल्कुल नामुमकिन काम है। बहरहाल, उन्होंने कभी हार नहीं मानी और टीम को इस बेहद कठिन लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। 2015 में सभी मुश्किलों को मात देते हुए टेस्ला ने दुनिया का पहला ऑटोपायलट सिस्टम बनाया। इसके जैसा दूसरा प्रोडक्ट बाजार में कई वर्षों बाद आया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 9 जून (एजेंसियां) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 31 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर गिरकर 646.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की



ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 31 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.1 अरब डॉलर की जबरदस्त बढ़त के साथ 572.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 21.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.5 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.33 अरब डॉलर हो गया।

## ट्रैवल कंपनी इक्सिगो का आईपीओ आज से खुलेगा

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। ट्रैवल वेबसाइट इक्सिगो की प्रवर्तक कंपनी ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आईपीओ सोमवार से खुल रहा है। आम निवेशक बुधवार तक इसके लिए बोली लगा सकते हैं। इक्सिगो आईपीओ का इश्यू साइज 740 करोड़ रुपए का है। इसमें फ्रेस इश्यू 120 करोड़ रुपए का और ऑफर फॉर सेल 620 करोड़ रुपए का है।

कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 88 रुपए से लेकर 93 रुपए प्रति शेयर तय किया है। इसका लॉट साइज 161 शेयरों का है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए रिटेल निवेशकों को कम से कम 14,973 रुपए का निवेश करना होगा। कंपनी ने शुक्रवार को बताया था कि उसने आईपीओ खुलने से पहले एंकर निवेशकों से 333 करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। एंकर बुक में 23 फंड्स ने भाग लिया है। आईपीओ का 75 प्रतिशत हिस्सा योग्य संस्थागत खरीददारों (क्यूआईबी), 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत खरीददारों और 10 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित रखा गया है। आईपीओ का अलॉटमेंट 13 जून को होगा। रिफंड और शेयर डीमैट अकाउंट में 14 जून को क्रेडिट होंगे। वहीं, शेयर एनएसई और बीएसई पर 18 जून को सूचीबद्ध होंगे।

इक्सिगो एक ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी है जिसका फोकस मझोले और छोटे शहरों के ट्रैवलर्स पर है। वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने में (31 दिसंबर तक) कंपनी की आय 491 करोड़ रुपए थी। इस दौरान कंपनी को 66 करोड़ का मुनाफा हुआ था।

## मोदी सरकार में सुधार नीतियां जारी रहने की उम्मीद में चढ़ेगा बाजार

**मुंबई,** 9 जून (एजेंसियां)। देश में नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर को लगातार आठवीं बार स्थिर रखने से हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक उछलकर ऊंचाई का नया रिकॉर्ड बना चुके घरेलू शेयर बाजार मोदी सरकार 3.0 में भी पहले से चल रही बाजार समर्थित नीतियों की निरंतरता कायम रहने की उम्मीद में अगले सप्ताह भी गुलजार रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2732.05 अंक अर्थात 3.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर पहली बार 76693.36 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 759.45 अंक यानी 3.4 प्रतिशत उछलकर 23290.15 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में निवेशकों ने बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयर में भी जमकर निवेश किया। इससे मिडकैप 1258.75 अंक अर्थात 2.9 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 44111.44 अंक और स्मॉलकैप 1467.89 अंक यानी 3.1 प्रतिशत चढ़कर 48731.55 अंक हो गया।

विश्लेषकों के अनुसार, लोकसभा चुनाव की 04 जून मंगलवार को हुई मतगणना के दौरान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के रुझानों से निराश निवेशकों की भारी बिकवाली से शेयर बाजार में भूचाल आ गया और सेंसेक्स एक दिन में 4390 अंक और निफ्टी 1380 अंक टूट गया। लेकिन, सहयोगी दलों के समर्थन से केंद्र में लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय

**साप्ताहिक समीक्षा**



जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनना तय होने के बाद अगले तीन दिनों में सेंसेक्स ने 4614 और निफ्टी ने 1406 अंक की रिकवरी की और दोनों सूचकांक नये शिखर पर पहुंच गये। बाजार पर अगले सप्ताह आरबीआई के ब्याज दरों को यथावत रखने से दर-संवेदनशील समूहों में लिवाली जारी रह सकती है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र में एक फिर राजग की सरकार बनने से बाजार समर्थित नीतियों के आगे भी जारी रहने का सेंसेक्स और निफ्टी पर असर देखा जा सकेगा। इनके अलावा वैश्विक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमत, डॉलर सूचकांक और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के निवेश प्रवाह का भी बाजार पर असर रहेगा। हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 की शुरूआत से अबतक एफपीआई बाजार में लगातार बिकवाल बने हुए हैं। एफपीआई ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल में बाजार से 35,692.19 करोड़, मई में 42,214.28 करोड़ और जून में अबतक 13,718.42 करोड़ रुपए निकाल चुके हैं। आरबीआई ने भी अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में इस तथ्य की पुष्टि करते हुए बताया है कि चालू वित्त वर्ष की शुरूआत से 05 जून तक एफपीआई ने घरेलू बाजार में पांच अरब डॉलर की बिकवाली की है। बीते सप्ताह बाजार में मंगलवार की भारी गिरावट को छोड़कर चार दिन जबरदस्त तेजी रही। भारतीय अर्थव्यवस्था के दुनिया में सबसे तेज 8.2 प्रतिशत की गति से वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ने और आम चुनाव में श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में मोदी 3.0 सरकार बनने के चुनाव बाद सर्वेक्षणों के रुझान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली के बल पर सोमवार को सेंसेक्स 76468.78 अंक और निफ्टी भी पहली बार 23263.90 अंक पर रहा। लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा को मतगणना के दौरान स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के रुझानों से निराश निवेशकों की बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 4389.73 अंक टूटकर 72079.05 अंक और निफ्टी 1379.40 अंक उतरकर 21884.50 अंक पर रह गया। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद सहयोगी दलों के समर्थन से केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनने की उम्मीद में हुई चौतरफ़ा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 2303.19 अंक की उड़ान भरकर 74,382.24 अंक हो गया। साथ ही निफ्टी 735.85 अंक उछलकर 22,620.35 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई के ब्याज दर को लगातार आठवीं बार यथावत रखने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजग का सर्वसम्मति से नेता चुने से उत्साहित निवेशकों की लिवाली के बल पर शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन तेजी बनी रही और बाजार ने नया रिकार्ड कायम किया। सेंसेक्स 1618.85 अंक की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 76,693.36 अंक पर पहुंच गया। साथ ही निफ्टी 468.75 अंक की तेजी के साथ 23,290.15 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी में दिखेगी भविष्य की झलक, आईओएस 18 को एआई के साथ पेश कर सकता है एप्पल

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। एप्पल की वार्षिक वर्ल्डवाइड डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस (डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी) सोमवार से शुरू होने जा रही है। माना जा रहा है कि इस बार कई नए फीचर्स के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर कंपनी का फोकस हो सकता है। डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी एक ईवेंट है, जहां एप्पल की ओर से अपने प्रोडक्ट्स के लिए नए सॉफ्टवेयर और फीचर्स को पेश किया जाता है। इस वर्ष उम्मीद की जा रही है कि आईफोन के लिए आईओएस 18 पेश किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य ऑपरेटिंग सिस्टम का भी अपटेड आ सकता है। डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी में एप्पल अपने ऑपरेटिंग सिस्टम में एआई को जोड़ सकता है। इसके अलावा सिरी के उपयोग बढ़ाने को लेकर भी ध्यान हो सकता है। कंपनी इसमें लार्ज लैंग्वेज मॉडल जोड़ सकती है, जिससे यह यूजर्स की ओर से पूछे गए सवालों का आसानी से जवाब दे पाए। एप्पल अपने इन एआई फीचर्स को 'एप्पल इंटेलिजेंस' फीचर्स नाम दे सकता है और अपने सभी ऐप्स में जोड़ सकता है। माना जा रहा है कि आने वाले आईओएस 18 में एआई फीचर्स को जोड़कर एप्पल अन्य कंपनियों जैसे गूगल और माइक्रोसॉफ्ट को टक्कर देने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा उम्मीद की जा रही है कि आईओएस 18 में आने वाले सभी फीचर्स आईपैडओएस 18 में भी देखने को मिल सकते हैं।

## सार संक्षेप

### चीन में 6 करोड़ से अधिक लोगों ने व्यक्तिगत पेंशन खाते खोले

**बीजिंग।** चीन की पेंशन बीमा प्रणाली के हिस्से के रूप में, व्यक्तिगत पेंशन प्रणाली को 36 शहरों और क्षेत्रों में एक साल से अधिक समय से लागू किया गया है। चीन के मानव संसाधन और सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय के हालिया आंकड़ों के अनुसार, अब 6 करोड़ से अधिक लोगों ने व्यक्तिगत पेंशन खाते खोले हैं। चीन के राष्ट्रीय सामाजिक बीमा सार्वजनिक सेवा मंच ने विशेष व्यक्तिगत पेंशन उत्पादों पर जानकारी जारी की है, जिसमें वित्तीय प्रबंधन, बचत, बीमा और फंड शामिल हैं। वर्तमान में, 762 विशेष व्यक्तिगत पेंशन उत्पाद उपलब्ध हैं, जिनमें 465 बचत उत्पाद, 192 फंड उत्पाद, 82 बीमा उत्पाद और 23 वित्तीय प्रबंधन उत्पाद शामिल हैं। डेटा से पता चलता है कि व्यक्तिगत पेंशन प्रणाली विभिन्न आयु समूहों के व्यक्तियों को आकर्षित करती है। 31 से 40 वर्ष की आयु के लोगों में, जिनकी आय मध्यम से उच्च होती है, व्यक्तिगत पेंशन खाते खोलने, भुगतान करने और उत्पाद खरीदने में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्हें आकर्षित करने वाले मुख्य कारणों में 'सेवानिवृत्ति के लिए पहले से तैयारी करना' और 'कर कटौती' शामिल हैं। इसके अलावा, मानव संसाधन और सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय ने पेंशन बीमा के तीसरे स्तंभ को सक्रिय रूप से विकसित करने की अपनी योजना व्यक्त की है। इसमें व्यक्तिगत पेंशन प्रणाली का व्यापक प्रचार-प्रसार तथा इसके कवरेज और भुगतान स्तर में सुधार शामिल है।

### चीन का पहला राष्ट्रीय महासागर बड़ा डेटा सेवा प्लेटफॉर्म जारी

**बीजिंग।** चीन का पहला राष्ट्रीय महासागर बड़ा डेटा सेवा प्लेटफ़ॉर्म जारी किया गया। फुच्येन प्रांत के श्यामन शहर में आयोजित विश्व महासागर दिवस समारोह में चीन का पहला राष्ट्रीय महासागर बड़ा डेटा सेवा प्लेटफ़ॉर्म और 'महासागर डेटा ओपन शेयरिंग कैटलॉग' का पहला बैच जारी किया गया। 'राष्ट्रीय महासागर बड़ा डेटा सेवा प्लेटफ़ॉर्म' महासागर डेटा और सूचना उत्पादों के लिए एक राष्ट्रीय ऑनलाइन सेवा प्लेटफ़ॉर्म है। यह राष्ट्रीय वैश्विक महासागर 3-डी अवलोकन नेटवर्क से डेटा एकत्र कर सकता है, महासागर से संबंधित विभागों के बीच महासागर सूचना विनिमय की सुविधा प्रदान कर सकता है, सार्वजनिक कल्याण डेटा उत्पाद एकीकरण सेवाएं प्रदान कर सकता है और अंतरराष्ट्रीय महासागर सूचना डेटा विनिमय और सहयोग का समर्थन कर सकता है। इस बार जारी किए गए 'महासागर डेटा ओपन शेयरिंग कैटलॉग' में सात प्रमुख महासागर विषय और 83 प्रकार के तत्व शामिल हैं। यह चीन के स्वतंत्र रूप से प्राप्त महासागर डेटा, स्वतंत्र रूप से विकसित महासागर सूचना उत्पादों और वैश्विक महासागर पर्यावरण डेटा को एकीकृत करता है। साथ ही, यह कैटलॉग देश के महासागर से संबंधित विभागों और तटीय क्षेत्रों को समुद्री आर्थिक विकास, समुद्री आपदा रोकथाम और कमी में मूल्यवान सेवाएं प्रदान कर सकता है।

## सरसों और मूंगफली तेल महंगा, दालों में मिलाजुला रुख, चावल चढ़ा

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और मूंगफली तेल में तेजी रही जबकि



उठाव सुस्त रहने से दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं चावल के भाव चढ़ गए।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 127 रिंगिट गिरकर 3943 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.16 सेंट की गिरावट के साथ 43.95 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 73 रुपए और मूंगफली तेल 146 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13003 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19413 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12234 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9000 रुपए प्रति क्विटल और वनस्पति तेल 11233 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## रोसनेफ्ट के सीईओ इगोर सेचिन ने 2024 एसपीआईईएफ एनर्जी पैनल में दिया मुख्य भाषण

**नई दिल्ली,** 9 जून (एजेंसियां)। रोसनेफ्ट के सीईओ इगोर सेचिन ने 2024 एसपीआईईएफ एनर्जी पैनल में मुख्य भाषण दिया। रोसनेफ्ट ऑयल कंपनी के सहयोग से एनर्जी पैनल का आयोजन XXVII सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान किया गया था। इगोर सेचिन ने अपने भाषण में मौजूदा ऊर्जा बाजार का विश्लेषण प्रस्तुत किया, जो फिलहाल असंतुलन का सामना कर रहा है। रोसनेफ्ट प्रमुख ने एनर्जी ट्रांजिशन पर अपने भाषण में फोकस करते हुए कहा कि यह अब असफल हो रहा हैKउनके अनुसार, दुनिया भर में पिछले दो दशकों में एनर्जी ट्रांजिशन में लगभग 10 ट्रिलियन डॉलर के निवेश के बावजूद वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत पारंपरिक स्रोत को बदलने में




विफल रहे हैं। फिलहाल पवन और सौर ऊर्जा दुनिया के ऊर्जा उत्पादन का 5 प्रतिशत से भी कम है, और इलेक्ट्रिक वाहन लगभग 3 प्रतिशत ही हैं। इसी अवधि में, तेल, गैस और कोयले की खपत में कुल 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि पहले जैसा ही है। इगोर सेचिन ने कहा, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास में पिछले दशकों में किए गए भारी निवेश से ऊर्जा बाजार में जीवाश्म ईंधन पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। अपने मौजूदा स्वरूप में ग्रीन ट्रांजिशन की रणनीति ऊर्जा स्रोतों की उपलब्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित नहीं कर सकती। रोसनेफ्ट प्रमुख ने मल्टीपोलर वर्ल्ड के ढांचे के भीतर वैश्विक ऊर्जा सेक्टर को विकसित करने के लिए नए अवसर और तरीके खोजने की जरूरत पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि जलवायु संकट में विकसित देशों का सबसे बड़ा योगदान है, जो कार्बन उत्सर्जन के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। संयुक्त राष्ट्र और गैर सरकारी शोध संस्थानों के आंकड़ों का हवाला देते हुए इगोर सेचिन ने कहा कि पिछले 200 साल में पैदा किए गए कार्बन उत्सर्जन में विकसित देशों का हिस्सा 65 प्रतिशत है, जबकि दुनिया की 10 प्रतिशत धनी आबादी आधे कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। दुनिया की सबसे अमीर 1 प्रतिशत आबादी सबसे गरीब 50 प्रतिशत आबादी की तुलना में दोगुना कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन करती है। अफ्रीका का पूरा महाद्वीप दुनिया के उत्सर्जन का 4 प्रतिशत से भी कम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन करता है। इसके अलावा, इगोर सेचिन ने कहा कि एनर्जी ट्रांजिशन संतुलित होना चाहिए और ऐसा करते समय ज्यादा से ज्यादा लोगों के हितों को ध्यान में रखना चाहिए जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा खपत में वृद्धि सुनिश्चित करेगा, खास कर विकासशील देशों में। उन्होंने यह भी कहा कि ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त करने के लिए, ऊर्जा के स्रोतों की पर्याप्तता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना आवश्यक है।


# खेल जगत

**भारतीय महिला हॉकी टीम ब्रिटेन से हारकर आठवें स्थान पर रही**

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अपना अभियान रविवार को ग्रेट ब्रिटेन के हाथों 2-3 की हार के साथ समाप्त किया। लालरेमसियामि (14%) और नवनीत कौर (23%) ने भारत के लिए गोल किये जबकि ब्रिटेन के लिए चार्लोट वाटसन (3%) और ग्रेस बाल्सडन (56%, 58%) ने गोल दागे। भारतीय टीम इस हार के बाद 16 मैचों से आठ अंक जुटाकर प्रो लीग में आठवें स्थान पर रही। पहला क्वार्टर 1-1 से बराबर रहने के बाद भारत ने दूसरे क्वार्टर में 2-1 की बढ़त बना ली। ब्रिटेन ने पांच मिनट शेष रहते पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर बराबरी हासिल कर ली। मैच में तीन मिनट शेष रहते ग्रेस बाल्सडन ने भारतीय गोलकीपर सविता को छकाकर ब्रिटेन को बढ़त दिला दी। भारत ने आखिरी मिनटों में बराबरी का गोल ढूंढने की कोशिश की लेकिन मौके नहीं बना पाए और ब्रिटेन ने मुकाबला जीत लिया।



# वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रन से रौंदा



**जॉनसन चार्ल्स के 42 गेंदों पर 44 रन**

**आंद्रे रसेल के 17 गेंदों पर 30 रन**

**जॉर्जटाउन (गुयाना), 9 जून (एजेंसियां)।** टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप-सी के एक मैच में वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन की फिरकी के आगे युगांडा के बल्लेबाज पूरी तरह लाचार नजर आए।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉनसन चार्ल्स के 42 गेंदों पर 44 और आंद्रे रसेल के 17 गेंदों पर 30 रनों की बदौलत 20 ओवरों में 173/5 रन बनाए। जवाब में युगांडा की टीम 12 ओवरों में मात्र 39 रन पर सिमट गई। युगांडा को कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक पाया। अकील हुसैन ने अपने स्पेल में मात्र 11 रन देकर पांच विकेट लिए। अकील का पांच विकेट वेस्टइंडीज के लिए दूसरा सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाजी आंकड़ा और टी20 विश्व कप में छठा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

वेस्टइंडीज ने 173 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए शुरू से ही युगांडा के बल्लेबाजों पर दबदबा बनाया। अकील हुसैन ने पावरप्ले के दौरान अपने तीन ओवरों में तीन विकेट लेकर आक्रमण की अगुआई की। रोमारियो शेफर्ड और रसेल ने भी विकेट लेकर योगदान दिया। अकील ने सातवें ओवर के दौरान अपने शानदार स्पेल में चौथा और पांचवां विकेट लिया। बता दें कि दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने टी20 वर्ल्ड कप की शानदार शुरुआत की है। टीम ने अपने पहले दोनों मैच जीते हैं। वेस्टइंडीज की टीम चार अंक लेकर अफगानिस्तान के बाद ग्रुप-सी में दूसरे स्थान पर है, जबकि युगांडा की टीम तीन मैचों में एक जीत और दो हार के साथ दो अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

## पॉवेल ने जीत का श्रेय हुसैन की गेंदबाजी को दिया



**जार्जटाउन (गयाना)।** वेस्ट इंडीज के कप्तान रोवमन पॉवेल ने टी 20 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ वेस्ट इंडीज की जबरदस्त जीत के लिए स्पिनर अकील हुसैन को श्रेय दिया। हुसैन ने मात्र 11 रन पर पांच विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और टीम को युगांडा के खिलाफ 134 रन की बड़ी जीत दिलाई। सह मेजबान विंडीज ने अपने दोनों ग्रुप सी मैच जीते। अपने पहले मैच में विंडीज ने पापुआ न्यू गिनी को पांच विकेट से हराया था। वेस्ट इंडीज के 20 ओवर में पांच विकेट पर 173 रन बनाने के बाद हुसैन ने युगांडा को 12 ओवर में मात्र 39 रन पर समेट दिया था। टी 20 रैंकिंग में नंबर तीन गेंदबाज ने अपने पहले ओवर से ही कहर बरपाया और युगांडा की बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर दिया। अन्य गेंदबाजों ने भी अपना योगदान दिया। जुमा मियागी (13*) को छोड़कर कोई अन्य बल्लेबाज क्रीज पर 10 से ज्यादा गेंद नहीं टिक पाया। पॉवेल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि अकील को श्रेय, इस बात में कोई शक नहीं कि वह इस फॉर्मेट में नंबर तीन गेंदबाज क्यों है। यहां क्रिकेट आसान नहीं है और टीमों को अच्छा खेलने की जरूरत है। गयाना के प्रशंसक शानदार थे। हालांकि, वेस्टइंडीज के कप्तान ने स्वीकार किया कि टीम को अभी भी टूर्नामेंट में अपना शिखर हासिल करना बाकी है। पॉवेल ने कहा कि हम सुधार के बारे में बात करते हैं। पहले गेम में हम थोड़े कमजोर थे। पहले गेम में हमें थोड़ी परेशानी हुई। पहले गेम में हम 60 प्रतिशत थे। अब, हम 70-80 प्रतिशत पर काम कर रहे हैं। हुसैन के पांच विकेट वेस्टइंडीज के लिए दूसरा सबसे अच्छा टी20 गेंदबाजी आंकड़ा और टी20 विश्व कप में छठा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। अपने प्रदर्शन पर विचार करते हुए, बाएं हाथ के स्पिनर ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसकी आवश्यकता थी। नेट्स में और पिछली श्रृंखला में, मुझे लगा कि गेंद मेरे हाथ से अच्छी तरह निकल रही है। मुझे लगता है कि मैं सब कुछ सही कर रहा था। लेकिन मुझे पुरस्कार नहीं मिल रहा था, बस शांत रहना होगा और जल्द ही मेरी बारी होगी। अपनी मानसिकता और विचार प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए, हुसैन ने कहा कि उन्होंने परिस्थितियों का फायदा उठाया और उसके अनुसार गेंदबाजी की।

## भारत-पाक मैच से पहले कनेरिया का बाबर पर हमला, बोले
# विराट के जूते के बराबर भी नहीं

**नई दिल्ली, 9 जून (एजेंसियां)।** भारत और पाकिस्तान दो ऐसे देश हैं, जो हमेशा से न केवल अपनी भौगोलिक स्थिति से बल्कि रोमांचक क्रिकेट इतिहास से भी जुड़े हुए हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम में से कौन बेहतर बल्लेबाज है, इस पर काफी समय से बहस होती आई है।

अब टी-20 विश्व कप 2024 में भारत और पाकिस्तान की टक्कर से पहले पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने बताया है कि विराट और बाबर में से कौन बेहतर है। भारत-पाकिस्तान मैच से पहले कनेरिया ने कहा कि जैसे ही बाबर आजम शतक लगाते हैं, अगले दिन विराट कोहली से उनकी तुलना शुरू हो जाती है। वो विराट के जूते के बराबर भी नहीं हैं। दानिश ने आगे कहा कि यूएसए के गेंदबाजों के आगे बाबर की एक न चली, वह उन गेंदबाजों को खेलने में असमर्थ थे। जैसे ही वह 44 रन पर पहुंचे, वह आउट हो गए। उन्हें यह मैच जीतना चाहिए था। इस मुकाबले को पाकिस्तान को एकतरफा जीतना चाहिए था लेकिन उन्हें शर्मनाक हार झेलनी पड़ी।

टूर्नामेंट का आगाज पाकिस्तान के लिए एक चौंकाने वाली हार के साथ शुरू हुआ। वे यूएसए से रोमांचक मुकाबले में हार गए। नतीजा सुपर ओवर में निकला था। पाकिस्तान ने खेल के सभी पहलुओं में खराब प्रदर्शन किया, जिसमें उसके एक अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने सुपर ओवर में 18 रन दिए, जिसमें 7 अतिरिक्त रन शामिल थे। भारत-पाक मैच पर कनेरिया ने भविष्यवाणी की और कहा कि भारत पाकिस्तान को बुरी तरह हरा देगा। वे भारत को हराने में सक्षम नहीं हैं। जब भी पाकिस्तान विश्व कप में आता है, तो वह अपनी गेंदबाजी की प्रशंसा करता है। उसकी गेंदबाजी उसे खेल जिताएगी, लेकिन गेंदबाजी के चलते ही पाकिस्तान मैच हार गया टी20 विश्व कप 2024 में रविवार को भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होगी। आतंकी धमकी को देखते हुए इस





**भारत पाकिस्तान को बुरी तरह हरा देगा वे भारत को हराने में सक्षम नहीं हैं : दानिश कनेरिया**

महामुकाबले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वहीं, यहां की ड्रॉप-इन पिचों को लेकर भी सस्पेंस बना हुआ है। ऐसे में इस मैच को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है और पूरी दुनिया की नजर इस महामुकाबले पर है।

# संजीवनी ने 10 हजार मीटर दौड़ जीती, अविनाश को तीन हजार मीटर में दूसरा स्थान

**पोर्टलैंड, 9 जून (एजेंसियां)।** अमेरिका में माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में भारतीय धाविका संजीवनी जाधव ने महिलाओं की 10 हजार मीटर स्पर्धा

**■ 3000 मीटर स्टीपलचेज रेस में अविनाश साबले 8:21.85 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे**

जीती तथा अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। 2024 एथलेटिक्स सत्र की अपनी पहली 3000 मीटर स्टीपलचेज रेस में अविनाश साबले 8:21.85 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अमेरिका के केनेथ ब्रूक्स (8:18.77) समय के साथ पहले तथा उनके हमवतन एंथोनी रोटिच ने 8:24.13 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। एशियन चैंपियनशिप की कांस्य



पदक विजेता संजीवनी जाधव महिलाओं की 10,000 मीटर में 32:22.77 के समय के साथ पहले स्थान पर रहीं, जो इस साल मार्च में कैलिफोर्निया में दर्ज किए गए उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 32:21.76 से कम है। अमेरिका की केलीन टेलर 32:23.95 के समय के साथ दूसरे स्थान पर तथा इथियोपिया की अत्सेडे टेसेमा ने 32:24.43 समय के साथ तीसरा स्थान मिला। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन पारुल चौधरी भी पोर्टलैंड मीट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 9:31.38 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अमेरिका की एली ओस्ट्रैंडर ने 9:24.70 के समय के साथ प्रतियोगिता जीती, जबकि केन्या की पामेला कोस्गेई ने 9:28.88 के समय के साथ दूसरे स्थान पर जगह बनाई। इस स्पर्धा में भारत की प्रीति लांबा 10:12.88 का समय लेकर 20वें स्थान पर रहीं। भारत के कार्तिक कुमार पुरुषों की 10 हजार मीटर में 28:14.67 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे, जबकि अभिषेक पाल ने 29¬41.74 के समय के साथ 26वें स्थान पर जगह बनाई। संजीवनी जाधव भी सोमवार को महिलाओं की पांच हजार मीटर हाई परफॉर्मेंस स्पर्धा में हिस्सा लेंगी, जबकि अभिषेक पाल पुरुषों की दौड़ के लिए एंट्री लिस्ट में हैं। राहुल और शशि सिंह पुरुषों की 1500 मीटर में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत की अंकिता और गुलवीर सिंह क्रमश: महिलाओं और पुरुषों की 5000 मीटर हॉट विंडो रेस में हिस्सा लेंगे, जबकि केएम दीक्षा महिलाओं की 1500 मीटर स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार से बढ़ीं इंग्लिश टीम की मुश्किलें



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), 9 जून (एजेंसियां)।** सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और एडम जम्पा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टी20 विश्व कप 2024 के अहम मुक़ाबले में ऑस्ट्रेलिया ने वर्तमान चैंपियन इंग्लैंड को 36 रनों से पटखनी दे दी। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवरों में 201/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गई। इंग्लैंड इस स्कोर के जवाब में निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 165 रन ही बना पाई। ऑस्ट्रेलिया के 201 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने आक्रामक शुरुआत की।

**■ ऑस्ट्रेलिया के 201 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने आक्रामक शुरुआत की**

जोस बटलर और फ़िल सॉल्ट ने इंग्लैंड को आक्रामक शुरुआत दिलाई, लेकिन एडम ज़म्पा ने मोर्चा संभालते ही इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। ज़म्पा ने इंग्लैंड के दोनों सेट ओपनरों सॉल्ट और बटलर के रूप में इंग्लैंड को जो झटके दिए उससे इंग्लैंड उबर ही नहीं पाया। ज़म्पा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया अंक तालिका में ग्रुप बी की नंबर एक टीम बन गई है। वहीं इंग्लैंड को टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत का इंतज़ार है। ग्रुप बी में स्कॉटलैंड और नामीबिया जैसी टीमें भी इंग्लैंड से ऊपर हैं। इंग्लैंड के लिए यहां से मुश्किलें बढ़ गई हैं। उसे ग्रुप स्टेज के बचे अपने दोनों मैच जीतने होंगे, इसके साथ ही उसे अपने नेट रन रेट पर भी ध्यान देना होगा। यहां से एक गलती इंग्लैंड टूर्नामेंट में के सफर को संकट में डाल सकती है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम विश्व चैंपियन जर्मनी से 3-2 से हारी

**लंदन, 9 जून (एजेंसियां)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 टूर्नामेंट में जर्मनी के खिलाफ 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।

लंदन के ली वैली हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में जर्मनी ने शानदार शुरुआत करते हुए लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर अपने नाम किए। पहला मौका गवांने के बाद जर्मनी के गोंजालो पिलेट ने दूसरे मिनट में ही अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। इसके बाद 10वें मिनट में क्रिस्टोफर रूर ने मैदानी गोल दागते हुए बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले क्वार्टर में जर्मनी ने दो गोल दागे, वही भारतीय टीम गोल करने में विफल रही। जर्मनी ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बरकरार रखा। भारतीय टीम मैच में वापसी की और 19वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने ड्रैग फ्लिक की मदद से



**■ पहले क्वार्टर में जर्मनी ने दो गोल दागे, वही भारतीय टीम गोल करने में विफल रही**

पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। इसके बाद भारत ने मैच में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। लेकिन टीम स्कोर बराबर नहीं कर सकी। पहले हाफ की समाप्ति पर जर्मनी ने 2-1 से बढ़त को बरकरार रखा। तीसरे क्वार्टर में जर्मनी ने भारत पर अपना दबदबा कायम रखते हुए 33वें मिनट में गोंज़ालो ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागा। चौथे क्वार्टर में स्कोर बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरी भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाया और भारत के लिए सुखजीत सिंह ने 48वें मिनट में फील्ड गोल करके स्कोर 3-2 कर दिया। आखिर समय में गोल भारतीय टीम गोल नहीं कर सकी और जर्मनी ने मुकाबला 3-2 से जीत लिया। भारतीय टीम के लिए हरमनप्रीत सिंह (19वें मिनट) और सुखजीत सिंह (48वें मिनट में) ने गोल किये, जबकि जर्मनी के लिए गोंज़ालो पिलेट (दूसरे और 33वें मिनट में) और क्रिस्टोफर रूर (10वें मिनट में) ने गोल दागे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपना आखिरी मुकाबला रविवार को ब्रिटेन के साथ खेलेगी।

## फ्रंटियर और द ड्रीम टीम की आकर्षक जीत

**नई दिल्ली, 9 जून (एजेंसियां)।** गौरव नेगी के



**■ डेविड मोतला और अमन दत्त सेमवाल ने एक-एक गोल बांटे**

मध्यांतर से ठीक पहले किये गये गोल और 70 वें मिनट में हर्ष भारद्वाज के गोल की मदद से द ड्रीम टीम ने शक्ति एफसी को एक के मुकाबले दो गोलों से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग में तीन महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एक अन्य मैच में फ्रंटियर एफसी ने रॉयल एफसी को 6-1 से पीट कर तीसरी जीत दर्ज की। विजेता के लिए जहान शापूरजी और आनंद कुमार ने दो दो गोल जमाए। डेविड मोतला और अमन दत्त सेमवाल ने एक एक गोल बांटे। पराजित रॉयल का गोल प्रोमिसेंग गंगते ने किया। ड्रीम टीम की आक्रामक पंक्ति में प्लेयर ऑफ द मैच गौरव नेगी के साथ हर्ष भारद्वाज, अनमोल अधिकारी और रुद्रांश ने कई अच्छे मौके बनाए और गंवाए। शक्ति के गोलकीपर तुषार ने कुछ अच्छे बचाव किए वरना गोल अंतर बड़ा हो सकता था। शक्ति टीम की ओर एकमात्र गोल थांगपु ने किया। फ्रंटियर ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और अधिकांश समय विपक्षी गोल को घेरे रखा। हालांकि पहले गोल के लिए 33 मिनट इंतजार करना पड़ा। शापूरजी के रंगत में आने के बाद गोल बढ़ते चले गए। लेकिन विजेता टीम मौकों का पूरा लाभ नहीं उठा पाई।आज की जीत से फ्रंटियर ने पांच मैचों में नौ अंक बना लिए हैं, जबकि रॉयल और विक्ट्री पीछे चल रहे हैं। फ्रंटियर ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और अधिकांश समय विपक्षी गोल को घेरे रखा। हालांकि पहले गोल के लिए 33 मिनट इंतजार करना पड़ा।

# स्ट्रासबर्ग एथलेटिक्स मीट की भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी ने जीता रजत पदक

**स्ट्रासबर्ग, 9 जून (एजेंसियां)।** भारत की अन्नू रानी ने स्टेड डी हाउतेपिएरे में नेशनल डी स्ट्रासबर्ग 2024 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता। फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में एथलेटिक्स सत्र 2024 की अपनी चौथी प्रतियोगिता में अन्नू रानी ने अपने अंतिम प्रयास में 57.48 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास दर्ज कर तीसरे पायदान पर रही। फ्रांस की एलिज़ी मिनार्ड ने 57.77 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हमवतन जेड मरावल ने 52.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई भाला फेंक चैंपियन का इस सत्र में यूरोप में यह तीसरा मौका था जब अन्नू ने दूसरा स्थान हासिल किया। 31 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पिछले महीने जर्मनी में ऑफेनबर्ग में हाइलो जेवलिन मीटिंग में 60.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ अपने 2024 सत्र की शुरुआत की थी। उस प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रही थीं। इसके बाद उन्होंने वेट कंडीशंस का सामना करते हुए रेहलिंगन में 56.07 मीटर का थ्रो करके दूसरा स्थान हासिल किया था। अन्नू ने जर्मनी के हाले में हालेशे वेरफर्टेज 2024 एथलेटिक्स मीट में रजत पदक जीतने के लिए 59.09 मीटर का थ्रो किया था। स्ट्रासबर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली फ्रांसीसी एथलीट मिनार्ड जर्मनी में उस प्रतियोगिता में अन्नू के बाद तीसरे स्थान पर रही थीं। अन्नू रानी पिछले वर्ष के अंत से जर्मनी में विदेशी एथलेटिक्स कोच वर्नर डेनियल की निगरानी में प्रशिक्षण ले रही हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो 63.82 मीटर है। पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालिफिकेशन मार्क 64 मीटर निर्धारित है, जिसे अन्नू अभी तक हासिल नहीं कर पाई हैं। उल्लेखनीय है कि 30 जून को क्वालिफिकेशन विंडो समाप्त होने तक शीर्ष 32 एथलीट ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित कर करेंगे।

**■ अन्नू रानी पिछले वर्ष के अंत से जर्मनी में विदेशी एथलेटिक्स कोच वर्नर डेनियल की निगरानी में ले रही है प्रशिक्षण**



## सार संक्षेप

### स्थानीय खेलों को प्रोत्साहन देगा शिक्षा विभाग : ठाकुर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि खेल-कूद हमारे जीवन में शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। शिक्षा में गुणवत्ता के साथ-साथ स्थानीय खेलों को भी प्रोत्साहन मिलें इस दिशा में शिक्षा विभाग अहम कदम उठा रहा है।

यह बात श्री ठाकुर ने कठासु में स्व पूर्ण चंद सिथटा मेमोरियल बॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यतिथि लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्व0 पूर्ण चंद सिथटा बॉलीबाल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे। उनके समय में बॉलीवाल खेल तत्कालीन जिला महासू की एक विशेष पहचान थी। उन्होंने कहा कि स्व पूर्ण चंद सिथटा के जीवन से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि तीन करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दी गई है। इसी प्रकार, रजत पदक विजेताओं को अब दो करोड़ रुपये के स्थान पर तीन करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को एक करोड़ रुपये के स्थान पर दो करोड़ रुपये दिए जाएंगे। श्री ठाकुर ने कहा वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा इस क्षेत्र में 23 करोड़ रुपय से अधिक राशि के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खोड्नी नाला से बरथाटा, कठासु, बटाड, बरजाई, सताई, बढाल के लिए दो करोड़ 94 लाख की लागत से बनने वाली पेयजल योजना का कार्य अंतिम चरण में हैं और योजना इस वर्ष के अंत में जनता को समर्पित कर दी जाएगी।

### प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी में की वृद्धिः सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि देवभूमि और वीरभूमि हिमाचल प्रदेश को खेल भूमि बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश के कोने-कोने से खेल प्रतिभाओं की खोज कर उनकी प्रतिभा को निखारा जा रहा है। श्री सुक्खू ने यहां कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। सरकार ने विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करने के साथ-साथ खिलाड़ियों को मिलने वाले डाइट मनी और यात्रा प्रावधानों में वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए डाइट मनी को 240 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये, जिला स्तरीय खेल आयोजनों के लिए 300 रुपये और खंड स्तरीय आयोजनों के लिए 240 रुपये किया गया है। प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाली खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाइट मनी को 500 रुपये किया गया है। इसके अतिरिक्त खेल छात्रावास में रहने वाले खिलाड़ियों को प्रारंभिक शिक्षा स्तर तक 250 रुपये तथा अन्यों को 400 रुपये की डाइट मनी का प्रावधान किया गया है।